निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1910 :** अनिवार्य और मुफ्त प्राथमिक शिक्षा प्रावधान के लिए गोपाल कृष्ण गोखले ने ब्रिटिश विधान परिषद के सामने अपना प्रस्ताव रखा था।

**1922 :** ब्रितानी अदालत ने सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद राजद्रोह मामले में महात्मा गांधी को छह साल की सजा सुनाई थी।

**1938 :** हिन्दी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक शशि कपूर का जन्म।

**2000 :** उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया।

• 18 मार्च 2025 मंगलवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 293 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# भारतीय रेल की वित्तीय स्थिति मजबूत, यात्रियों को मिल रही अधिक सुविधाएं : अश्विनी वैष्णव

## रेल मंत्री ने राज्यसभा में रेलवे की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को किया प्रस्तुत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल वित्तीय रूप से सशक्त हो रही है और यात्रियों को पहले से अधिक सब्सिडी दी जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान रेलवे की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल यात्रियों को किफायती दरों पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के साथ ही वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि वर्तमान में ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत 1.38 रू. आती है, जबकि यात्रियों से केवल 73 पैसे लिए जाते हैं, जिससे प्रत्येक यात्री किराए पर 47% की सब्सिडी दी जा रही है। वर्ष 2022-23 में रेलवे ने यात्रियों को 57,000 रू. करोड़ की सब्सिडी दी, जो 2023-24 में बढ़कर लगभग 60,000 करोड़ रू. हो गई।

### रेलवे का वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन

मंत्री ने जानकारी दी कि भारत में इस साल 1,400 लोकोमोटिव का निर्माण हुआ, जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से अधिक है। साथ ही, 2 लाख नए वैगनों को रेल नेटवर्क में जोड़ा गया है। भारतीय रेल इस वित्त वर्ष के अंत तक 1.6 बिलियन टन कार्गो ढोकर दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल हो जाएगा। इस सूची में चीन, अमेरिका और भारत होंगे। भारतीय रेल ने 'स्कोप 1 नेट जीरो' 2025 तक और 'स्कोप 2 नेट जीरो' 2030 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। रेल मंत्री ने बताया कि मढौरा कारखाने में बने लोकोमोटिव का निर्यात जल्द शुरू होगा। भारत से मोजाम्बिक, बांग्लादेश, श्रीलंका, सेनेगल और म्यांमार को पैसेंजर कोच और लोकोमोटिव निर्यात किए जा रहे हैं। फ्रांस, मैक्सिको, जर्मनी, स्पेन, रोमानिया और इटली को रेल प्रणालियों के प्रपल्शन पार्ट्स निर्यात किए जा रहे हैं।



### रेलवे सुरक्षा और आधारभूत संरचना में सुधार

रेल मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे को पहले की तुलना में अधिक समर्थन मिल रहा है। पहले रेलवे को 25,000 करोड़ रू. का बजट समर्थन मिलता था, जो अब बढ़कर 2.5 लाख करोड़ रू. से अधिक हो गया है। इस राशि से रेलवे का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है। रेलवे में 50 नई 'नमो भारत' ट्रेनों का निर्माण हो रहा है, जिनमें एसी और नॉन-एसी विकल्प उपलब्ध होंगे। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि 41,000 एलएचबी कोच बनाए गए हैं और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सभी आईसीएफ कोच को एलएचबी कोच में बदला जाएगा। लंबी रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस और 'कवच' प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर सरकार का कदम

हाल ही में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे पर बोलते हुए रेल मंत्री ने कहा कि इसकी जांच हाई-लेवल कमेटी कर रही है। लगभग 300 लोगों से बातचीत कर जांच की जा रही है। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए 10 महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि रेलवे गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कारण जनरल कोचों की संख्या एसी कोचों की तुलना में ढाई गुना अधिक बढ़ाई जा रही है। 17,000 नॉन-एसी कोचों के निर्माण की योजना बनाई गई है। वर्तमान में रेलवे का कुल राजस्व करीब 2.78 लाख करोड़ रू. है, जबकि कुल खर्च 2.75 लाख करोड़ रू. है। रेलवे अपने सभी बड़े खर्चे स्वयं की आय से पूरा कर रहा है, जो इसके बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है।

# पुआल में खेल रहे चार बच्चे जिंदा जले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड में चार बच्चे जिंदा जल गये हैं। ये बच्चे पुआल में खेल रहे थे। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के गीतिलिपि गांव में पुआल से घर में आग लग गयी, जिसकी चपेट में आने से भाई-बहन समेत चार बच्चे जिंदा जल गये। सभी बच्चे पुआल में ही खेल रहे थे। घटना सोमवार 17 मार्च को सुबह 10 बजे के करीब हुई। पुलिस मौके पर पहुंची गयी है। बुरी तरह जल चुके सभी बच्चों के शवों को निकालने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जिंदा जले सभी बच्चे अबोध हैं। उनकी उम्र 2 से 5 साल के बीच है। मृतकों में 3 लड़के और एक लड़की है। बच्चों की पहचान अर्जुन चातर के बेटे प्रिंस चातर (5), चंद्रमोहन सिंकू के पुत्र साहिल सिंकू, (5), सुखराम सुंडी की बेटी भूमिका सुंडी (5) और बेटे रोहित सुंडी (2) के रूप में हुई है। ये सभी बच्चे खलिहान में खेल रहे थे। इसी दौरान आग लगी और सभी अबोध बच्चे जिंदा जल गये। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार, अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा एवं एएसआई अजय सिंह मौके पर पहुंचे। एक साथ 4 मासूमों की मौत की घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है। जिस गांव में घटना हुई है, वह ओडिशा की सीमा से सटा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक गांव में लगे पुआल के ढेर पर बच्चे खेल रहे थे। तभी पुआल में आग लग गयी और सभी इसकी चपेट में आ गये। पुलिस ने कहा है कि घटना के वक्त वहां कोई ऐसा व्यक्ति मौजूद नहीं था, जो इन मासूमों को बचा लेता। कहा कि पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि पुआल में आग कैसे लगी और बच्चे जब उसकी चपेट में आये, तो उनकी मदद करने के लिए कोई क्यों नहीं आया।



घटनास्थल पर जुटी लोगों की भीड़

## पुलिस जवान को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**देवघर (नबिटा ब्यूरो)।** देवघर जिले के करौं थाना क्षेत्र के नगादरी गांव में संदिग्ध साइबर अपराधियों को पकड़ने पहुंचे करौं थाना प्रभारी और एक जवान को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। करीब चार घंटे तक थाना प्रभारी विपिन कुमार और जवान ग्रामीणों के कब्जे में रहे। वरीय पुलिस पदाधिकारियों को सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस गांव पहुंची। पहले दोनों संदिग्धों को छोड़ा गया। इसके बाद ग्रामीणों ने उन्हें मुक्त किया। देवघर के साइबर थाना की पुलिस टीम करौं पुलिस के सहयोग से नगादरी में छापेमारी कर रही थी। अलग-अलग बाइक से सादे लिबास में पहुंची पुलिस ने हाफिज अंसारी और उसके भाई को हिरासत में लेकर कुछ दूर खड़े पुलिस वाहन में बैठा दिया। दोनों युवकों को पकड़ने के बाद तीसरे युवक को पकड़ने के दौरान ग्रामीणों और महिलाओं से कुछ विवाद हो गया। दोनों ओर से धक्का-मुक्की होने लगी। इसी क्रम में इदरिश मौलाना उर्फ भुखू अंसारी की बीमार पत्नी को किसी से धक्का लग गया और वह गिरकर बेहोश हो गयी। इसके बाद दर्जनों ग्रामीण आक्रोशित हो गए और पुलिस से उलझ पड़े।

# भाजपा नेताओं पर दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का आदेश

## झारखंड हाइकोर्ट ने सुनाया फैसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, सांसद बीडी राम, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, नारायण दास और अमित मंडल समेत अन्य भाजपा नेताओं को बड़ी राहत मिली है। इनके खिलाफ मुख्यमंत्री आवास घेराव के आरोप में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का आदेश जारी किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को भाजपा के 18 नेताओं को बड़ी राहत दी है। वर्ष 2024 में भाजपा नेताओं के खिलाफ लालपुर थाने में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। कांड संख्या (203/2024) दर्ज की गयी थी। इसके खिलाफ भाजपा नेताओं ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद लालपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने का आदेश दिया गया। मोरहाबादी में भाजपा नेताओं के साथ पुलिस की झड़प हुई थी। इसके बाद लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। आरोपितों के खिलाफ उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकारी निर्देशों का उल्लंघन, सरकारी काम में बाधा डालने समेत अन्य धाराएं लगायी गयी थीं। सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी ने बहस की। सुनवाई के बाद अदालत ने प्राथमिकी रद्द करने का आदेश दिया।




## शराब माफिया के समर्थन में थाना पर हमला

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर में शराब माफिया के समर्थन में ग्रामीणों ने जजुआर थाना पर हमला कर दिया, जिसका वीडियो सामने आया है। पुलिस ने सामने आए वीडियो के आधार 40 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपितों को चिह्नित कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी की कोशिश में जुटी है और लगातार छापेमारी कर रही है। वायरल वीडियो 14 मार्च यानी शुक्रवार का है। बताया जा रहा है कि जजुआर में शराब धंधेबाजों के घर पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर गांव के लोगों ने हमला कर दिया।

# हरियाणा में महिलाओं को प्रति माह मिलेंगे 2100 रू.

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी की अगुआई वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए देने का ऐलान कर दिया है। मुख्यमंत्री सैनी ने सोमवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए सदन में इसकी घोषणा की। इसके लिए 5 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। सैनी सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए बजट में महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह देने का ऐलान करने जा रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ ही इस पर मुहर लग गई। हरियाणा सरकार ने इस योजना को लाडो लक्ष्मी योजना नाम दिया है। सीएम सैनी ने बजट पेश करते हुए जब महिलाओं के लिए यह घोषणा की तो सदन में खूब तालियां बजीं। सरकार में शामिल दोनों महिला मंत्रियों श्रुति चौधरी और आरती राव ने मेज थपथपाकर इस घोषणा का स्वागत किया। सीएम के इस ऐलान के बाद सदन में थोड़ी देर के लिए हंसी-मजाक का माहौल बन गया। सीएम ने कहा कि हरियाणा में महिलाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। इसके बाद सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों ने ठहाके लगाए। सीएम नायब सैनी ने जैसे ही महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपए देने का ऐलान किया, विपक्ष में बैठे पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपनी सीट से खड़े हो गए। उन्होंने पूछा कि इसका क्राइटेरिया क्या है? सीएम नायब सैनी ने सदन को बताया कि इसके लिए क्राइटेरिया बनाया जा रहा है। पात्र लोगों का चयन करने के लिए अधिकारियों से कहा गया है।

# जमशेदपुर के टाटा स्टील जू में पहुंचा नया मेहमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील द्वारा संचालित टाटा स्टील जुलोजिकल पार्क में दो नए मेहमान नागपुर से जमशेदपुर पहुंचे हैं। टाटा जू प्रबंधन ने बताया कि नागपुर से बाघ बाघिन का जोड़ा जमशेदपुर जू के लिए मंगाया गया है। भारतीय जू अथॉरिटी से इजाजत मिलने के बाद नागपुर जू से बाघ जमशेदपुर चिड़ियाघर लाया गया है। जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित टाटा स्टील द्वारा संचालित टाटा स्टील जुलोजिकल पार्क में नागपुर से दो नए मेहमान को कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया है। ये दो नए मेहमान रॉयल बंगाल टाइगर हैं। जिनमें एक नर दूसरा मादा है। बता दें कि टाटा जुलोजिकल पार्क गैर सरकारी चिड़ियाघर है। यहां कई तरह के अलग-अलग प्रजाति के पशुओं को रखा गया है। जिनकी देखभाल टाटा जू प्रबंधन द्वारा की जाती है। पशुओं के डॉक्टर भी जू में मौजूद हैं। वर्तमान में टाटा जुलोजिकल पार्क में दो मादा बाघिन हैं। बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए टाटा जू प्रबंधन ने नागपुर के गोड़ेवाड़ा जू प्रबंधन से बाघ देने की अपील की थी। इधर केंद्रीय जू अथॉरिटी से मंजूरी मिलने के बाद दो बाघ का जोड़ा जमशेदपुर जू को मिला है। इसके बदले टाटा जू ने नागपुर जू को अफ्रीकन ग्रे तोता का एक जोड़ा भेजा है। टाटा जू में नागपुर जू से एनिमल एक्सचेंज ऑफर के तहत दो बंगाल टाइगर को टाटा जू लाया गया है। नागपुर से आने के बाद दोनों रॉयल टाइगर बाघ बघिन को जू के कोरेंटाइन सेंटर में रखा गया है। टाटा जुलोजिकल पार्क के डायरेक्टर नईम अख्तर ने बताया कि इससे पहले भी एक लेपर्ड यहां लाया गया था। अब एक नर और एक मादा बंगाल टाइगर लाया गया है।



# कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**टुण्डी (धनबाद)।** टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामयी उपस्थिति में सोमवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड के जनता जनार्दन के नाम कई योजनाओं से सुशोभित किया गया। सर्वप्रथम मील का पत्थर साबित होने वाले फतेहपुर पगला मोड़ साहेबगंज पथ से हलकटा श्मशान घाट तक पथ निर्माण कार्य जो डी एम एफ टी फंड से होना सुनिश्चित है और जिसकी कुल लंबाई 1300 मीटर तथा मैरानवाटांड एवं चुरूरिया गांव में बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से 100 मेट्रिक टन गोदाम जिसका प्राक्कलित राशि 27 लाख 55 हज़ार 500 की लागत से भवन निर्माण कार्य का विधिवत फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो, तपन मंडल, दिनेश रजक, गिरिलाल किस्कू, ऐनुल अंसारी, शत्रुघ्न मंडल, अजीत मिश्रा, वशीर अंसारी, बसंत महतो, जितेन दास, नरेश मुर्मू, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेदप्रकाश यादव, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मुख्यालय घनश्याम मंडल, ओमप्रकाश दास, पैक्स अध्यक्ष रॉबिन दे, नासिर मियां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधि- व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : नीतीश कुमार

## पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सीएम ने दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक के साथ विधि-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री को पुलिस महानिदेशक ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ लगातार काम कर रही है। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि विधि- व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि अपराध करने वाले कोई भी हों, उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाय। अपराध के कारणों की पूरी तहकीकात कर दोषी की पहचान करें और बिना किसी भेदभाव के उन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि आपराधिक घटनाओं के पीछे किसी प्रकार की साजिश है तो उसकी भी जांच की जाय और जांचोपरांत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने अपराध अनुसंधान के कार्यों में तेजी लाने और इसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस और पशासन मुस्तैदी से कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मी हथियारों का करें इस्तेमाल : एडीजी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अपराध के मामलों पर सियासी दंगल शुरू हो गया है। होली के दौरान हत्या और पुलिस पर हुए जानलेवा हमलों का मामला विधानसभा में भी गरमाया रहा। इधर, एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) ने होली पर हुई अपराध की घटनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस पर हमले के 10 मामले सामने आए हैं। वहीं अररिया और मुंगेर में कार्रवाई करने गए एएसआइ की मौत होने की भी जानकारी दी। उन्होंने हथियार के इस्तेमाल करने का निर्देश भी जवानों को दिया है।

## चोर की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना सिटी में चोरी की नीयत से एक घर में घुसे चोर को लोगों ने पकड़ लिया। रस्सी से हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना आलमगंज थाना क्षेत्र के तुलसी मंडी इलाके की है। जानकारी के मुताबिक, चोर घर में रात 2 से 3 बजे के बीच घुसा था। इस बीच घरवालों की नींद खुल गई और उसे पकड़ लिया। घर के सदस्यों ने सबसे पहले उसके हाथ-पैर को रस्सी से बांधा, फिर कपड़े उतार कर उसे मरने तक पीटते रहे। मौत के बाद शव को बीच सड़क पर फेंक दिया। जिस जगह शव मिला, वहां से ड्यूक डॉग सूंघते हुए मकान मालिक पंचम मेहता के घर पहुंची। घर के कोने में प्लास्टिक पर खून के निशान पड़े थे। जिसे ड्यूक डॉग ने खोज निकाला। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए मकान मालकिन मधु देवी को हिरासत में लिया है।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

### संक्षिप्त समाचार

## मोतीपुर में विवाहिता की हत्या कर शव को किया गायब

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के सेंदुआरी गांव में शनिवार को विवाहिता 30 वर्षीय अनिता देवी की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया। वह गांव निवासी विंदेश्वर राय की पत्नी थी। मामले में अनिता के पिता मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोरसंडी निवासी रमेश राय ने दामाद विंदेश्वर सहित दस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अनिता को चार बच्चे हैं। पिता ने बताया कि शादी के बाद से ही पति अनिता को परेशान और प्रताड़ित करता था। इसको लेकर कई बार स्थानीय स्तर पर पंचायती भी हुई थी। उन्होंने बताया कि शनिवार के सुबह 11 बजे के करीब उनकी दूसरी बेटी जिसका ससुराल भवानीडीह है। उसने फोन कर जानकारी दी कि अनिता को मारा पिटा जा रहा है। जब तक वे घर से अनिता के ससुराल पहुंचते तब तक ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए थे। घर में अनिता भी नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि विंदेश्वर ने अनिता की हसुआ से गला काटकर हत्या कर आनन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया है। थानाध्यक्ष राजन कुमार पांडे ने बताया कि मामले में पति सहित दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मंदिर के लिए चंदा वसूलने जा रहे लोगों पर पथराव

● दो पक्षों के बीच झड़प में कई लोग घायल



**सिवान, एजेंसी।** बिहार के सिवान में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई. इस दौरान दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने लगे. यह घटना उस समय हुई जब कुछ लोग मंदिर निर्माण के लिए चंदा मांगने निकले थे. विवाद के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मामला बड़हरिया थाना क्षेत्र का है.सिवान में झड़पः मारपीट की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 एवं बड़हरिया थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा बल के साथ इज़माली गांव पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया. मारपीट में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है. घटनास्थल पर भारी पुलिस बल वहा मौजूद है. चंदा मांगने को लेकर मारपीटः घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोपालगंज जिले के बदरजिमी गांव में एक मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है. उसके प्रचार प्रसार एवं चंदा वसूलने के लिए कुछ लोग निकले थे, जो वसूलते-वसूलते बड़हरिया थाना क्षेत्र के इजमाली गांव के रास्ते मस्जिद के पास से जा रहे थे, तभी दो पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हो गया है.

## फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल करने वाले 3 युवक गिरफ्तार

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली में भोजपुरी गाने पर फायरिंग कर वीडियो वायरल करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। राजापाकड़ थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस के पास का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। गिरफ्तार युवकों में चंदन कुमार, आयुष राज उर्फ बुलेट और यश राजकुमार उर्फ रावण शामिल हैं। वीडियो में तीनों एक बाइक पर सवार होकर देसी कट्टे से हर्ष फायरिंग करते दिख रहे थे। पुलिस ने पश्चिमी टोला में यशराज के घर पर छापेमारी की। पूछताछ में यशराज ने अपने दोस्तों चंदन और आयुष का नाम बताया। चंदन के घर की तलाशी में छज्जे पर रखी पुरानी पेटी से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और पांच तलवारें बरामद हुई। थानाध्यक्ष वीणा कुमारी ने बताया कि अवैध हथियार रखना और उनके साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना संज्ञेय अपराध है। आयुष की गिरफ्तारी बिदुपुर थाना क्षेत्र के दाउदनगर से की गई, जहां वह अपने नाना किशुन सिंह के यहां छिपा हुआ था।

### हेल्थ सेंटरों पर बच्चों का इलाज अब डिजीज स्पॉट सिस्टम से होगा

# बंदरा, गायघाट समेत 5 प्रखंडों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर अब बच्चों के इलाज में डिजिटल तकनीक का उपयोग होगा। %डिजीज स्पॉट सिस्टम% एप की मदद से इलाज की प्रक्रिया को तेज, सरल और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। यह नई प्रणाली पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले के पांच प्रखंडों बंदरा, गायघाट, कांटी, सरैया और एक अन्य स्थान पर लागू की गई है। चयनित प्रखंडों के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। नॉर्वे इंटरनेशनल पार्टनरशिप इनिशिएटिव (निप्पी) के सहयोग से कार्यशाला आयोजित कर एप के उपयोग, विशेषताओं और लाभों की जानकारी दी गई।

सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार ने बताया कि यह एप बीमारी की पहचान में मदद करेगा। सही ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल भी उपलब्ध कराएगा। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी मिलेगी कि मरीज को कौन-सी दवा देनी है और प्रारंभिक उपचार क्या होना चाहिए। यदि मरीज की स्थिति गंभीर होती है, तब उसे कब और कहां रेफर करना है, इसकी गाइडलाइन भी एप में उपलब्ध होगी। यह प्रणाली स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाएगी। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़े 13 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रभारियों को इस डिजिटल सिस्टम के उपयोग का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि एप का सही ढंग से उपयोग कर बच्चों की बीमारियों की पहचान कैसे की जा सकती है और समय पर आवश्यक उपचार कैसे दिया जा सकता है। इलाज के बाद मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से फीडबैक भी लिया जाएगा, जिससे इसकी प्रभावशीलता को आंका जा सके।

### सफलता के बाद पूरे राज्य में लागू होगी योजना

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रभारी नियमित रूप से इस नई प्रणाली की रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजेंगे। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो इसे पूरे जिले और फिर राज्य स्तर पर लागू किया जाएगा। इस तकनीकी नवाचार से बच्चों के इलाज की प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और प्रभावी होगी। कम संसाधनों में भी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।


### डिजिटल हेल्थ मिशन को मिलेगी मजबूती

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यह नई प्रणाली सरकार की डिजिटल हेल्थ मिशन योजना को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर डिजिटल तकनीक के उपयोग से ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों की बीमारियों की समय पर पहचान कर सही इलाज करना है, जिससे गंभीर बीमारियों की आशंका कम हो सके। यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो राज्यभर में लाखों बच्चों को इसका लाभ मिलेगा।

## गोपालगंज में तेज बारिश के साथ गिरे ओले

### बांका और रक्सौल में भी बूंदाबांदी, पूर्वी-पश्चिमी चंपारण समेत 13 जिलों में आकाशीय बिजली का अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी की वजह से बिहार में भी मौसम बदला है। सोमवार सुबह गोपालगंज में सुबह-सुबह तेज बारिश हुई है। यहां बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। पटना में भी सुबह से बादल छाए हुए हैं। इसके साथ बांका और रक्सौल में भी बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग ने पूर्वी-पश्चिमी चंपारण और सीवान में आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। मुजफ्फरपुर में भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मोतिहारी में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। बेतिया में सुबह 9 बजे के करीब हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम सुहाना बना हुआ है। आसमान में काले बादल छाए हैं।




मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। मौसम में बदलाव से जहां लोग राहत महसूस कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ किसानों की परेशानी बढ़ गई है। अगर ओले गिरते हैं तो उनकी फसल को भारी नुकसान होगा। मक्के की पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। आम और लीची की मंजरियों पर भी इसका असर पड़ेगा।

### आकाशीय बिजली से सबसे ज्यादा बाहर निकले लोगों को खतरा

आकाशीय बिजली की चपेट में आने का सबसे ज्यादा खतरा खेतों में काम करने वाले, पेड़ों के नीचे पनाह लेने वाले, खुले में घूमने वाले या तालाब में नहाने वाले लोगों को रहता है। ऐसे में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों को सतर्क और सावधानी बरतने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। इनका पालन करके आकाशीय बिजली की घटनाओं से बचा जा सकता है।

## बिहार की खुशबू का पूरा होगा सपना; शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की पहल के बाद अब पढ़ेगी बायोलॉजी





**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने पटना जिले के दानापुर की रहने वाली छात्रा खुशबू कुमारी की विज्ञान संकाय में पढ़ाई में आ रही बाधा दूर करने की पहल की है। उन्होंने पटना के जिलाधिकारी को खुशबू का नामांकन वर्तमान सत्र में ही विज्ञान संकाय में कराने का निर्देश दिया है। केंद्रीय मंत्री ने रविवार को खुद खुशबू से फोन पर बात की और मदद का भरोसा दिया। उच्च माध्यमिक विद्यालय, हेतनपुर (दानापुर) से दसवीं उत्तीर्ण उपेंद्र राय की पुत्री खुशबू कला संकाय में पढ़ रही है। उसकी हार्दिक इच्छा है कि वह विज्ञान संकाय में पढ़ाई कर डॉक्टर बने। इसके लिए छात्रा ने केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मदद की गुहार लगाई थी। दरअसल खुशबू के साथ घर में ही भेदभाव हो रहा था। वह अपने पसंद के विषय में पढ़ाई करना चाहती थी। परिवार का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वे मेडिकल की तैयारी नहीं करा सकते। खुशबू ने अपनी पीड़ा मीडिया में जाहिर की थी। विज्ञान संकाय में नामांकन से उसका डॉक्टर बनने का सपना साकार हो सकेगा। केंद्रीय मंत्री ने खुशबू से कहा कि मन लगा कर पढ़ो। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। बीच धर्मेंद्र प्रधान की पहल पर जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने खुशबू एवं उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि छात्रा का प्रवेश जीव विज्ञान विषय में कराया जाएगा।

डीएम ने खुशबू से कहा कि मजबूती से आगे बढ़ना है, कमजोर नहीं पड़ना है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से पढ़ाई के लिए सभी सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने दानापुर के एसडीएम और जिला शिक्षा पदाधिकारी को उचित पहल करने को कहा है।

## गया जंक्शन: होली के बाद स्टेशन पर लौटी चहल-पहल, बढ़ने लगी भीड़

**गया, एजेंसी।** होली का त्योहार समाप्त होते ही रविवार की शाम से रेल यात्रियों का आवागमन शुरू हो गया। होली को लेकर स्टेशन परिसर सहित प्लेटफार्मों पर सन्नाटा पसरा था। होली त्योहार मनाने के बाद रविवार से लोग अपने गंतव्य के लिए लौटने लगे हैं। ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। गया-नई दिल्ली महाबोधि, पुरुषोत्तम व मुंबई मेल सहित कई ट्रेनों में वेटिंग टिकट की लंबी कतार लगी हुई है। पूर्व से कंफर्म टिकट लिए यात्रियों को सफर में आराम है। लेकिन वेटिंग टिकट वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गया से नई दिल्ली, गया से मुंबई, गया से हावड़ा, गया से चेन्नई, गया से लुधियाना, गया से जम्मू तवी, गया से जोधपुर आदि स्थानों पर जाने वाली ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल है। करीब एक सप्ताह तक गया से होकर गुजरने वाली किसी भी लंबी दूरी की ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। हालांकि ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेनों का भी परिचालन शुरू किया गया है।

### गया से आनंद विहार व पटना-गया-विशाखापतनम के लिए चलीं स्पेशल ट्रेनें

ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा गया से आनंद विहार,गया से नई दिल्ली और गया के रास्ते पटना-विशाखापट्टनम के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। गया से खुलने वाली स्पेशल ट्रेनों में गाड़ी संख्या 02397 गया-आनंद विहार स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) 23 एवं 30 मार्च (रविवार) को गया से दोपहर 02:15 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 07:10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 03697 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल (सासाराम डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) 31 मार्च तक प्रत्येक रविवार को छोड़कर गया से दोपहर 02:15 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 07:10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 04063 गया-नई दिल्ली सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते) 18 मार्च को गया से सुबह 06:40 बजे खुलकर उसी दिन रात 11:35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 08538 पटना-विशाखपट्टणम स्पेशल (गया-कोडरमा-बोकारो रांची- सम्बलपुर के रास्ते) 17, 24 एवं 31 मार्च को पटना से रात 10:30 बजे खुलकर तीसरे दिन 03:50 बजे विशाखपट्टणम पहुंचेगी।

### सरपंच ने की पीड़ित को मुआवजा देने की मांग

## आग लगने से 12 परिवारों के घर जले:बगहा में फसल-कागजात समेत लाखों की संपत्ति राख



**बगहा, एजेंसी।** बगहा के खैरवा पंचायत के संत पट्टी गांव में अचानक लगी भीषण आग में 12 घर जलकर राख हो गए। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका ही नहीं मिला। घरों के साथ अनाज, कपड़े, फर्नीचर और नगदी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। अगलगी में हरिकेश राम, तीर्थ राम, मुनेसर राम, चंद्रदेव राम, गौतम राम, नरेश राम, नंदलाल कुशवाहा, गीता देवी, उमा देवी, किरण देवी, विनोद सिंह और शिवनाथ राम के घर पूरी तरह जल गए। परिवारों के पास सिर छुपाने तक की जगह नहीं बची। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने अग्निशमन दल को तुरंत मौके पर भेजा। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। हालांकि हवा तेज नहीं थी, नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

### पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग

घटनास्थल पर पहुंचे खैरवा पंचायत के सरपंच भोला बैठा ने बताया कि यह हादसा बेहद दर्दनाक है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को अविलंब मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने कहा कि पीड़ितों के लिए भोजन और अस्थायी आवास की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आगजनी का सनहा थाने में दर्ज किया जा रहा है। पीड़ित लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले धान की कटाई हुई थी। साथ ही, सरसों और अन्य फसलों की भी कटाई हुई थी। पूरे साल के खर्चे के लिए इसे घर में रखा गया था ,जो एक पल में ही जलकर खाक हो गया। इतना ही नहीं घर और जमीन के कागजात भी जल गए हैं।

### श्रीरामपुर हत्याकांड में हम प्रतिनिधिमंडल ने की परिजनों से मुलाकात

गया, एजेंसी। गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में अजीत मांझी की हत्या के बाद केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के निर्देश पर हम (हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा) पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी ने किया। उनके साथ दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिना मांझी, श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश मांझी और शेरघाटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी मौजूद रहे। ई. नंदलाल मांझी ने बताया कि उन्होंने गया के वरीय पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर मामले में त्वरित कार्रवाई और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि अपराधी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## भोजपुर में मछली कारोबारी की हत्या मामले में 4 गिरफ्तार



### आरोपी ने बताया- झगड़ा होने के बाद हुई मारपीट, शव को बोरे में बांधकर फेंका

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा बाल निवासी मछली कारोबारी की हत्या मामले में मृतक की पत्नी बबीता देवी ने नौ के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपी में सजीवन मुसहर, उसकी पत्नी मुन्नी देवी, लक्ष्मण मुसहर एवं बउधा मुसहरका नाम शामिल है। संजीवन मुसहर ने अपना जुर्म कबूलने के बाद उसने अपने सभी साथियों का नाम बताया। इस संदर्भ में पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा बाल मुसहर टोला निवासी संजीवन मुसहर ने पुलिस के समक्ष स्वीकारोक्ति बयान दिया गया है।

### पकड़े गए आरोपी ने बयान में बताया पूरा मामला

उसने बयान में कहा कि वह अपने गांव पर रहकर मजदूरी का काम करता है। 14 मार्च की रात्रि करीब 10 बजकर 45 मिनट पर मुसहर टोला के बगल के गांव देवचंदा के पवन उर्फ मुरली राय अपने बाइक से पीरो की तरफ आ रहा था। मैं और मेरे साथी मनु मुसहर, हरेराम मुसहर, भुअर मुसहर, लक्ष्मण मुसहर, रविंद्र मुसहर, दिनेश मुसहर, बउधा मुसहर और मेरी पत्नी मुन्नी देवी सभी ने मिलकर उनके बाइक को रोका और बोले की आज होली है। हमलोग के घर चलिए। जिसके बाद मुरली राय मेरे घर की ओर चले। वहां कुछ देर बाद मुरली राय से बातो-बात में बहस हो गया। मैं और मेरे उपरोक्त साथी उनके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान विरोध करने पर घर के पास पोल में उनका हाथ-पैर बांधकर बांध दिया। घटना के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसके बाद हम लोग करीब डेढ़ बजे रात में पकड़ाने के डर से डेड बॉडी को बोरा में बांधकर देवचंदा पुल के नीचे पानी वाले नहर में डूबा दिया। हमलोग आसपास जाकर छुप गए। 15 मार्च को मैं और मेरे साथी लक्ष्मण मांझी, बउध मुसहर और मेरी पत्नी मुन्नी देवी पकड़े गए। जिसके बाद बताया कि डेड बॉडी और बाइक हीरो होंडा पैशन प्रो देवचंदा पुल के नीचे नहर के पास है। तब पुलिस ने जाकर बॉडी और बाइक बरामद कर लिया।

### कुछ आरोपी अभी भी फरार

स्वीकारोक्ति बयान में पकड़े गए आरोपितों के अलावा मन्नू मुसहर, हरेराम मुसहर, भुअर मुसहर, रविन्द्र मुसहर एवं दिनेश मुसहर का नाम दिया है, जो फरार है। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के देवचंदा गांव निवासी स्व.महावीर राय का 45 वर्षीय पुत्र पवन कुमार राय उर्फ मुरली राय है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जुटे गणमान्य चिकित्सक

**भागलपुर, एजेंसी।** वैदिक जागृति मंच की ओर से रविवार को एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सरदारी चौधरी उच्च विद्यालय, सुल्तानगंज में किया गया। इस शिविर में विभिन्न स्थानों से कई गणमान्य चिकित्सक भाग लेकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच किए। शिविर को सफल बनाने में वैदिक जागृति मंच के सभी सम्मानित कार्यकर्ता लगे हुए थे। वैदिक जागृति मंच के अध्यक्ष दीपांकर प्रसाद उर्फ संजय ने बताया कि आयोजित शिविर में डॉ. एस.एस.राजहंस (फिजिशियन) सहित कई गणमान्य चिकित्सक ने भाग लेकर परिजनों का निशुल्क जांच करते हुए परामर्श दिया। शिविर का उद्घाटन विभिन्न स्थानों से आए चिकित्सक के साथ बीडीओ संजीव कुमार ने किया।

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 17-03-2025 21:54 Page 1



# दक्षिणा नहीं मिलने से नाराज पंडितों ने किया हंगामा, जाम

- महंथ के निवास स्थान को भी घेरा
- 25 करोड़ रुपए के खर्च का दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** दरभंगा के लगमा स्थित जगदीश नारायण ब्रह्मचर्य आश्रम में आयोजित लक्ष चंडी एवं अति महाविष्णु महायज्ञ के समापन के बाद शुक्रवार की रात एक बड़ा बवाल खड़ा हो गया। यज्ञ में शामिल हुए देशभर के 2100 पंडितों ने दक्षिणा नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए आश्रम परिसर में जमकर हंगामा किया। नाराज पंडितों ने दरभंगा-मनीगाछी मुख्य सड़क को जाम कर दिया और आश्रम के महंत बौआ सरकार के निवास स्थान को घेरकर जोरदार नारेबाजी की।

यह विवाद यज्ञ के समापन के कुछ ही घंटों बाद शुरू हुआ, जब रात करीब दो बजे पंडितों ने दक्षिणा न मिलने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कई पंडितों का कहना है कि आयोजन समिति और महंत बौआ सरकार ने उन्हें ठगा है, जबकि महंत का कहना है कि सभी पंडितों को दक्षिणा दी जा चुकी है और इस मामले की जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि इस यज्ञ को बिहार का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बताया गया था, जिसमें करीब 25 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान लगाया गया था। इस भव्य आयोजन में 11 मंजिला हवन कुंड बनाया गया था। देशभर से इंटरव्यू के माध्यम से चुने गए 2100 पंडितों ने एक मार्च से 16 मार्च तक यज्ञ में भाग लिया।

पंडितों का दावा है कि यज्ञ में सहभागिता के लिए आयोजन समिति से उनका विधिवत कागजी अनुबंध हुआ था, जिसमें प्रत्येक पंडित को न्यूनतम 15,000 मानदेय देने की बात लिखी गई थी। इसके अलावा यज्ञ के दौरान आचार-संहिता और नियमों को लेकर भी शर्तें तय की गई थीं। हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पंडित सड़क पर दौड़ते, नारेबाजी करते और हवन स्थल के बाहर प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं।

पंडितों ने यज्ञ स्थल से निकलकर मुख्य सड़क पर जाम लगाया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से आए पंडित अमित मिश्रा ने बेनीपुर अनुमंडल पदाधिकारी को फोन कर आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि आश्रम के महंत और उनके सहयोगी बिना भुगतान किए गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कम से कम आयोजन समिति की ओर से स्थिति स्पष्ट तो की जाए, ताकि पंडित यह जान सकें कि उन्हें पैसे मिलेंगे या नहीं।

इस पूरे विवाद पर महंत बौआ सरकार का कहना है कि यज्ञ में आए सभी पंडितों को दक्षिणा दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि वे खुद सुबह से वीडियो फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। अगर किसी पंडित को वाकई भुगतान नहीं हुआ है, तो उसकी भी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने यज्ञ आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से किया है। अब प्रशासन के साथ बातचीत के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा।

## अर्द्धनग्नावस्था में युवक का शव बरामद

**पटना।** राजधानी पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र स्थित तुलसी मंडी इलाके में सोमवार सुबह एक युवक का अर्धनग्न अवस्था में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव सड़क किनारे पड़ा मिला, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

मृत युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में प्रतीत होता है कि युवक की पिटाई के कारण मौत हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, युवक कथित रूप से चोरी करने के इरादे से किसी घर में घुसा था, जहां पकड़े जाने पर लोगों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और स्पेशल टीम को भी जांच में लगाया गया है। पुलिस युवक की पहचान के प्रयास में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के शव की शिनाख्त की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# अनुमण्डलीय अस्पतालों में नवजात के लिए होगी अलग यूनिट : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने घोषणा करने हुए कहा कि राज्य सरकार नवजात शिशुओं और माताओं की बेहतर देखभाल के लिए बिहार के 13 जिलों के 15 अनुमंडलीय अस्पतालों में मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट की शुरूआत करने जा रही है। इसका उद्देश्य नवजात मृत्यु दर में कमी लाना और नवजातों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करना है। मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट एक विशेष देखभाल केंद्र है, जहां उच्च जोखिम वाले शिशुओं को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन इकाइयों में बीमार नवजातों को उनकी माताओं के साथ रखने का प्रावधान है, जिसे जीरो सेपरेशन पद्धति कहा जाता है। इस पद्धति के जरिए माताओं और शिशुओं के बीच बेहतर जुड़ाव होता है, जिससे शिशु को निरंतर गर्माहट, देखभाल और स्तनपान का लाभ मिलता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक व्यापक रूप से लागू करना है, ताकि नवजात मृत्यु दर में कमी आ सके और शिशु को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल मिल सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पांडेय ने बताया कि इन मदर न्यूबोर्न केयर यूनिटों के संचालन के लिए सभी आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरण स्थापना, एचआर व्यवस्था और अन्य संसाधनों को सुचारू रूप से कार्यान्वित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सरकार ने 22 मार्च 2025 तक सभी व्यवस्थाओं के निरीक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इन इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित स्टाफ नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि नवजात शिशु देखभाल सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने इन इकाइयों के संचालन में सहयोग के लिए विभिन्न संस्थाओं को भी शामिल किया है, ताकि इस महत्वपूर्ण पहल को सही तरीके से लागू किया जा सके और राज्य के नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई है। इसके बाद तेल से भरी टैंकर छोड़ कर ड्राइवर फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि बायपास थाना क्षेत्र स्थित महादेव स्थान के पास तेल टैंकर ने बाइक सवार को कुचल दिया। इसके बाद बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि युवक अपनी बाइक पर तीन बोरा अनाज लेकर जा रहा था, तभी महादेव स्थान के पास यू टर्न लेने के दौरान पीछे से आ रहे तेल की टैंकर की चपेट में आने से दुर्घटना हुई है। इसके बाद मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई है। वहीं स्थानीय लोगों ने बायपास थाना और जीरो माइल ट्रैफिक थाना को सूचना दी। इसके बाद मौके पर बायपास थाना के पुलिस पहुंची और मृत शख्स को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। इस मामले में बायपास

## बाइक पर तीन बोरे अनाज लाद रखा था मृतक

थाना के जमादार विनोद कुमार ने बताया कि महादेव स्थान के पास यू टर्न लेते समय एक व्यक्ति की हादसे में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बाइक पर लदे दाल के बोरे टैंकर में फंस जाने से यह हादसा हुआ है।

फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जमादार विनोद कुमार का कहना है कि फिलहाल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान कर जल्द ही उसके परिवार को सूचना दे दी जाएगी। साथ ही साथ कहा कि जब्त टैंकर के नंबर के आधार पर पता किया जाएगा कि यह गाड़ी किसके नाम पर है। फिलहाल पुलिस ने टैंकर को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# शराब माफिया ने दिखायी दबंगई, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के जजुआर थाने पर शराब तस्करों और ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। हमले का वीडियो भी वायरल हुआ है। सैकड़ों की संख्या में जुटे हुए ग्रामीणों ने थाने के गेट पर पहुंच पत्थर फेंका और जमकर रोड़ेबाजी की।

घटना गोली पर्व के दिन की बताई जा रही है। जहां रेड करने गई पुलिस की कार्रवाई से नाराज शराब धंधेबाज और ग्रामीणों ने थाने पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

इस दौरान लाठी डंडे से लैस होकर शराब धंधेबाजों ने थाने पर पथराव कर दिया। घटना होली के दिन शुक्रवार की बताई जा रही है। जहां जजुआर थाना के द्वारा शराब धंधेबाजों के घर पर छापेमारी किया गया, जिससे नाराज होकर जजुआर पुलिस थाने पर हमला कर दिया गया है।

# 14 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध मौत, सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के पिलीच गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक 14 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की पहचान रामवृक्ष मांझी की पुत्री कविता कुमारी के रूप में की गई है। किशोरी का शव गांव के तालाब के पास अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

परिजनों के अनुसार, यह मामला हत्या का है और शक की सुई गांव के ही एक युवक पर जा रही है, जिससे किशोरी का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गले में काले निशान मिलने के बाद हत्या की आशंका और भी गहराती जा रही है। मृतका के पिता रामवृक्ष मांझी ने बताया कि उन्हें सुबह गांव के लोगों से जानकारी मिली कि उनकी बेटी तालाब के पास अचेत अवस्था में पड़ी हुई है। वे जब तक उसे अस्पताल ले जाते, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि गांव के एक युवक के साथ कविता का प्रेम संबंध था। पांच महीने पहले इस मामले में पंचायत भी हुई थी, लेकिन इसके बाद भी दोनों चोरी-छिपे मिलते रहते थे। परिजनों की मानें तो रविवार की रात कविता अचानक घर से गायब हो गई थी। आशंका है कि प्रेमी युवक ने उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया और किसी काले धागे या रस्सी से उसका गला



घोंटकर हत्या कर दी।

मामले में परवलपुर थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि घटना पूरी तरह संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जब परिजन शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी में थे, उसी दौरान चौकीदार की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फिर शव को बिहार शरीफ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शव के गले पर काले निशान मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गला दबाने की कोशिश हुई है। फिलहाल हत्या, आत्महत्या या ऑनर किलिंग तीनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया है ताकि मौके से सबूत जुटाए जा सकें और सच्चाई सामने लाई जा सके।

# विशेष छापेमारी अभियान में 51 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान 51 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

इसमें हत्या मामले में सात, डकैती में एक और शराब के केसों में 23 समेत अन्य मामलों के आरोपित शामिल है। अभियान के दौरान 27 लीटर देसी व 136 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई है।

इसके अलावा 16 वारंटों का निष्पादन किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के दौरान यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 80 हजार रुपये का जुमार्ना किया गया है।

वहां पुलिस अमन कुमार को हाजत में बंद कर रखा था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थानाध्यक्ष राजबल्लभ यादव ने अमन कुमार को छोड़ने के एवज में जीजा रौशन प्रताप सिंह से एक लाख रुपये की मांग की।

जब इसका विरोध किया तो गुस्से में आकर थानाध्यक्ष ने रौशन प्रताप सिंह को भी हाजत में बंद कर दिया और उनका मुंह, हाथ तथा पैर बांधकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। जब परिवार के अन्य सदस्य वहां पहुंचे और दोनों को छोड़ने का आग्रह किया तो थानाध्यक्ष ने एक लाख रुपये की मांग की। आरोप है कि 70 हजार रुपये लेने के बाद थानाध्यक्ष ने दोनों को छोड़ा। रौशन प्रताप सिंह की बाइक को पुलिस जब्त कर रखा है। उक्त बाइक को लौटाने के एवज में 30 हजार रुपये की मांग की जा रही है। विदित हो कि मारपीट में गंभीर रूप से घायल रौशन प्रताप सिंह को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटी ले जाया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया।

मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने कहा कि मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का है, और ऐसे मामले में कानूनी तथा न्यायिक पारदर्शिता बनाये रखने के लिए उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता है।

# पीएम आवास योजना के 322 लाभुकों पर नीलाम पत्र वाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिले में पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास बनाने के लिए मिलने वाली राशि लेने के बाद भी आवास पूरा नहीं करने वाले लाभुकों को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। राशि वसूली को लेकर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अब तक 322 लोगों पर नीलाम पत्र वाद किया गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ी प्रखंड क्षेत्र अधौरा प्रखंड में 152 लोग है। इन दोनों वित्तीय वर्ष में स्वीकृति प्राप्त आवासों में 565 आवास आज तक पूर्ण नहीं हुए है।

एमआइएस पदाधिकारी सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 में 48012 पीएम आवास बनाने की स्वीकृति जिला के सभी प्रखंडों में मिली थी।

इनमें 47447 आवास को लाभुकों के द्वारा पूरा किया गया। इसके बाद भी 565 आवास को लाभुकों के द्वारा राशि लेने के बाद भी पूरा नहीं किया गया। आवास को पूरा नहीं करने वाले लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए उजला व लाल नोटिस दी गई। इसके बाद भी आवास का कार्य नहीं पूरा किया गया। इसके चलते विभाग ने जिले के सभी प्रखंड के 322 लोगों के खिलाफ नीलाम पत्र वाद किया है। इसमें अधौरा में 152, भभुआ में 45, भगवानपुर में 27, दुर्गावती में 4, कुदरा में 29, मोहनिया में 10, नुआंव में 14, रामगढ में 15, रामपुर में 24 लाभुक शामिल है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दोनों वित्तीय वर्ष में अधौरा में 2187, भभुआ में 6852, भगवानपुर में 4213, चैनपुर में 8829, चांद में 4919, दुर्गावती में 3824, कुदरा में 3370, मोहनिया में 5024, नुआंव में 2131, रामगढ में 2490, रामपुर में 4173 आवास बनाने के स्वीकृति मिली थी।

योजना के अंतर्गत जिले के लोगों को आवास की सुविधा देने के लिए विभाग के दिशा-निर्देश के तहत पात्र लाभुकों के चयन के लिए सभी प्रखंडों में सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का कार्य आगामी 31 मार्च तक होगा। एमआइएस पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों के अंतर्गत आने वाले पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभुकों का चयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 12 मार्च तक किए गए सर्वे के अनुसार जिले में 58701 लोगों को प्रधानमंत्री आवास के लिए योग्य पाया गया है। इन सभी का नाम सूची में जोड़ा गया है। इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार बीते दस जनवरी से प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वेयर के द्वारा योजना के लिए निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले लाभुकों के चयन की प्रक्रिया का पूरा किया जा रहा है।

# ड्यूटी से गायब पाए गए चार पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** होली के त्योहार पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु विभिन्न जगहों पर तैनात हुए चार पुलिस कर्मी अपने ड्यूटी से गायब पाए गए। जिन्हें एसपी के द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि होली के दिन क्षेत्र के दौरान पाया गया कि पीटीसी मोहन पासवान, चालक सिपाही संतोष कुमार, सिपाही अमित कुमार, संतोष कुमार बिना किसी सूचना के अपनी ड्यूटी से गायब थे। जिन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

साथ ही साथ बिना सूचना के अपने कार्य क्षेत्र से गायब रहने के मामले में चारों पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

उधर, आरा के टाउन थाना क्षेत्र के शीश महल चौक स्थित तनिष्क शोरूम में दिनदहाड़े हुई करोड़ो की लूट के मामले में लापरवाही बरते जाने को लेकर डायल 112 सेवा से जुड़े एक दारोगा, एक महिला सिपाही एवं एक पुरूष सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

संविदा पर चालक के रूप में बहाल फौजी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इसकी जानकारी रविवार को एसपी राज ने दी।

उन्होंने बताया कि डायल 112 इआरवी-चार के प्रभारी दारोगा मनोज तिवारी, महिला सिपाही स्वीटी कुमारी एवं सिपाही मंटू कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

डायल 112 गाड़ी के चालक सेवानिवृत्त फौजी अरविंद कुमार एवं क्रास मोबाइल को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

मालूम हो कि दस मार्च को हुई लूट के दौरान एक महिला सेल्स मैन सिमरन ने डायल 112 को फोन किया था। लेकिन, सेल्स मैन का आरोप था कि टीम बार-बार सिर्फ लोकेशन पूछती रही।

इसके बाद लूटपाट कर अपराधी आराम से चलते बने।

# 24 मार्च से दो दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे बैंककर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** होली को लेकर बैंकों में अभी तक छुट्टियां थी। अब जिले के सभी बैंक कर्मी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने वाले हैं। ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशनके नवादा जिला महासचिव सौरव रंजन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन के जोनल प्रसिडेंट नीतीश कुमार ने कहा कि 24 और 25 मार्च को सभी बैंकों के सभी वर्ग के कर्मियों के द्वारा हड़ताल का आह्वान किया गया है।

राज्य स्तर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन बैंक कर्मियों की मांग है कि सभी शाखाओं में पर्याप्त संख्या में स्टाफ उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त भर्तियां की जाएं, ताकि ग्राहकों को संतोषजनक सेवाएं प्रदान की जा सके।

मौजूदा वक्त में काम कर रहे स्टाफ पर अनावश्यक कार्य भार कम किया जा सके।

## आउटसोर्सिंग का हो रहा विरोध

बैंकों में सप्ताह में पांच दिन काम करने की व्यवस्था लागू करने में देरी हो रही है, इस पर अविलंब विचार करते हुए इसे लागू किया जाए। बीमा कंपनियों आदि सहित पूरे वित्तीय क्षेत्र में सप्ताह में पांच दिन काम करने की व्यवस्था लागू है। बैंकों में स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करें। बैंकिंग उद्योग में अनुचित श्रम प्रथाओं को रोकें।

बैंकों में पर्याप्त भर्ती की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा गया है कि बैंक सार्वजनिक उपयोगिता संगठन है जो हमारे देश की बड़ी संख्या में लोगों को दैनिक आधार पर सेवा प्रदान करती है। इसलिए बैंकों को ग्राहकों और सामान्य बैंकिंग जनता की सेवा करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराए जाने चाहिए। पिछले एक दशक से अधिक समय में हम पाते हैं कि बैंकों द्वारा पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती नहीं की जा रही है।

इसलिए शाखाओं में कर्मचारियों की भारी कमी है और कर्मचारी संतोषजनक ग्राहक सेवाएं देने में असमर्थ हैं। बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों की सुरक्षा, पिछले 10 वर्षों से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में खाली पड़े कर्मचारी/अधिकारी , निदेशकों के पदों को भरा जाए।

आईबीए के साथ लंबित शेष मुद्दों का समाधान, आयकर से छूट के साथ सरकारी कर्मचारियों के लिए योजना की तर्ज पर ग्रेच्युटी अधिनियम में संशोधन कर सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपये करना जैसी मांगें शामिल हैं।

# भीड़ से ट्रेन यात्रियों की हो रही फजीहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** होली के बाद ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। रविवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस और भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी में खचाखच भीड़ थी। भीड़ का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि विक्रमशिला एक्सप्रेस की जनरल बोगियों में भी पैर रखने तक की जगह नहीं थी। ट्रेनों में यात्री एक-दूसरे पर लदे हुए थे। शौचालय तक में लोग घुसे हुए थे।

भीड़ की वजह से दर्जनों लोग ट्रेन में चढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। मजबूरन यात्रा स्थगित करनी पड़ी। विक्रमशिला एक्सप्रेस की जनरल बोगियों में सीट पाने के लिए सुबह छह बजे से ही लोग लाइन में लगे हुए थे। चार जनरल बोगियों में करीब एक हजार लोग सवार हुए। इनमें अधिकांश लोग दिल्ली जाने वाले थे।भीड़ में लोग पसीने से तरबतर थे। ट्रेनों में भीड़ बढ़ने का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि दो दिन पहले शुक्रवार को जहां ढाई लाख रुपये की जनरल टिकटों की बिक्री हुई थी, रविवार को टिकटों की बिक्री तीन गुना बढ़ गई।

## मकई के खेत से शव बरामद

**समस्तीपुर।** जिले में उजियारपुर थाना क्षेत्र के चांद चौर गांव स्थित एक मकई के खेत से एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवती की पहचान दलसिंह सराय थाना क्षेत्र के चक बहुउद्दीन गांव के संजीत दास की पत्नी आभा देवी 35 वर्ष के रूप में की गई है। हालांकि, वह अपने मायके उजियारपुर थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में बूढ़ी मां के साथ रहती थी। आभा का पति प्रदेश में रहता है। उसके पिता भी घर पर नहीं हैं। घटना की सूचना पर उजियारपुर थाना के साथ ही एसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। युवती को बेहरहमी तरीके से शरीर में कई जगहों पर चाकू गोद कर गला रेत हत्या की गई है।

### एडीजी ने अपराधियों को दिया क्लियर मैसेज

# अपराधी कट्टा दिखाएंगे तो पुलिस भी गोली से देगी जवाब

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***पटना।*** *होली के दौरान पुलिस पर हुए हमले के बाद सवालों में घिरी बिहार पुलिस अपराधियों को उनकी ही भाषा में जवाब देगी। पुलिस मुख्यालय के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कुंदन कृष्णन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में कहा कि होली और रमजान जैसे पर्व-त्योहार के कारण पुलिस ने संयम से काम लिया है।*

*उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द्र हमारी पहली प्राथमिकता है, लेकिन यदि अपराधी पलटकर कट्टा दिखाएंगे तो पुलिस भी गोली से जवाब देगी। पुलिस पर हमला करने वालों का हश्र जनता देखगी। पुलिस के पास जितनी गोलियां हैं, उतनी गोली जनता या अपराधियों के पास नहीं है।*

*बिहार में पुलिस पर इतने हमले क्यों हो रहे, इस सवाल पर एडीजी कुंदन कृष्णन ने कहा कि ऐसा नहीं है कि अधिक हमले हो रहे हैं। होली पर 14 और 15 मार्च को डायल-112 पर 67 हजार से अधिक कॉल रिसीव की गई। इसमें पुलिस की टीम 13 हजार 150 जगहों पर गई इनमें से 10-12 जगहों पर पुलिस टीम पर हमला हुआ है। इस दौरान पुलिस का रिस्पांस टाइम साढ़े 14 मिनट के आसपास रहा। उन्होंने कहा कि होली के दौरान दो दिन में 44-45 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। जगह-जगह हुड़दंगी का आलम है, यह कैसा सामाजिक परिवेश है। पुलिस जब कार्रवाई करती है, तो बर्बर कहा जाता है।*

*एडीजी कुंदन कृष्णन ने बताया कि अररिया में पुलिस पर हमले का मामला होली से जुड़ा नहीं है। वहां पुलिस अपराधी को पकड़ने गई थी। धक्का-मुक्की में गिरने से एएसआई की मौत हुई। वहां शादी का माहौल था, इसलिए पुलिस ने गोली नहीं चलाई। मुंगेर में एएसआई ने दिन में भी जाकर लोगों को समझाया था। इसके बाद दोबारा हंगामे की सूचना पर पुलिसकर्मी गए थे। इसी दौरान लाठी से हमले में एएसआइ की जान चली गई। उस समय पुलिस के पास एके-47 भी थी मगर पर्व-त्योहार और संयम को देखते हुए गोली नहीं चलाई गई। पटना के मनेर में भी नशे में असामाजिक तत्वों ने पुलिस से धक्का-मुक्की की जिसमें दारोगा घायल हैं। इन मामलों में कई गिरफ्तारी हुई है। छापेमारी के डर से गांव खोली हो गए हैं।*

*एडीजी ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वाले सभी वांछितों को एक सप्ताह में गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल से सजा दिलाई जाएगी।*

*कुंदन कृष्णन ने माना कि डायल-112 वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत पर सबसे पहले डायल-112 की टीम ही घटनास्थल पर समाधान के लिए पहुंचती है। ऐसे में डायल-112 की भी समीक्षा की जाएगी और पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।*

*उन्होंने कहा कि अभी ईद और रामनवमी जैसे त्योहार आ रहे हैं, इस दौरान भी पुलिस पूरी सतर्कता और संयम से काम लेगी। डीजे और रात दस बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी में नर्तकियों को नचाने वालों पर भी एक्शन लिया जाएगा।*

# होली में सरेआम हुई फायरिंग, किशोरी जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बरारी अंतर्गत वार्ड 15 स्थित दियारा क्षेत्र के चमन टोल में पूर्व आक्रोश के कारण शुक्रवार को होली के दिन चली गोलीबारी में चमन टोल निवासी कृष्ण नंदन यादव की 17 वर्षीय पुत्री कल्पना कुमारी पैर में गोली लगने से घायल हो गई।

आनन फानन में स्वजन घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने मरीज की गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

इधर गोलीबारी की सूचना पर पहुंची साहेबपुर कमाल पुलिस ने गौतम कुमार एवं एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा। गिरफ्तारी में युवक से पुलिस ने पांच जिंदा कारतूस एवं एक देशी कट्टा बरामद की।

घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि शुक्रवार को होली के माहौल में चमन टोल निवासी पूर्व के मामला व झंझट से बौखलाई जम कर गोलीबारी की।

इसमें कल्पना घायल हुई थी। इधर स्वजनों का कहना है कि 2023 में ही चमन टोल के दुग्ध सेंटर पर गोलीबारी हुई थी। जिसमें खगड़िया व्यवहार न्यायालय के सेसन कोर्ट में मामला चल रहा है।

उक्त मामला चार्ज होने की स्थिति में है। अपराधी वर्ग उक्त मामले में जमानत चाह रहे थे। विपक्षी द्वारा जमानत में सहयोग नहीं करने की स्थिति में अपराधी वर्ग आक्रोश में आ पुनः गोलीबारी की। जिसमें एक युवती घायल हुई थी।

लखीसराय जिले में हलसी प्रखंड मुख्यालय स्थित तालाब में 12 वर्षीय सोहेल उर्फ साहिल जीवी डूब गया। तालाब के अंदर उसकी खोजबीन की जा रही है।

जानकारी के अनुसार हलसी निवासी संजय मिस्त्री के पुत्र शैलेश कुमार अपने चार पांच साथियों के कीचड़, रंग खेलकर प्रखंड मुख्यालय स्थित तालाब में स्नान करने गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस की चपेट में आकर मां-बेटी की मौत

**अलीगढ़ , एजेंसी।** थाना गांधीपार्क क्षेत्र के पला फाटक के पास रविवार शाम तेजस राजधानी एक्सप्रेस (नई दिल्ली-भुवनेश्वर) की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत हो गई। हादसे के बाद 35 मिनट तक कानपुर की तरफ का ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। थाना सासनीगेट क्षेत्र के पला सहिबाबाद निवासी प्रदीप कुमार की पत्नी शशि अपनी दो वर्षीय पुत्री दुर्गेश के साथ देवी नगला मिथिलापुरी की ओर से रात करीब आठ बजे पला साहिबाबाद जा रहीं थीं। दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पार करते समय मां-बेटी नई दिल्ली से भुवनेश्वर जा रही तेजस एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में मौजूद पति प्रदीप कुमार बाल बाल बच गए। चालक दल ने इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को दाऊद खां स्टेशन से पहले रोक लिया। ट्रेन के रुक जाने से कानपुर की ओर डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। हादसे की खबर स्टेशन मास्टर दाऊद खान ने इलाका पुलिस और कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी। सूचना पर थाना गांधीपार्क पुलिस, आरपीएफ व जीआरपी कर्मी मौके पर पहुंचे। सीओ बन्नादेवी राजीव कुमार द्विवेदी ने बताया कि तेजस राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आकर मां बेटी की मौत हुई है। दोनों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### ट्रेन में चढ़ने के लिए महिलाओं में धक्का-मुक्की, जमकर चले लात-घूंसे

**अलीगढ़ , एजेंसी।** होली के बाद अब लोग कार्यस्थल की ओर लौटने लगे हैं। इसको लेकर ट्रेनों व बसों में मारा-मारी के हालात बन गए हैं। रविवार को टूंडला-दिल्ली ईएमयू पैसेंजर में चढ़ने के लिए यात्रियों में धक्का-मुक्की हो गई। दोनों ओर से जमकर लात-घूंसे चले। एक पक्ष ने दो महिलाओं के चेहरे नाखून से नोंच लिए। यात्रियों ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया।

रविवार की शाम छह बजे टूंडला-दिल्ली ईएमयू के अलीगढ़ स्टेशन पर पहुंचते ही यात्रियों में सवार होने के लिए धक्का-मुक्की होने लगी। इसको लेकर महिलाओं में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उनके साथ मौजूद बच्चे भी भिड़ गए। इसी बीच दोनों पक्ष के परिजनों में जमकर लात-घूंसे चले। अन्य यात्रियों ने झगड़ा शांत कराया। जिसके बाद दोनों पक्ष अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी।

होली का त्योहार मनाकर घरों से वापस जाने वाले नौकरीपेशा लोगों को अपने कार्यस्थलों तक जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक भीड़ कानपुर-दिल्ली मार्ग पर है। ट्रेनों में बैठने तक की जगह नहीं मिल पा रही है। यात्रियों को ट्रेन के कोच में सवार होने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उधर, ट्रेनों में भीड़ के चलते यात्रियों की भीड़ रोडवेज बसों में दिख रही है। शहर के सारसौल सेटेलाइट व मसूदाबाद बस स्टैंड पर यात्रियों में सीटों के लिए मारा-मारी देखने को मिली। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दिल्ली, नोएडा, बल्लभगढ़, गुरुग्राम मार्ग पर पर्याप्त बसों का संचालन किया जा रहा है।

### गोदाम में घुसकर तमंचा-चाकू दिखा लूटे 1.80 लाख

**अलीगढ़ , एजेंसी।** बन्नादेवी के नई बस्ती इलाके में शनिवार शाम एक कोल्ड ड्रिंक के गोदाम में घुसकर नकाबपोश बदमाश तमंचा-चाकू दिखाकर व्यापारी से 1.80 लाख रुपये लूट ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इसकी मदद से पुलिस अब बदमाशों की पहचान में जुटी है। नई बस्ती निवासी सनी नारंग का सीमा फाटक के पास कोल्ड ड्रिंक का गोदाम है। शनिवार शाम 4ः39 बजे गोदाम पर सनी के पिता अमरजीत नारंग थे। वहां उनकी माल सप्लाई लाने-ले जाने वाला ई-रिक्शा चालक भी था। अमरजीत उससे बातचीत कर रुपयों का हिसाब कर रहे थे। तभी दो युवक अंदर आए। एक ने टोपी भी पहन रखी थी। आते ही उन्होंने अमरजीत पर चाकू व तमंचा तानकर मेज पर रखी रुपयों की गड्डी व गल्ले में से कुछ रुपये निकाले। अमरजीत व चालक ने विरोध करने का प्रयास भी किया। लेकिन, उन्हें डराते हुए दोनों रुपये लेकर भाग गए। सीसीटीवी के अनुसार बाहर उनका तीसरा साथी बाइक पर इंतजार कर रहा था। उसी पर सवार होकर तीनों भाग गए। इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा के अनुसार सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान कर पकड़ने की कोशिश हो रही है।

# संभल की जामा मस्जिद पर होगा सफेद, हरा और सुनहरा रंग ...

## यूट्यूबर हर्षा रिछारिया ने कहा भगवा भी हो



**संभल , एजेंसी।** उच्च न्यायालय के आदेश पर जामा मस्जिद की पुताई भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शुरू करा दी है। रविवार की सुबह नौ बजे एएसआई की टीम पेंटर के साथ मस्जिद पहुंची और मस्जिद के पिछले हिस्से में सफाई व पुताई का काम शुरू कराया। सफेद, हरे और सुनहरे रंग से जामा मस्जिद की पुताई करवाई जा रही है। इस बीच महाकुंभ से चर्चा में आई यूट्यूबर हर्षा रिछारिया ने संभल में कहा है कि विवादित स्थल पर भगवा रंग होना चाहिए।

जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया कि एएसआई ने 10 लोग पुताई के लिए लगाए हैं। बाहरी हिस्से से पुताई कराई जा रही है। बताया कि पुताई के बाद सजावट का काम कराया जाएगा। जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने कहा कि हर वर्ष रमजान के महीने में जामा मस्जिद की पुताई और सजावट होती रही है। इसको लेकर इस बार एएसआई से अनुमति मांगी थी, लेकिन अनुमति नहीं मिली तो उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसके बाद उच्च न्यायालय ने पुताई व सजावट का आदेश दिया है।

इसी क्रम में यह पुताई एएसआई द्वारा कराई जा रही है। सोमवार से पुताई के लिए पेंटर की संख्या बढ़ाई जा सकती है। जिससे जल्द ही पुताई का काम पूरा हो सके। इसकी निगरानी एएसआई द्वारा की जा रही है।

### हर्षा रिछारिया ने कहा, विवादित स्थल पर भगवा रंग होना चाहिए

महाकुंभ से चर्चा में आईं यूट्यूबर भोपाल की हर्षा रिछारिया रविवार को संभल पहुंची। उनका विहिप के कार्यालय पर स्वागत किया गया। उन्होंने पदाधिकारियों को तिलक भी किया। हर्षा रिछारिया महाकुंभ 2025 में महामंडलेश्वर कैलाशानंदगिरी जी महाराज की शिष्या के रूप में रथ पर दिखाई दी थीं। संभल में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग पत्थर मारते हैं। उनके बारे में क्या ही कहा जाए। सनातनी अपना हक ले रहे हैं तो सभी राजनीतिक दलों को परेशानी हो रही है। हर्षा रिछारिया ने कहा कि विवादित स्थल पर भगवा रंग होना चाहिए। सनातनी यही मांग कर रहे हैं। मालूम हो बृहस्पतिवार को हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने जामा मस्जिद की पुताई सफेद रंग से कराने की मांग की थी। साथ ही कहा था कि यदि हरा रंग भी पुताई में शामिल है तो भगवा रंग भी किया जाए। या हरा रंग शामिल नहीं किया जाए। हर्षा रिछारिया ने 46 साल बाद खुले कार्तिकेय शिव मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना भी की।

# महीने के अंत तक भाजपा को मिल जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष

## जिलाध्यक्ष चुनने के बाद रास्ता हुआ साफ



**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा के 98 सांगठनिक जिलों में 70 जिला इकाइयों के अध्यक्षों की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। सूत्रों का कहना है कि इस महीने के अंत तक प्रदेश को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इसके लिए तमाम लोगों ने पहले से ही दावेदारी कर रखी है, लेकिन माना जा रहा है कि जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष के लिए भागदौड़ और तेज होगी।

भाजपा के संविधान में यह प्रावधान है कि किसी भी प्रदेश में अध्यक्ष के चुनाव के लिए कम से कम 50 प्रतिशत जिलों में अध्यक्षों का चुनाव संपन्न होना चाहिए। इस लिहाज से भाजपा ने यूपी में इस मानक को पूरा कर लिया है। पार्टी हाईकमान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 40 दिन का समय बढ़ा दिया है। इस समय सीमा के भीतर ही प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराना पार्टी की मजबूरी है, इसलिए अब प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होगी।

भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भी कहा कि शेष रह गए 28 जिला अध्यक्षों के चुनाव के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि इस महीने के अंत तक भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। सूत्रों के मुताबिक एक-दो नेता तो दिल्ली तक की दौड़ भी लगा चुके हैं। वहीं कई नेताओं स्थानीय बड़े नेताओं के जरिये अपना समीकरण बिठाने में जुट गए हैं।

### प्रदेश मुख्यालय से की जाती रही निगरानी

भाजपा ने पहली मर्तबा जिले-जिले कार्यक्रम करवाकर नए अध्यक्षों के नामों की घोषणा करने का प्रयोग किया था। जिलों में किसी की नाराजगी न हो और किसी भी स्तर पर संगठन के फैसलों का विरोध न हो, इसके लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी महेंद्रनाथ पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल लगातार प्रदेश मुख्यालय से ऑनलाइन मॉनिटरिंग करते रहे। संगठन महामंत्री धर्मपाल ने जिलेवार सूची जारी करने के दौरान नजर रखे हुए थे।

# मुरादाबाद में लुटेरों ने महिला का कुंडल खींचा, कान में लगे आठ टांके

## पुलिस को आरोपियों की तलाश

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मझोला के मानसरोवर कॉलोनी में एक महिला के कान से कुंडल बाइक सवार लुटेरों ने लूट लिया। इस घटना में महिला का कान लहूलुहान हो गया। उसके कान में आठ टांके लगे हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों की तलाश में जुटी हैं।

मझोला के खुशहालपुर वसंत विहार निवासी विनोद कुमार सिंह निजी कंपनी में कार्यरत हैं। उनकी पत्नी रागिनी ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़ी हैं। मानसरोवर कॉलोनी में ब्रह्मकुमारी का सेंटर है। जिसमें रागिनी आती हैं। रविवार सुबह सात बजे रागिनी सेंटर पर गई थीं। करीब दो घंटे बाद वह पैदल ही अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से एक बाइक आई, जिस पर दो युवक सवार थे। महिला कुछ समझ पाती। उससे पहले ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर कान से कुंडल खींच लिया। इससे महिला घसीटते हुए दूर से चली गई। इस घटना में महिला का कान जख्मी हो गया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और महिला के परिजन मौके पर पहुंच गए। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महिला को आठ टांके लगाए गए।

एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क पर गिर गई थीं

बाइक सवार लुटेरे ने महिला के कान पर ऐसा झपट्टा मारा की उसका कान ही जख्मी हो गया। जिसमें आठ टांके आए हैं। आरोपी ने महिला के कान पर झपट्टा मारा तो वह सड़क पर गिर गई। जिसमें महिला के पैरों में भी चोट आई है।

### दिल्ली रोड की ओर भागे लुटेरे

वारदात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिससे पता चला कि आरोपी लुटेरे वारदात करने के बाद दिल्ली की ओर की ओर भागे थे। पुलिस फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# महिलाओं की हिस्सेदारी 7 फीसदी, एसपी के गढ़ में नया दांव; पहली बार महिला को कमान



**लखनऊ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भाजपा ने 70 जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इसमें महिलाओं की महज सात फीसदी हिस्सेदारी है। लेकिन, इसमें एक दिलचस्प बात यह है कि इस बार भाजपा ने एक नया दांव खेला है। सपा के गढ़ मैनपुरी में किला भेदने के लिए ममता राजपूत को कमान सौंपी है। यह पहली बार है जब भाजपा ने मैनपुरी में किसी महिला को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। बेटी बचाओ... बेटी पढ़ाओ, मंच से महिला सम्मान की बात करने वाली भाजपा ने संगठन में स्थान देने में महिलाओं का भी ठीक ध्यान रखा। हालांकि अभी 26 जिलों की सूची बाकी है। देखने वाली बात यही होगी कि क्या उस सूची में भी कुछ महिलाओं को स्थान मिलेगा।

### सामंजस्य बैठाने की कोशिश

रविवार को जारी भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची में ब्राहम्ण, क्षत्रिय, ओबीसी और एससी के साथ सामंजस्य बैठाने की कोशिश की गई है। हालांकि यहां पर देखने वाली बात यह है कि भाजपा ने अपनी विचारधारा के अनुरूप ही किसी भी मुस्लिम को जिले की कमान नहीं दी है। इससे यह साफ है कि पार्टी अपने सिद्धांतों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

# बीच नदी में मोटरबोट बंद होने पर दोस्तों ने की थी चालक की हत्या

## तीनों को पुलिस ने भेजा जेल




**कानपुर , एजेंसी।** कैंट पुलिस ने मोटरबोट चालक निखिल निषाद (30) की हत्या का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है। बीच नदी में मोटरबोट बंद होने पर विवाद के बाद हत्या की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

सत्तीचौरा के पास रहने वाले गंगाराम निषाद ने बताया कि बेटा निखिल निषाद (30) मैस्कर घाट पर मोटरबोट चलाता था। शुक्रवार की शाम लगभग सवा छह बजे इलाके में रहने वाला ओमप्रकाश का बेटा समीर, बनियाबाजार निवासी दीपेंद्र व ऋतु, निखिल को अपने साथ ले गए थे। शनिवार को उनके बेटे का शव गंगा में उतराता हुआ मिला था। पुलिस ने शक के आधार पर उसके तीनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वे कभी आशनाई में तो कभी नशेबाजी में हत्या की बात कहने लगे। सख्ती करने पर टूट गए। आरोपियों ने बताया कि चारों मोटर बोट से उन्नाव की ओर गए थे। वहां शराब पार्टी की। वापसी में बीच नदी में पेट्रोल खत्म होने के चलते मोटरबोट बंद हो गई। इस पर तीनों का निखिल से विवाद हो गया। इससे नाराज तीनों ने मारपीट की। इसके बाद गंगा में डूबो कर निखिल की हत्या कर दी और गंगा में बहा दिया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जेलर और डिप्टी जेलर पर गिरी गाज; जेल अधीक्षक पर कार्रवाई की संस्तुति

## बंदी को कॉल कराकर जेल से कराई थी डील

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में डीजी जेल ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने गाजीपुर जेल के जेलर और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया है। साथ ही जेल अधीक्षक पर कार्रवाई के लिए शासन के लिए पत्र लिखा है। मामला बंदी द्वारा अवैध रूप से फोन कॉल करने से जुड़ा है।

दरअसल, गाजीपुर की जेल में बंद बंदी द्वारा अवैध रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। बंदी विनोद गुप्ता ने जेल से मोबाइल से कॉल की थी। चार मार्च को मामला सामने आया तो डीआईजी जेल से इसकी जांच कराई गई। जांच में जेल के अंदर से फोन कॉल करवाने की पुष्टि हुई।

**जेल अधीक्षक पर कार्रवाई के लिए शासन को लिखा पत्र:** जेल से फोन करके एक मामले में गवाही न देने की बात की गई थी। बदले में रकम देने का सौदा तय हुआ था। इसके बाद डीजी जेल का पारा चढ़ गया। उन्होंने कार्रवाई करते हुए जेलर राकेश कुमार वर्मा और डिप्टी जेलर सुखवती देवी को निलंबित कर दिया। साथ ही जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह पर कार्रवाई करने के लिए शासन को पत्र को लिखा है।

# पाकिस्तानी एजेंट से रोज 50 से अधिक चैट करता था रविंद्र

## नेहा के संपर्क में आया; कई चौंकाने वाले खुलासे

**आगरा एजेंसी।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला एजेंट से फिरोजाबाद की ऑर्डिनेंस फैक्टरी का चार्जमैन रविंद्र कुमार यूं ही संपर्क में नहीं आया। एक गलती से वह जाल में फंस गया। एटीएस की पड़ताल में सामने आया कि उन्होंने फेसबुक पर फैक्टरी में खिंची फोटो को शेयर किया था।

इस फोटो से ही वह निशाने पर आ गया। एजेंट चार्जमैन से व्हाट्सएप पर हर दिन चैट करती थी। 50 से अधिक मैसेज करती थी। वॉयस और वीडियो कॉल पर भी जानकारी हासिल कर रही थी।

बुंदू कटरा निवासी रविंद्र कुमार से फेसबुक पर पाकिस्तानी एजेंट कथित नेहा शर्मा ने जून 2024 में संपर्क किया था। रविंद्र कुमार ने फेसबुक पर अपने फोटो शेयर किए थे। युवती ने बातचीत के दौरान सबसे पहले इन फोटो की जानकारी ही रविंद्र कुमार से ली थी।

**व्हाट्सएप पर 50 से अधिक मैसेज करती थी युवती:** खुद को भी इसरो से जुड़ा बताया था। उन्होंने रविंद्र कुमार से आर्डनेंस फैक्टरी से जुड़ी जानकारी लेना शुरू कर दिया। इसके बावजूद वह युवती के इरादों को नहीं समझ पाए। एटीएस सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में सामने आया कि रविंद्र कुमार को युवती व्हाट्सएप पर 50 से अधिक मैसेज करती थी। इनका जवाब भी रविंद्र दे रहे थे। बाद में हर दिन वीडियो और वॉयस कॉल भी होने लगे। युवती की फ्रेंड लिस्ट में कई भारतीय लोग भी शामिल थे। इस कारण ही रविंद्र ने विश्वास कर लिया।

**फैक्टरी से भी जुटा रहे जानकारी :** फिरोजाबाद के हजरतपुर स्थित आर्डनेंस फैक्टरी में गगनयान, ड्रोन, थल और वायु सेना के प्रोजेक्ट से संबंधित कई उपकरण तैयार किए जाते हैं। आईएसआई एजेंट इन्हीं सब की जानकारी चार्जमैन से ले रही थी। कई दस्तावेज ऐसे थे, जो चार्जमैन के पास नहीं होने चाहिए थे। यह कहां से आए थे? चार्जमैन को कौन उपलब्ध करा रहा था? यह पता किया जा रहा है।

**खातों में कहीं रकम तो नहीं आई :** एटीएस यह भी पता कर रही है कि चार्जमैन के बैंक खातों में कहीं बाहर से रकम तो नहीं आई है। फिलहाल उसके रहन सहन में कोई बदलाव नहीं हुआ था। मगर, आशंका है कि उन्होंने रकम को कहीं निवेश किया हो। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। मोबाइल को कब्जे में लेने के साथ ही खातों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।




**खंगाल रहे नेहा शर्मा की फ्रेंड लिस्ट :** आईएसआई के एजेंट हैंडलर युवती अपनी आईडी ऐसे नामों से बनाती हैं, जिनसे लोग उन्हें भारतीय समझें। चार्जमैन को जाल में फंसाने के लिए भी नेहा शर्मा नाम से आईडी को बनाया था। आईडी में कई फ्रेंड भारतीय थे। फोटो भी थे, जिनसे नहीं लग सकता था कि कोई और है। एटीएस भी अब नेहा शर्मा की फ्रेंड लिस्ट में शामिल लोगों का डाटा तैयार कर रही है।

**सख्ती से ओईएफ कर्मचारियों में दहशत:** एटीएस (आतंकवादी निरोधी दस्ता) की ओर से हजरतपुर ऑर्डनेंस फैक्टरी के कर्मचारी की गिरफ्तारी होने पर कर्मचारियों में दहशत है। चार दिन छुट्टी के बाद सोमवार को ओईएफ खुलेगी। कर्मचारी होने वाली सख्ती और पूछताछ के बारे में आशंकित हैं। ऑर्डनेंस फैक्टरी हजरतपुर में चार्जमैन बुंदू कटरा निवासी रविंद्र कुमार को एटीएस ने 13 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसने मोबाइल के माध्यम से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी की एजेंट को संवेदनशील व गोपनीय जानकारियां भेजी थीं। आरोपी पाकिस्तानी एजेंट के जाल में फंसकर उसे सभी जानकारियां दे रहा था। कर्मचारी आशंकित हैं कि सोमवार को जब वे ड्यूटी पर पहुंचेंगे तो उनके लिए नए क्या आदेश होंगे। कर्मचारी अपना मोबाइल पास रख पाएंगे या नहीं। रोक लग सकती है। अन्य बदलाव भी हो सकते हैं। एक कर्मचारी के वजह से सभी कर्मचारियों को शक की नजर से देखा जाएगा।

# बिहार में 133.64 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मिली सैद्धांतिक सहमति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सचिव उद्योग विभाग, बिहार की अध्यक्षता में हुई राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद सचिवालय की बैठक में कुल 13 निवेश प्रस्तावों को सैद्धांतिक सहमति दी गई। बैठक में 02 करोड़ से अधिक पूंजी निवेश वाले स्टेज-1 के 09 प्रस्तावों को राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद की आगामी बैठक में भेजे जाने की अनुशंसा की गई। इन प्रस्तावों में कुल 129.41 करोड़ रुपये के संभावित निवेश का प्रावधान है। वहीं, 02 करोड़ तक के निवेश वाले स्टेज-1 के 04 प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई जिनकी संभावित निवेश राशि 4.23 करोड़ रुपये है। इस प्रकार कुल 133.64 करोड़ रुपये के निवेश को हरी झंडी मिली। अनुशंसित इकाइयों में मेसर्स रीगल रिसोर्स प्रा. लि., मेसर्स भोला राम पेपर एंड पावर प्रा. लि., श्री मारुति पैकेजिंग इंडस्ट्रीज, मेसर्स इमरान टी और एग्रो प्रा. लि., मेसर्स इडिभ मेडिकल सिस्टम यूनिट-2 प्रा. लि., मेसर्स जारिफ हुसैन प्रा. लि., मेसर्स यूमैन हुसैन प्रा. लि. सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। बैठक में उद्योग सचिव बंदना प्रेयसी, उद्योग निदेशक समेत बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग, वाणिज्यकर विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम संसाधन विभाग और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। राज्य सरकार की इस पहल से बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। निवेश को सरल और सुगम बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है, जिससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# भाजपा विधायक उमाकांत सिंह ने कन्हैया कुमार को दी चुनौती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस के युवा नेता नेता कन्हैया कुमार की फिल्म रविवार को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से शुरू हुई 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा को लेकर सूबे में सियासत गर्मा गई है। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के चनपटिया से भाजपा विधायक उमाकांत सिंह ने कन्हैया कुमार को लफुआ और देशद्रोही बताते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसे लोगों को ही अपनी पार्टी में शामिल करती है। उन्होंने कन्हैया कुमार को चुनौती देते हुए कहा कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह यहां से चुनाव लड़कर दिखाएं, जमानत जब्त करा देंगे। उमाकांत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है, वह पार्टी को क्या मजबूत करेगा? ये देश विरोधी लोग हैं। इनका गांधी के चंपारण में क्या काम है।

उमाकांत सिंह से जब कन्हैया कुमार की यात्रा को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस यात्रा से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। यात्रा में कन्हैया कुमार के साथ सिर्फ लफुआ चल रहे हैं। उनका कोई जनाधार नहीं है। उन्होंने कहा कि चंपारण वो धरती है जहां महात्मा गांधी को छोड़कर जो भी नेता यहां से अपनी यात्रा किए हैं, वो सफल नहीं हो पाए। इसका कारण है कि चंपारण एनडीए का गढ़ है। इसे कोई कन्हैया भेद नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में कन्हैया की एंट्री होती है तो राजद और कांग्रेस दो भागों में बंट जाएगा। उमाकांत सिंह ने कहा कि कांग्रेस उग्रवादी संगठन से तालमेल रखने वाले लोग हैं। ये देश को विभाजन करने की बात करते हैं। ये सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। ये चाइना को समर्थन देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी के लोग हैं। उन्होंने कहा कि जब बिहार में राजद की सरकार थी तो किसी को पलायन की चिंता नहीं थी। उस समय कांग्रेस का समर्थन भी राजद को था। तब ये पलायन यात्रा कहां थी? अब बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है, इनके रहते हर विभाग में हर किसी को नौकरी मिली है। बता दें कि पश्चिम चंपारण से शुरू हुई कांग्रेस की यह पलायन रोको नौकरी दो यात्रा 14 अप्रैल तक बिहार के 20 जिलों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस इस यात्रा के जरिए बीपीएससी पेपर लीक के मुद्दे को उठा रही है। इस यात्रा को बिहार की सियासत में कन्हैया की वापसी के तौर पर देखी जा रही है। यात्रा के पहले दिन कन्हैया कुमार ने कहा है कि चुनाव को लेकर वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं।

# राज्य के 13 जिलों के 15 अनुमंडलीय अस्पतालों में मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट होगी शुरू : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल के लिए राज्य के 13 जिलों के 15 अनुमंडलीय अस्पतालों में मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट शुरू किया जा रहा है। इन इकाइयों के शुरूआत का उद्देश्य नवजात मृत्यु दर में कमी लाना है। मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट नवजात और माताओं के लिए एक विशेष देखभाल केंद्र है जहां उच्च जोखिम वाले शिशुओं को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इन इकाइयों में बीमार नवजातों के साथ माता को भी रखने का प्रावधान किया गया है। इसे जीरो सेपरेशन पद्धति कहा जाता है जिससे माताओं एवं शिशुओं के बीच बेहतर जुड़ाव होता है। साथ ही शिशु को निरंतर गर्माहट, देखभाल एवं स्तनपान का लाभ मिल पाता है। सरकार गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने के लिए मदर एंड न्यूबोर्न केयर यूनिट को व्यापक स्तर पर लागू कर रही है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के जिन जिलों में मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट को संचालित किया जाएगा। उनमें गया में शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल, अररिया में फारबिसगंज के अनुमंडलीय अस्पताल, पूर्णिया में बनमनखी के अनुमंडलीय अस्पताल, सारण में सोनपुर के अनुमंडलीय अस्पताल, बक्सर में डुमरांव के अनुमंडलीय अस्पताल, गोपालगंज में हथुआ के अनुमंडलीय अस्पताल, भागलपुर में नवगछिया के अनुमंडलीय अस्पताल, कटिहार में बरसोई के अनुमंडलीय अस्पताल, पटना में बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल, मुंगेर में तारापुर के अनुमंडलीय अस्पताल, पश्चिम चंपारण में बगहा के अनुमंडलीय अस्पताल, समस्तीपुर में दलसिंहसराय एवं रोसड़ा के अनुमंडलीय अस्पताल और नालंदा में राजगीर एवं हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल शामिल है। श्री पांडेय ने कहा कि इन मदर न्यूबोर्न केयर यूनिट में इंफ्रास्ट्रक्चर, उपकरण स्थापना, एचआर व्यवस्था, आईईसी सामग्री एवं अन्य जरूरी संसाधनों को सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में तेजी लाई जा रही है। इस क्रम में 22 मार्च 2025 तक सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रशिक्षित स्टाफ नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि नवजात शिशु देखभाल सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने इन इकाइयों के संचालन में सहयोग के लिए सहयोगी संस्थाओं को शामिल भी किया है।

# पुलिसकर्मियों पर हमलों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा

## राबड़ी देवी के नेतृत्व में विधान परिषद के गेट पर किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** होली के दौरान पुलिस पर हुए हमलों और हत्या को लेकर सोमवार को विपक्ष ने सरकार को जम कर घेरा। होली की छुट्टी के बाद बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के 10वें दिन सोमवार को विपक्ष ने सदन के भीतर और बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने से पहले राज्य में बढ़ते अपराध को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की। विधान परिषद की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्य गेट के बाहर राजद के सदस्यों ने विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी के नेतृत्व में हाथों में बैनर पोस्टर लेकर नारेबाजी की और अपराध के मुद्दे पर सरकार को पूरी तरह से विफल करार दिया। विधान पार्षदों का कहना था कि बिहार में अगर मंगल राज है तो ठीक है, क्या मंगल राज में पुलिसकर्मियों की हत्या हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है, अपराधी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बेगूसराय से कोई डीएसपी ज्योति कुमारी दरभंगा गई है, वह गांव वालों को पीट रही है और हमारे यहां लोग गुहार लगाने आ रहे हैं। विधान परिषद में विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि होली के दौरान राज्यभर में 22 लोगों की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि दो दिन के भीतर 22 लोगों की हत्या कर दी गई है तो सोंच लीजिए कि हर महीने कितने लोगों की हत्या बिहार में हो रही है? राबड़ी देवी ने कहा कि सरकार के लोग कहते हैं कि बिहार में सुशासन की सरकार है तो उन्हें बताना चाहिए कि सुशासन कहां है? छोटी-छोटी बेटियों की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी जाती है जब राज्य में दारोगा और सिपाही मारे जा रहे हैं तो आम जनता का हाल क्या होगा।

# बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर पुलिस के आला अधिकारियों ने दी सफाई

## एक सप्ताह के भीतर पुलिस पर हमले के सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर गरमाई सियासत के बीच सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन एवं अपर पुलिस महानिदेशक (विधि व्यवस्था) पंकज दराद ने बताया कि होली पर्व के शांतिपूर्ण समापन हेतु पुलिस मुख्यालय की ओर से नियमित अनुश्रवण किया गया। पंकज दराद ने होली पर हुई अपराध की घटनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस पर हमले के 12 मामले आए हैं। वहीं अररिया और मुंगेर में कार्रवाई करने गए एएसआई की मौत होने की भी जानकारी दी। उन्होंने हथियार के इस्तेमाल करने का निर्देश भी जवानों को दिया है। होली में कानून व्यवस्था को लेकर एडीजी ने बताया कि अररिया, जहानाबाद, पटना, मुंगेर और भागलपुर में पुलिस पर हमले हुए। दो साथियों को हमने खो दिया। उन्होंने बताया कि अररिया में एक, मुंगेर में दो, पटना में दो, भागलपुर में एक, मधुबनी में एक, नवादा, समस्तीपुर और जहानाबाद में भी एक-एक मामले पुलिस पर हमले के आए। अररिया और मुंगेर में मामले गंभीर रहे जहां दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस पर हमले की कुल-12 घटनाएं प्रतिवेदित हुई है। इन घटनाओं में दुर्भाग्यवश पुलिस के दो दारोगा शहीद हो गये हैं और 27 पुलिसकर्मियों के जख्मी होने की सूचना है। उन्होंने कहा कि हम इन घटनाओं को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं जिन्होंने भी पुलिस पर हमले किये हैं उनके विरूद्ध कठोर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं होली के दौरान 14 और 15 मार्च को करीब सवा लाख लोगों ने फोन कर मदद मांगी। 14 मार्च को कुल प्राप्त कॉल-67188 रहे जिसमें कुल ईवेंट्स 13150 रहा। वहीं रेस्पांश टाइम-14 मि0 34 से० औसतन रहा। इसी तरह 15 मार्च को कुल प्राप्त कॉल 56851 रहे जिसमें कुल ईवेंट्स 9744 रहा। इस दिन रेस्पॉश टाइम 14 मि0 52 से0 औसतन रहा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष होली पर्व पर दो भिन्न समुदायों के बीच कुल-11 सामान्य घटनाएं प्रतिवेदित हुई हैं। कहीं कोई विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या नहीं उत्पन्न हुई। कुल-11 कांड अंकित किये गये।

# पटना को स्वच्छ बनाए रखना हम सबका कर्तव्य : नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान टीम द्वारा शहर के फ्रेजर रोड एरिया में स्वच्छता सर्वेक्षण में भागीदारी के लक्ष्य के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया जिसका नेतृत्व पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने किया। कार्यक्रम में स्वच्छता सर्वेक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि पटना नगर निगम अपनी रैंकिंग में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए कई जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने पटना में रहने वाले सभी लोगों से स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण पहल है जो हमारे शहरों और समुदायों की स्वच्छता और स्वच्छता स्तर का मूल्यांकन करने के लिए प्रत्येक वर्ष की जाती है। यह सर्वेक्षण न केवल हमें पटना शहर की स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान करता है, बल्कि यह हमें हमारे पटना शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित भी करता है। स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेना कई कारणों से जरूरी है। इससे स्वच्छता के स्तर का मूल्यांकन होता है। स्वच्छता सर्वेक्षण हमें अपने शहर की स्वच्छता के स्तर का मूल्यांकन करने में मदद करता है। हमें यह जानने में मदद करता है कि हमारा शहर कितना स्वच्छ है और कहां सुधार की आवश्यकता है। स्वच्छता सर्वेक्षण हमें स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें अपने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए काम करने के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने से हम अपने समुदाय के साथ जुड़ सकते हैं और स्वच्छता के लिए काम कर सकते हैं। यह हमें अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। स्वच्छता सर्वेक्षण हमें स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करता है। यह हमें यह समझने में मदद करता है कि स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने से पटना के सभी नागरिकों को सरकारी पहलों को समर्थन देने का अवसर प्राप्त होता है। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही हैं। यह हमें अपनी सरकार के साथ मिलकर काम करने और स्वच्छता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। नीतू नवगीत ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेना हमारे शहरों और समुदायों की स्वच्छता और स्वच्छता स्तर का मूल्यांकन करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह हमें स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करता है, स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है और हमें अपने समुदाय के साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान करता है। इसलिए हमें स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेना चाहिए और अपने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए काम करना चाहिए। पटना हमारा अपना शहर है और इस सुंदर बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है।

# टीएचआर निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने दो सेविका एक सहायिका का एक दिन का मानदेय काटा, पूछा स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आईसीडीएस सेवाओं को सशक्त और प्रभावी बनाने को लेकर मसौढ़ी सीडीपीओ अर्चना कुमारी लगातार विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। ऐसे में मंगलवार को मसौढ़ी के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई जहां पर तीन आंगनबाड़ी केंद्रों पर कई अनियमितता पाई गयी जहां आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 141, 142 एवं 144 के निरीक्षण के दौरान टीएचआर पैकेट नहीं बनाया गया था। दैनिक पोषाहार बच्चों की उपस्थिति कम थी, साफ सफाई के साथ-साथ केंद्र की कई पंजी में कई खामियां थी जिसको लेकर सीडीपीओ ने केंद्र संख्या 142 और 144 के सेविका का 1 दिन का मानदेय काटा और 141 केंद्र की सहायिका का 1 दिन का मानदेय काटते हुए 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण पूछा। संतोषजनक जवाब नहीं मिले पर अग्रेतर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि लगातार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। आईसीडीएस सेवाओं का लाभ हर लाभुकों को मिले यही हमारा उद्देश्य है। लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# नीतीश कुमार ही करेंगे पार्टी में कोई भी फैसला : संजय झा

## अगर कोई गलत काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** होली के दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के साथ जदयू नेताओं की वायरल हुई तस्वीर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि हमारी पार्टी के नेता नीतीश कुमार हैं, हमारी पार्टी को उन्होंने ही बनाया है। पार्टी में कोई भी फैसला वही करेंगे। उनके नेतृत्व में ही हम 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, विपक्ष के द्वारा कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जाने पर संजय झा ने कहा कि इस सरकार में अगर कोई गलत काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस यह भी देख रही है कि ऐसा करने वाले किस पार्टी के समर्थक और किस पृष्ठभूमि से हैं। पुलिस जनता की आवाज पर काम कर रही थी। पुलिस ने कहीं गोली नहीं चलाई। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, स्पीडी ट्रायल में कार्रवाई होगी। वहीं, पटना में जदयू कार्यालय के बाहर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के समर्थन में लगे पोस्टर पर संजय झा ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार हैं। कोई भी फैसला वही करेंगे। उल्लेखनीय है कि होली के दौरान शेयर हुई एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उस तस्वीर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के साथ संजय झा और विजय चौधरी दिख रहे हैं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद चर्चा और तेज हो गई कि निशांत की जदयू में एंट्री पक्की है। निशांत को लेकर जदयू कार्यालय के बाहर पोस्टर भी लगे हैं। इससे पहले मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी निशांत को लेकर कहा था कि निशांत कुमार की जदयू में क्या भूमिका होगी यह नीतीश कुमार को तय करना है। जदयू को नीतीश कुमार ने खड़ा किया है। इस पार्टी के वह सर्वमान्य नेता हैं। इस पार्टी में वही बात होती है जो नीतीश कुमार फैसला लेते हैं। उन्हीं के फैसले पर पार्टी का भविष्य भी निर्भर करता है।

# सफेद रंग की सफारी गाड़ी बरामद, गाड़ी के अंदर गिरे थे खून के धब्बे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** गोपालपुर थाने की पुलिस ने मसौढ़ी थाना क्षेत्र के नगर मुख्यालय के तारेगना मुसहरी के पास एक सफेद रंग के लावारिस स्थिति में पड़ी हुई स्कार्पियो को बरामद किया। दरअसल स्थानीय लोगों ने मोहल्ले में काफी देर से लावारिस पड़ी हुई स्कॉर्पियो को देखा जहां गाड़ी के अंदर खून के धब्बे गिरे हुए थे जिसे देख मसौढ़ी पुलिस की सूचना दी गई जहां पहले से ही हिंसक घटना में छानबीन कर रही गोपालपुर पुलिस पहुंची और स्कार्पियो को जब्त कर अपने साथ ले गई। गोपालपुर थानाध्यक्ष जावेद अहमद ने बताया कि संपतचक के रहने वाले जयप्रकाश और मसौढ़ी के रहने वाले अभिषेक के साथ किसी पुरानी रंजिश में मारपीट हुई है और मारपीट के दौरान जयप्रकाश को इसी गाड़ी में अधमरा कर ले मसौढी लाया था। हालांकि मसौढ़ी पहुंचते ही जख्मी जयप्रकाश जान बचाकर भाग निकला जिसकी सूचना हमलोग को मिली जिसकी छानबीन कर रहे थे। उसी दौरान मसौढ़ी आकर स्कार्पियो जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई कर रहे है।

# निशांत के राजनीति में आने से वंशवाद का आरोप लगेगा : भगवान सिंह कुशवाहा

## यदि निशांत राजनीति में आते हैं, तो लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार में क्या अंतर रह जाएगा?

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर जारी सियासी हलचल के बीच जदयू के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि यदि निशांत राजनीति में आते हैं तो लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार में क्या अंतर रह जाएगा? उन्होंने कहा कि अब तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री विजय चौधरी या किसी अन्य वरिष्ठ नेता ने इस विषय पर कोई बयान नहीं दिया है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि निशांत कुमार राजनीति में कैसे आ सकते हैं? श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने स्पष्ट किया कि जदयू में हर बड़ा फैसला खुद नीतीश कुमार लेते हैं।

# सड़क के बीचो-बीच पड़ा सूखा पेड़ हादसों का दे रहा निमंत्रण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** किसी सार्वजनिक जगहों की बात तो छोड़िए, प्रखंड मुख्यालय मसौढ़ी के प्रशासनिक कार्यालय के बीच सड़क के बीचो-बीच एक सूखी हुई टूटी हुई पेड़ पिछले कई महीनों से टूट कर लटकी हुई है जो हादसों का निमंत्रण दे रहा है। दरअसल मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय के बगल में सीडीपीओ कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, अंचलाधिकारी आवास जाने वाले रास्ते के बीच एक सूखा हुआ पेड़ काफी दिनों से लटका पड़ा है जो हादसों का निमंत्रण दे रहा है। कभी भी वह पेड़ किसी भी अप्रिय घटना का कारण बन सकती है, ऐसे में यह प्रशासनिक लापरवाही नहीं है तो क्या है। हालांकि इस रास्ते प्रत्येक दिन आम आवाम के अलावा प्रशासनिक पदाधिकारी गुजरते हैं बावजूद इसे हटाने की जेहनत किसी न की। ऐसे में समय रहते अगर नहीं हटाया गया तो कहीं न कहीं वह पेड़ किसी भी व्यक्ति को चोटिल कर सकता है और वह बड़ी घटना का कारण बन जाएगी।

# अपने बेटे के मामले पर लालू यादव चुप क्यों हैं : नीरज कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** होली के दौरान हुई आपराधिक घटनाओं और अलग-अलग जगहों पर पुलिस पर हुए हमलों को लेकर विपक्ष के हमले पर सत्ता पक्ष के नेताओं ने पलटवार किया है। जदयू के विधान पार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मिजाज के बारे में बताया कि वो अपराध को लेकर कितने गंभीर रहते हैं। नीरज कुमार ने तेजप्रताप यादव द्वारा वर्दीधारी अंगरक्षक को डांस करवाने के लिए निलंबित किए जाने को मुद्दा बनाते हुए लालू यादव को घेरा और पूछा कि वो अपने बेटे के मामले पर चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा कि तेजस्वी अपने भाई के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं रखते, इसलिए वो भय में हैं। वहीं जदयू विधायक अमन भूषण हजारी के वायरल हुए वीडियो को लेकर नीरज कुमार ने कहा कि हमने वीडियो नहीं देखा है, लेकिन हमारे अलग नियम है। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि मैं 40 साल से साथ हूं, लेकिन जब मेरे ऊपर मुकदमा हुआ तो नीतीश जी मुझे पहचानने से इंकार कर दिए थे, लेकिन जब अनुसंधान में हम बरी हुए तब जाकर पार्टी में वो स्थान वापस मिला। उन्होंने कहा कि अपराध करके बदमाश बच नहीं सकते। हर हाल में वो जेल भेजे जाएंगे।

# घरेलू कलह में युवक ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** घरेलू विवाद में एक युवक के द्वारा खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के तेल्हारी गांव का है। मृतक की पहचान राकेश कुमार पिता रामबाबू प्रसाद के रूप में हुई है। दरअसल बताया जाता है कि मृतक राकेश कुमार की शादी ढाई वर्ष पूर्व मौसमपुर लसंडा बाजार की गौरी कुमारी के साथ में हुआ था। शादी के 1 साल बाद से पति-पत्नी में कुछ अनबन हुई थी जहां पत्नी छोड़ कर चली गई थी बाद में फिर आकर साथ में रहने लगी, लेकिन कुछ दिनों बाद दोनों में लड़ाई झगड़े हो रही थी, इसी तनाव में आकर राकेश ने खुदखुशी कर ली। इस घटना के बाद परिजनों के बीच मातम का माहौल है।

# कृषि सचिव ने बागवानी में आधुनिक खेती करने वाले किसान को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में समस्तीपुर जिले के कोठिया पंचायत, ताजपुर प्रखंड के प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संजय कुमार ने अपनी खेती से जुड़े अनुभव एवं पारम्परिक कृषि से हट कर बागवानी को अपनाने से हुई आमदनी में वृद्धि की जानकारी साझा की। सचिव श्री अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्धतियों एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान उत्पादन में बढ़ोतरी कर रहे है। किसान संजय कुमार समस्तीपुर जिले के ताजपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम कोठिया के रहने वाले है। उन्होंने बताया कि पहले वे 20 एकड़ की भूमि पर धान एवं गेहूं की पारम्परिक खेती करते थे जिससे उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसलिए उन्होंने बागवानी की ओर रूख करते हुए केला, नींबू, पपीता, बेर, बेल, अमरूद तथा सब्जियों की खेती को अपनाया है जिससे उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आत्मा के द्वारा उन्हें राज्य से बाहर विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया जिससे उन्होंने उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने में सफलता प्राप्त की। साथ ही उन्हें ड्रिप सिंचाई प्रणाली का भी लाभ मिला है जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ उनकी फसलों की उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेती की तुलना में व्यवसायिक और तकनीकी खेती अधिक फायदेमंद साबित हो रही है। नई कृषि पद्धतियों के इस्तेमाल से उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हुई जिससे उन्हें अधिक मुनाफा प्राप्त हो रहा है। कृषि सचिव श्री अग्रवाल ने उनकी सफलता की सराहना की और किसानों को नई तकनीकों को अपनाने और उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार किसानों को बागवानी की ओर प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न योजनाएं जैसे-क्लस्टर आधारित बागवानी की योजना, छत पर बागवानी योजना, स्ट्रॉबेरी विकास योजना तथा फल विकास योजना (टिशू कल्चर केले एवं लीची की खेती) आदि चलाई जा रही है। सचिव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सब्सिडी का अधिकतम लाभ उठाने का राज्य के किसानों से आग्रह किया जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। ताकि राज्य के किसान अधिक आत्मनिर्भर और समृद्ध बन सके।

## संपादकीय

# भारत-मारीशस संबंधों में नई ऊर्जा, सामरिक साझेदारी हुई मजबूत

भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है और दुनिया में समकालीन उथल-पुथल के बीच लगभग हर दौर में अलग-अलग स्तर पर दोनों देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय लिखे जाते रहे। इसी क्रम में अगली कड़ी के तौर पर भारतीय प्रधानमंत्री की मारीशस यात्रा को कई कारणों से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इसलिए भी कि दुनिया इस समय भू-राजनीति के एक जटिल दौर से गुजर रही है और इसमें आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर नए ध्रुव बन रहे हैं। ऐसे में भारत के रुख पर विकासशील देशों या 'वैश्विक दक्षिण' के साथ-साथ महाशक्ति माने जाने वाले देशों की भी नजर रहती है। यों जब शीतयुद्ध के दौरान दुनिया दो मुख्य ध्रुवों में बंटी हुई थी और कई देशों के नीतिगत फैसले भी उसी से तय होते थे, उस दौर में भी भारत की अहमियत जगजाहिर रही। अब पिछले कुछ समय से अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ दुनिया भर में बन रहे नए समीकरण के बीच भी भारत का रुख सभी देशों के लिए मायने रखता है। अच्छा यह है कि भारत ने महाशक्ति कहे जाने वाले से लेकर बाकी तमाम देशों के साथ अपने संबंधों को खास महत्त्व दिया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की ताजा मारीशस यात्रा के आखिरी दिन 'उन्नत रणनीतिक साझेदारी के लिए भारत-मारीशस का संयुक्त दृष्टिकोण' जारी किया गया, जो मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच खास और अनूठे संबंधों को रेखांकित करता है। इस दौरान बनी सहमति के तहत बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त, आवास, अपराध की जांच, समुद्री यातायात निगरानी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित बातचीत के जरिए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इनमें भारत द्वारा मारीशस की नई संसद भवन का निर्माण भी शामिल है। पिछले कुछ वर्षों से चीन के रवैये के मद्देनजर रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहयोग को भारत और मारीशस के बीच संबंधों का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ मान कर साझेदारी के सफर को आगे बढ़ाना भी एक अहम कड़ी है। हालांकि मुक्त और सुरक्षित हिंद महासागर क्षेत्र सुनिश्चित करने के मामले में साझा प्रतिबद्धता वाले देश के रूप में इन दोनों देशों को एक स्वाभाविक साझीदार माना जाता है। यही वजह है कि क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का सामना करने और व्यापक रणनीतिक हितों की सुरक्षा के लिए मिल कर काम करने का अपना पुराना संकल्प दोहराया। दरअसल, भारतीय विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में 'पड़ोस प्रथम' के तहत भी मारीशस का स्थान महत्त्वपूर्ण है। हिंद महासागर में मारीशस अपनी भौगोलिक अवस्थिति की वजह से भारत के लिए एक बेहद अहम रणनीतिक साझेदार है।

**अंतर्राष्ट्रीय मंच से कौन से देश वास्तव में क्या फैसले ले रहे हैं, क्या आपका ध्यान इस सवाल पर गया है? ग्रेट पॉवर्स इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया के वो शक्तिशाली 10 देश कौन हैं, जो अहम जियो-पॉलिटिकल फैसले करते हैं। अरबपति निवेशक रे डालियो, जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े हेज फंड ब्रिजवाटर एसोसिएट्स की स्थापना की है, उनके फर्म ने ये रैंकिंग की है। इसे कई फैक्टर्स के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें आर्थिक उत्पादन, सैन्य क्षमता, टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन और रिजर्व करेंसी की स्थिति शामिल है। रैंकिंग की गणना में बुनियादी ढांचा और इन्वेस्टमेंट और शासन और कानून की स्थिति को भी ध्यान में रखा गया है।**

# भारत ने रूस, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों को किया पीछे

(अभिजात शेखर आजाद)

दुनिया के 10 शक्तिशाली और प्रभावशाली देशों की लिस्ट में भारत ने फ्रांस, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। वहीं इस लिस्ट को देखने से पता चलता है कि लिस्ट में शामिल कुछ देशों को पांव लड़खड़ा रहे हैं और अगले कुछ सालों में वो टॉप-10 की रैंकिंग से भी बाहर हो सकते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मंच से कौन से देश वास्तव में क्या फैसले ले रहे हैं, क्या आपका ध्यान इस सवाल पर गया है? ग्रेट पॉवर्स इंडेक्स 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया के वो शक्तिशाली 10 देश कौन हैं, जो अहम जियो-पॉलिटिकल फैसले करते हैं। अरबपति निवेशक रे डालियो, जिन्होंने दुनिया के सबसे बड़े हेज फंड ब्रिजवाटर एसोसिएट्स की स्थापना की है, उनके फर्म ने ये रैंकिंग की है। इसे कई फैक्टर्स के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें आर्थिक उत्पादन, सैन्य क्षमता, टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन और रिजर्व करेंसी की स्थिति शामिल है।

रैंकिंग की गणना में बुनियादी ढांचा और इन्वेस्टमेंट और शासन और कानून की स्थिति को भी ध्यान में रखा गया है। इस सूचकांक में प्रत्येक राष्ट्र के सुख और स्वास्थ्य के स्तर को भी ध्यान में रखा गया है। इन सभी तत्वों के आधार पर, 0 से 1 के बीच का कुल शक्ति गेज स्कोर प्रदान किया गया है। इन फैक्टर्स के आधार पर यह रैंकिंग अगले 10 वर्षों के लिए वास्तविक विकास का अनुमान बताता है। जिससे पता चलता है कि प्रत्येक देश के लिए भविष्य में क्या हो सकता है।

**10वें नंबर पर रूस, स्कोर- 0.26:** पिछले 3 सालों से यूक्रेन के साथ जंग में शामिल रूस को 10वें नंबर पर रखा गया है। हालांकि इसे शक्ति के स्तर पर 0.26 अंक मिले हैं। लेकिन इसकी प्रति व्यक्ति रेटिंग 0.28 है, जो कई समान अर्थव्यवस्थाओं से कम है। रूस प्राकृतिक संसाधनों में समृद्ध है और इसकी सेना को मजबूत बताया गया है। हालांकि, देश के आंतरिक स्थिति, इकोनॉमी को लेकर संघर्ष, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, खराब बुनियादी ढांचे और निवेश की कमी की वजह से रैंकिंग में काफी नुकसान हुआ है। रूस के अगले 10 वर्षों के लिए 2.9 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि का पूर्वानुमान लगाया गया है, लेकिन इसकी अर्थव्यवस्था को लेकर कई एक्सपर्ट्स की चेतावनियां भी आई हैं।

**9वें नंबर पर फ्रांस, स्कोर- 0.27:** शक्ति के मामले में फ्रांस को 0.27 स्कोर मिवा है, जबकि देश का प्रति व्यक्ति स्कोर 0.45 है, जो यूरोजोन औसत से ज्यादा है। फ्रांस की वैश्विक शक्ति इसकी कम-से-कम अनुकूल आर्थिक/वित्तीय स्थिति की वजह से अभी भी सीमित है। इसके अलावा फ्रांस में कार्यबल महंगा है। सकारात्मक पहलुओं में देश की सामाजिक भलाई, असाधारण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और अमीर और गरीब के बीच तुलनात्मक रूप से कम अंतर शामिल हैं। अगले 10 वर्षों में, फ्रांस में 0.9 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है, लेकिन यूरोपीय अर्थव्यवस्था के लिए यह कोई विशेष बात नहीं है।

**आठवां सबसे मजबूत देश- यूके, ताकत स्कोर- 0.29:** यूनाइटेड किंगडम की ताकत का स्कोर 0.29 है और प्रति व्यक्ति रेटिंग 0.46 है, जो



यूरोजोन औसत से बेहतर है, लेकिन स्विटजरलैंड से पीछे है। यूके के महाशक्ति के दर्जे में बाधाएं इसकी प्रतिकूल आर्थिक/वित्तीय स्थिति, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और तुलनात्मक रूप से महंगा कार्यबल होना है। वहीं देश में कम निवेश भी चिंताजनक है। हालाँकि, यूके को स्वास्थ्य के लिए उच्च दर्जा दिया गया है। अगले 10 वर्षों में ब्रिटेन की वास्तविक विकास दर 1.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत से कम है, लेकिन यूरोजोन के लिए पूर्वानुमान से अधिक है।

**सातवें नंबर पर भारत का स्थान, स्कोर- 0.30:** भारत को दुनिया की उभरती हुई शक्ति कहा जाता है और भारत का शक्ति स्कोर 0.3 से थोड़ा ज्यादा है। लेकिन भारत का प्रति व्यक्ति स्कोर सूचकांक में शामिल देशों में सबसे कम सिर्फ 0.07 है। ऐसा भारत की विशालकाय आबादी की वजह से है। भारत की सबसे बड़ी ताकतों में इसकी लचीली अर्थव्यवस्था और वित्तीय स्थिरता और भारत के लोगों आत्मनिर्भरता शामिल है। हालांकि, दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश को कई सीमाओं को अभी पार करना बाकी है, जिसमें इसकी अल्पविकसित नवाचार और तकनीकी पहुंच शामिल है। भारत में भारी भ्रष्टाचार की बात कही गई है और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए गये हैं। इसके अलावा अमीर और गरीब के बीच का बड़ा फासला भी चिंताजनक है। अगले 10 वर्षों में भारत का वास्तविक विकास पूर्वानुमान इस लिस्ट में सबसे अच्छा 6.3 प्रतिशत है। भारत में निवेश के उच्च स्तर और इसके कर्मचारियों की मेहनत को काफी सराहा गया है।

**छठे नंबर पर दक्षिण कोरिया, स्कोर- 0.32:** दक्षिण कोरिया एक और मध्यम-स्तरीय शक्ति है जो उभर रही है। लेकिन भारत की तुलना में इसकी आर्थिक वृद्धि धीमी है। दक्षिण कोरिया का शक्ति स्कोर 0.32 है, जबकि प्रति व्यक्ति रेटिंग 0.54 है। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में देश काफी शानदार काम कर रहा है और देश के ऊपर काफी कम कर्ज का होना इसकी एक बड़ी पहचान है। लेकिन देश में प्राकृतिक संसाधनों और रिजर्व करेंसी का अभाव है। अगले 10 वर्षों में दक्षिण कोरिया की वास्तविक वृद्धि दर 1.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। ये वैश्विक औसत के आसपास है, लेकिन एक विकसित अर्थव्यवस्था के लिए प्रभावशाली है।

**पांचवें नंबर पर जापान, स्कोर 0.33:** जापान का शक्ति स्कोर 0.33 है और प्रति व्यक्ति रेटिंग 0.40 है, जो इसे मध्यम-स्तरीय शक्ति बनाता है। हालांकि जापान को लेकर सबसे चौंकाने वाला खुलासा ये हुआ है कि टेक्नोलॉजी सेक्टर में सालों से काफी आगे निकल चुका जापान अब लुढकने लगा है। हालांकि देश के पास रिजर्व मुद्रा का विशाल भंडार है, लेकिन जापान की सबसे बड़ी कमजोरी प्राकृतिक संसाधनों की कमी है। अगले 10 वर्षों में जापान की वास्तविक वृद्धि दर का अनुमान 1.2 प्रतिशत है। हालांकि यह वैश्विक औसत से कम है, लेकिन यह आंकड़ा प्रभावशाली है, क्योंकि पिछले दशक में जापान का औसत आंकड़ा सिर्फ़ 0.8 प्रतिशत था।

**चौथे स्थान पर जर्मनी, स्कोर 0.38:** जर्मनी को इस लिस्ट में चौथे स्थान पर रखा गया है और इसका शक्ति स्कोर 0.38 है। हालांकि इसका प्रति व्यक्ति स्कोर 0.54 पर बहुत बेहतर है। सूचकांक में यूरोपीय देशों में से, सिर्फ नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड को इस मीट्रिक से बेहतर दर्जा मिला है। जर्मनी का प्रमुख सकारात्मक पहलू श्रम और पूंजी का कुशल आवंटन है। अन्य विशेषताओं में देश के शीर्ष-स्तरीय स्वास्थ्य संकेतक शामिल हैं। लेकिन प्राकृतिक संसाधनों की कमी एक बड़ी चिंता है। जबकि देश के पास एक कमजोर सेना का होना भी चिंता का विषय है। अगले 10 सालों में जर्मनी की विकास संभावनाएं काफी फीकी दिख रही हैं। हकीकत ये है कि जर्मनी का विकास दर अगले 10 सालों में माइनस 0.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा।

**तीसरे नंबर पर यूरोजोन, स्कोर 0.56:** यूरोजोन को धीरे-धीरे कम होते जा रहे एक मजबूत देश के रूप में लिस्ट में रखा गया है। इसका शक्ति स्कोर 0.56 है, जबकि यूरो को अपनी मुद्रा के रूप में उपयोग करने वाले 20 यूरोपीय संघ के सदस्य देशों का संयुक्त प्रति व्यक्ति स्कोर 0.43 है। यूरोजोन की प्रमुख ताकतों में इसके मजबूत वित्तीय बाजार, रिजर्व मुद्रा की स्थिति, वैश्विक व्यापार में प्रमुख भूमिका, पर्याप्त आर्थिक उत्पादन, अच्छी तरह से विकसित बुनियादी ढांचा है। हालांकि इसकी चुनौतियां उच्च श्रम लागत और प्राकृतिक संसाधनों की कमी है। अगले 10 वर्षों में यूरोजोन की वास्तविक वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है।

**दूसरे नंबर पर चीन का स्थान, स्कोर 0.8:** चीन को इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रखा गया है और उसे 0.8 प्वाइंट मिले हैं। वहीं प्रति व्यक्ति रेटिंग 0.3 है। चीन को तेजी से उभरती हुई एक मजबूत शक्ति माना जाता है, हालांकि पिछले तीन वर्षों में इसके विकास का ग्राफ कमजोर पड़ा है। देश की ताकतों में इसका मजबूत बुनियादी ढांचा और निवेश, वैश्विक व्यापार नेता के रूप में इसकी स्थिति, नवाचार/तकनीकी कौशल, उच्च स्तर की शिक्षा और पर्याप्त आर्थिक उत्पादन हैं। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति भी एक प्रमुख विशेषता है। अगले 10 वर्षों के लिए चीन की वास्तविक वृद्धि दर का अनुमान 4 प्रतिशत के करीब है, जो भारत के मुकाबले कम है। चीन ने एक मजबूत पूंजी बाजार का निर्माण किया है और उसने अपनी सैन्य ताकत का अभूतपूर्व विकास किया है। चीन के पास विशालकाय विदेश मुद्रा भंडार है।

# इतिहास और संस्कृति का अनमोल खजाना बठिंडा शहर

(प्रीटी)

बठिंडा किला इस शहर का सबसे पुराना और ऐतिहासिक स्थल है। यह किला प्राचीन समय से यहाँ स्थित है और इसकी भव्यता आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। किले का निर्माण 1,000 साल पहले हुआ था और यह शहर के सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक किलों में से एक है।

बठिंडा, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक शहर है, जिसे अपनी धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, धार्मिक महत्व और खूबसूरत वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यह शहर न केवल पंजाब के इतिहास में अहम स्थान रखता है, बल्कि यहाँ की संस्कृति, परंपराएँ और वातावरण इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाते हैं। बठिंडा का ऐतिहासिक महत्व, वहाँ की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर, और यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के लिए पर्यटक दूर-दूर से आते हैं। आइए जानते हैं बठिंडा के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

### 1. बठिंडा किला

बठिंडा किला इस शहर का सबसे पुराना और ऐतिहासिक स्थल है। यह किला प्राचीन समय से यहाँ स्थित है और इसकी भव्यता आज भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। किले का निर्माण 1,000 साल पहले हुआ था और यह शहर के सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक किलों में से एक है। किले के अंदर स्थित मस्जिदें, बगीचे और दीवारें इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती हैं। यहाँ की ऐतिहासिक वास्तुकला और किले की संरचना इस स्थल को देखने लायक बनाती है।

### 2. रानी तालाब

रानी तालाब बठिंडा का एक प्रसिद्ध और शांतिपूर्ण स्थान है, जो पर्यटकों को प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए आदर्श है। यह तालाब ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह रानी के समय में शाही परिवार द्वारा उपयोग किया जाता था। आजकल यह स्थान स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध है। यहाँ की शांत वातावरण और तालाब के पास के बगीचे में समय बिताना एक अद्वितीय अनुभव है।

### 3. गुरुद्वारा दरबार साहिब

गुरुद्वारा दरबार साहिब बठिंडा का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो सिख धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह जी से जुड़ा हुआ है और यहाँ श्रद्धालु अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए आते हैं। यहाँ के शांति पूर्ण वातावरण और धार्मिक स्थलों का ऐतिहासिक महत्व श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। यह स्थल न केवल सिख धर्म के अनुयायियों के लिए पवित्र है, बल्कि सभी धर्मों के लोग यहाँ आकर शांति का अनुभव करते हैं।

### 4. झील और बगीचे

बठिंडा में स्थित किले की झील और बगीचे भी पर्यटकों के आकर्षण का एक प्रमुख केंद्र हैं। यहाँ की हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को एक शांतिपूर्ण अनुभव प्रदान करते हैं। इन स्थानों पर घूमते हुए पर्यटक पंजाब की प्रकृति और शांति का अनुभव कर सकते हैं। बठिंडा में स्थित बाग-बगिचों की खूबसूरती भी इस शहर को एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाती है।

### 5. बीबी नूरी मस्जिद

बीबी नूरी मस्जिद बठिंडा की एक ऐतिहासिक और धार्मिक मस्जिद है, जो अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यह मस्जिद शहर के मध्य में स्थित है और यहाँ का शांतिपूर्ण माहौल पर्यटकों को आकर्षित करता है। मस्जिद के अद्भुत डिज़ाइन और इसके ऐतिहासिक महत्व को देखकर पर्यटक इस स्थान पर अवश्य आते हैं।

### 6. थर्मल प्लांट

बठिंडा का थर्मल प्लांट एक अद्वितीय और प्रौद्योगिकिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यह प्लांट बठिंडा शहर के औद्योगिक विकास का प्रतीक है। पर्यटक यहाँ के तकनीकी कार्यों और औद्योगिक दृष्टिकोण से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए आते हैं। यह स्थल औद्योगिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक दिलचस्प स्थान हो सकता है।

### 7. शाही किला

शाही किला बठिंडा का एक और ऐतिहासिक स्थल है, जो शहर के शाही अतीत का प्रतीक है। इस किले का निर्माण राजा भूरी सिंह के समय में हुआ था और यह किला बठिंडा के इतिहास को दर्शाता है। यहाँ की ऐतिहासिक संरचनाएँ और शाही वास्तुकला इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती हैं। किले के चारों ओर स्थित बाग-बगिचे और पुराने कक्ष इसे एक आकर्षक स्थल बनाते हैं।

### 8. संत गुरु रविदास जी की जन्मभूमि

बठिंडा में स्थित संत गुरु रविदास जी की जन्मभूमि एक धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है, जो उन लोगों के लिए महत्व रखता है जो संत रविदास जी के विचारों और शिक्षाओं में रुचि रखते हैं। यहाँ पर हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं और गुरु रविदास जी के योगदान को याद करते हैं। यह स्थान धार्मिक आस्थाओं और इतिहास से जुड़ा हुआ है, और यहाँ पर आने से व्यक्ति को आंतरिक शांति मिलती है।

बठिंडा एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से भरपूर शहर है, जो अपने दर्शनीय स्थलों और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों का आकर्षण बन चुका है। यहाँ का किला, झीलें, गुरुद्वारे और ऐतिहासिक स्थल बठिंडा को एक अद्वितीय पर्यटन स्थल बनाते हैं। अगर आप इतिहास, संस्कृति और धार्मिक स्थलों में रुचि रखते हैं, तो बठिंडा की यात्रा निश्चित ही एक अविस्मरणीय अनुभव साबित होगी। यहाँ के शांत वातावरण, ऐतिहासिक किले और धार्मिक स्थलों को देखकर आप पंजाब की समृद्ध संस्कृति और इतिहास का अनुभव कर सकते हैं।

(साभार)

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया। इसके बावजूद की पूरे अमरीका में ज्यादातर अंग्रेजी बोली जाती है। ट्रंप के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय एकता, साझा संस्कृति, और सरकारी कार्यों में समरसता लाने में मदद करेगा। अमरीका जैसे सुपर पावर की एक आधिकारिक भाषा हो सकती है पर भारत में ऐसा करना आसान नहीं है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार सिर्फ क्षुद्र स्वार्थों और वोट बैंक की खातिर हिन्दी का विरोध कर रही हैं।**

# मुख्यमंत्री स्टालिन का हिन्दी विरोध और भ्रष्टाचार पर चुप्पी

(योगेंद्र योगी)

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिन्दी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया। इसके बावजूद की पूरे अमरीका में ज्यादातर अंग्रेजी बोली जाती है। ट्रंप के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय एकता, साझा संस्कृति, और सरकारी कार्यों में समरसता लाने में मदद करेगा। अमरीका जैसे सुपर पावर की एक आधिकारिक भाषा हो सकती है पर भारत में ऐसा करना आसान नहीं है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार सिर्फ क्षुद्र स्वार्थों और वोट बैंक की खातिर हिन्दी का विरोध कर रही हैं। जबकि देश के ज्यादातर राज्यों में हिन्दी न सिर्फ आधिकारिक भाषा है बल्कि सर्वाधिक बोली जाने वाली भी है।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिन्दी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं उससे लगता है कि तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं होकर कोई अलग देश है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य में लागू नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार इसके बदले 10,000 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता ही क्यों न दे। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले 2,000 करोड़ रुपये की राशि रोकने की धमकी दी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत भी की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार राजनीतिक लाभ के लिए हिंदी थोपने का फर्जी नैरेटिव बना रही है।



गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जितना विरोध तमिलनाडु की स्टालिन सरकार कर रही है, उतना देश के किसी अन्य राज्य ने नहीं किया। यहां तक की बात-बात पर केंद्र की भाजपा सरकार से टकराने को तैयार रहने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस मुद्दे पर मुखर नहीं दिखी। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने 1948-49 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले आयोग ने हिंदी को केंद्र सरकार के कामकाज की भाषा बनाने की सिफारिश की थी। आयोग की सिफारिश थी कि सरकार के प्रशासनिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कामकाज अंग्रेजी में किए जाएं। इस आयोग ने कहा था कि प्रदेशों का सरकारी कामकाज क्षेत्रीय भाषाओं में हो। राधाकृष्णन आयोग की यह सिफारिश ही आगे चलकर स्कूली शिक्षा के लिए त्रिभाषा फार्मूला के नाम से मशहूर हुआ। इस सिफारिश को राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) ने 1964-66 में स्वीकार किया। इंदिरा गांधी की सरकार की ओर से पारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में इसे शामिल किया गया। सरकार ने प्रस्तावित किया कि माध्यमिक स्तर तक हिंदी भाषी राज्यों में छात्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दक्षिणी भाषाओं में से एक और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के साथ हिंदी सीखें।

राजीव गांधी सरकार में 1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और नरेंद्र मोदी सरकार में 2020 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसी फार्मूले को रखा गया। लेकिन इसके क्रियान्वयन में लचीलापन लाया गया। पिछली राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत 2020 में बनी नीति में हिंदी का कोई उल्लेख नहीं है। इसमें कहा गया है कि बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाएं राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से स्वयं छात्रों की पसंद होंगी, बशर्ते कि तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं हों।

यह पहला मौका नहीं है जब तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आड़ में राजनीतिक की जा रही है। हिन्दी का विरोध करना तमिलनाडु में वोट बैंक साधने का साधन बन चुका है। स्टालिन की पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कडग़म (डीएमके) ही नहीं इससे पहले सत्ता में रहे अन्य क्षेत्रीय दल भी वोटों की खातिर हिंदी विरोध के मुद्दे को भुनाते रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलनों का करीब सौ साल पुराना है। केरल और कर्नाटक के विपरीत तमिलनाडु में दो भाषा फार्मूले का पालन किया जाता है। इसके तहत छात्रों को केवल तमिल और अंग्रेजी पढ़ाई जाती है। साल 1937 में मद्रास में सी राजगोपालाचारी की सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव रखा था। इसका जस्टिस पार्टी ने विरोध किया था।

हिंदी के विरोध में हुए आंदोलन में थलामुथु और नटराजन नाम के दो युवकों की जान चली गई थी। बाद में वो हिंदी विरोधी आंदोलन के प्रतीक बन गए। इस विरोध के आगे झुकते हुए राजाजी को इस्तीफा देना पड़ा था। वहीं 1960 के दशक में जब देश में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की समय सीमा आई तो तमिलनाडु में हिंसक विरोध प्रदर्शन होने लगे। हिंदी विरोधी इस आंदोलन में पुलिस कार्रवाई और आत्मदाह की घटनाओं में करीब 70 लोगों की जान चली गई थी। मौजूदा स्टालिन सरकार हिन्दी का जिस कदर विरोध कर रही है, भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कभी उतनी मुखर नहीं रही है। स्टालिन सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विसलाची को आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराया गया है। जल संसाधन मंत्री रईमुरुगन का नाम अक्सर तमिलनाडु में अवैध रेत खनन से जुड़ा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी चेन्नई में एक भूखंड के अवैध आवंटन का आरोप झेल रहे हैं।

आयकर विभाग ने तमिलनाडु के लोक निर्माण और राजमार्ग मंत्री ईवी वेलु से जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी। डीएमके नेता से जुड़ी संपत्तियों से 29 करोड़ रुपये नकद जब्त किए। आश्चर्य की बात यह है कि मंत्रियों पर लगे संगीन आरोपों के बावजूद मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक बार भी भ्रष्टाचार के खिलाफ बयान नहीं दिया, जबकि हिंदी का विरोध खूब कर रहे हैं। यह निश्चित है कि ऐसे विरोध देश की एकता-अखंडता के लिए नुकसानदायक हैं। राजनीतिक दल जब तक अपने निहित क्षुद्र स्वार्थों से ऊपर उठ कर देश हित के बारे में नहीं सोंचेंगे तब तक भाषा और दूसरे ऐसे भावानात्मक मुद्दे वोट बटोरने का जरिया बन रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुकान में लगी आग, डेढ़ लाख का नुकसान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास पटेल मार्केट स्थित कोरकरी शॉप में देर शाम भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है,। कैकेरी शॉप सटी है कई दुकानें है जिस कारण वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया था। दुकान के मालिक गौतम ने बताया कि आग लगने से लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान के स्टाफ ने बताया कि पहले इनवर्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी उसके बाद आग फैल गई।



### आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक को लेकर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

कोडरमा/झुमरी तिलैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में रॉलिंग ब्लॉक के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। इसमें 17 व 20 मार्च को ट्रेन संख्या 18019/18020 झाड़ग्राम-धनबाद - झाड़ग्राम मेमू एक्सप्रेस के परिचालन को निरस्त किया गया है। वहीं 17, 20 व 22 मार्च को ट्रेन संख्या 13503/13504 बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू का आंशिक समापन व आंशिक प्रारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो स्टेशन से किया जाएगा। उक्त जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक धनबाद सह वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने दी।

### दो युवकों ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले मे फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला शुक्रवार सुबह की है। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा के चितरपुर में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसकी पहचान 32 वर्षीय महेश यादव,पिता- युगर यादव, ग्राम चितरपुर इंदरवा, थाना कोडरमा निवासी के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार मामला घरेलू विवाद का बताया जा रहा है। जबकि घटना की सूचना मिलते हीं परिजनों ने रस्सी से उतार कर आनन-फानन में सदर अस्पताल ले गए,जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर रिम्स रेफर कर दिया। दूसरी घटना डोमचांच थाना क्षेत्र के नावाडीह की है। शुक्रवार शाम को युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसकी पहचान 30 वर्षीय महेश मेहता,पिता- स्व सुग्गी मेहता, ग्राम नावाडीह, थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। यहां भी परिजनों की सूझबुझ से आनन-फानन में सदर अस्पताल लाए,जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पत्नी से विवाद के कारण युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था।

### नवविवाहित महिलाओं की 16 दिनों का गणगौर पूजा शुरू

**कोडरमा/झुमरी तिलैया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के स्टेशन रोड स्थित अलका स्टोर भक्त प्रहलाद चौक पर होलिका दहन का मुख्य कार्यक्रम किया गया, जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इधर होलिका दहन कार्यक्रम को लेकर दूर-दराज की रहने वाले नवविवाहित महिलाएं भी अपने पीहर के घर पहुंच गई थी। ये नवविवाहिता सोलह श्रृंगार करके उक्त होलिका दहन के दौरान होलिका के चारों ओर परिक्रमा की। होलिका दहन कार्यक्रम के साथ हीं इन नवविवाहितों का 16 दिनों का गणगौर पूजा शुरू हो गई है। बता दें कि यह परंपरा मुख्यतः राजस्थानी, गुजरात व मध्य प्रदेश के लोगों का एक त्यौहार है, जहां महिलाएं शिव-पार्वती की पूजा करती है और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। वहीं कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर को लेकर यह पूजा करती है। पूजा करते हुए दूब से पानी के छींटे देते हुए गोर-गोर गोमती गीत गाया जाता हैं। इस दिन पूजन के समय रेणुका की गौर बनाकर उस पर महावर, सिन्दूर और चूड़ी चढ़ाने का विशेष प्रावधान है। चन्दन, अक्षत, धूपबत्ती, दीप, नैवेद्य से पूजन करके भोग लगाया जाता है।

### होली में लाभुकों को दो माह का नहीं मिला अनाज

**गिरडीह/हीरोडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली पर्व में लाभुकों को दो माह का सरकारी अनाज नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जबकि राशन डीलरों के द्वारा लाभुकों से दो माह जनवरी फरवरी का अंगूठा भी ले लिया गया है। बावजूद समय पर गरीबों को अनाज नहीं मिला। लाभुकों की शिकायत पर जिप सदस्य विजय कुमार पाण्डेय जमुआ प्रखंड के करिहारी, चुंगलखार एवं पाण्डेडीह पंचायत के सभी पीडीएस दुकानदारों की एक आवश्यक बैठक बुलाई। बैठक में मामला सामने आया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तक की इसमें मिलीभगत है। डीलरों को धमका कर लाभुकों से राशन उठाव से पहले अंगूठा लेने का दबाव बनाया जाता है। जिसका खामियाजा लाभुक के साथ-साथ डीलरों को भी भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में जिप सदस्य के नेतृत्व में सभी डीलर गोलबंद होकर विभाग की मनमानी रवैए के विरुद्ध आंदोलन करने का मन बनाया है। खोरीमहुआ एसडीएम एवं जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। बैठक में टुपलाल साव, कामदेव साहू, दिनेश्वर वर्मा, प्रमोद वर्मा, कामेश्वर मंडल, अब्दुल रसीद, प्रमोद विश्वकर्मा, देबू पंडित, सुनील वर्मा, प्रदीप यादव, भुनेश्वर विश्वकर्मा, मिथुन बैठा, सतीश यादव, मोहन वर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद थे।

### सरहुल एक अप्रैल को तैयारी शुरू निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरहुल जिले में मनाये जाने वाला एक बसंत ऋतु का त्योहार है। इसे आदिवासी और सदान समुदाय के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। जिले में इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। सरना स्थल की साफ सफाई के साथ आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। जन जाति समुदाय के लिए सरहुल नये साल का प्रतीक है। यह हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस साल एक अप्रैल को सरहुल मनाया जाएगा। हालांकि जिले में सरहुल अलग अलग इलाकों में चैत्र तृतीया से लेकर पुर्णिमा तक मनाया जाता है। इस दौरान सरना स्थल पर गांव की समृद्धि के लिए पाहन पुजारी उपवास कर सूर्य, गांव के देवता और पूर्वजों के सरना में पुजा अर्चना करेंगे। सरना स्थल पर पारंपरिक तरीके से कलश में पानी रखकर पुजा की जाएगी। पाहन फूल,फल, सिन्दूर, धूप दीप जलाकर मुर्गा की बली देंगे। वही तपन शराब भी अर्पित करेंगे। फिर साल के फुल पकड़ कर नृत्य करते हैं। एक अप्रैल को शहर में गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएंगी। आदिवासी समाज के लोग पारम्परिक लोक नृत्य की प्रस्तुति करेंगे। शहर के मिशन मैदान में सरहुल मनाया जाता है। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। बैठक का दौर जारी है। आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिवीर का आयोजन किया गया। डालसा के अधिवक्ता नवल किशोर ने कहा कि गरीबों- असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर है। सभी अपने आचरण और व्यवहार में सुधार करें। राजेंद्र मंडल ने कहा कि यहां से निकलने के बाद अपनी गलतियों से सबक लेकर आगे गलती न करने का संकल्प लें। अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि निर्धन और असहाय बंदियों की मदद के लिए डीएलएसए के अधिवक्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्यरत हैं। इस दौरान बंदियों को उनके मामले संबंधी जानकारी दी गई। जिस बंदी का केस पैरवी के लिए कोई भी अधिवक्ता नहीं थे, वैसे बंदियों को बंदी आवेदन भेजने को कहा गया। वैसे बंदी जिन्हें कोर्ट द्वारा सजा सुनाई गई है और वह अपना अपील हाई कोर्ट में दाखिल करने में असमर्थ है, या नहीं कर सके है, वैसे बंदियों से संबंधित भी जानकारी ली गई। इस दौरान बंदियो का स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। सदर अस्पताल के डॉ नीरज कुमार के नेतृत्व में सभी बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गयी। मौके पर सहायक जेल अधीक्षक अभिषेक कुमार सिंह,कोर्ट कर्मी रंजीत कुमार सिंह,सुनील कुमार के अलावा अन्य कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### इफ़्तार का आयोजन कर भाईचारे का दिया गया संदेश

**लोहरदगा/सेन्हा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोहरदगा जिले के सेन्हा में नौजवान कमेटी ने इस्लाम धर्मावलम्बियों के सबसे पवित्र माहे रमजान के मौके पर इफ़्तार का आयोजन किया। इसमें मदरसा मोदररिस मौलाना जिब्राइल साहब ने आलमें इस्लाम के लोगों के हक में दुआएं कीं। इफ्तार में शामिल होकर भाईचारे का सन्देश दिया। लोगों ने एक साथ रोजा खोल इफ्तार किया। मौके पर मौलाना जिब्राइल ने कहा कि रमजान के मौके पर इफ़्तार पार्टी करा कर क्षेत्र का गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखने के साथ-साथ सभी समुदाय में आपसी भाईचारा बढ़ाना देना उद्देश्य है।

# अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स में समन्वय प्रदर्शनी आयोजित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समय बदलता है, जिंदगी नई राहों पर चल पड़ती है, लेकिन दोस्ती और कला की जड़ें हमेशा गहरी बनी रहती हैं। इसी भावनात्मक जुड़ाव और कला के प्रति समर्पण को दशार्ने के लिए गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने समन्वय नामक एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। 10 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 70 पूर्व छात्रों में से 30 कलाकारों की पेंटिंग और मूर्तियां प्रदर्शित की गईं। इन कलाकारों ने कला की विभिन्न विधाओं जैसे जल रंग, ऐक्रेलिक, मिश्रित मीडिया, चारकोल, सिरेमिक पेंटिंग, कांस्य और एल्युमिनियम की मूर्तियों में अपने हुनर का प्रदर्शन किया।यह जानकारी कलाकार सुब्रत कुंडू ने दी।तीन दिवंगत कलाकारों को श्रद्धांजलि इस कला संगम में तीन दिवंगत कलाकारों अरिंदम सरकार, विवेकनाथ पंडित और सोमा बसु को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। कलाकार राजेश चक्रवर्ती द्वारा बनाई गई इन तीनों की डिजिटल पेंटिंग प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रही।



**गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति और पूर्व प्रोफेसरों का सम्मान**

प्रदर्शनी में कला जगत के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और इस पहल की सराहना की। इसके अलावा, कॉलेज के पूर्व प्रोफेसरों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने इन कलाकारों को मार्गदर्शन दिया था।

**कलाकारों की सूची और उनके योगदान**

इस प्रदर्शनी में रूपा पाल, साहित्य मंडल, राजेश दत्त, पार्थ दास, पलाश दास, अर्नव चटर्जी, अमित चटर्जी, अंजन साहू, असीम पाल, वासुदेव पाल सहित कुल 30 कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी न केवल एक कला आयोजन थी बल्कि यह कलाकारों के पुनर्मिलन और उनकी जड़ों से जुड़े रहने का प्रमाण भी थी। समन्वय ने साबित किया कि कला और दोस्ती समय की सीमाओं से परे होती हैं।

## झारखंड के जगन्नाथपुर में पुआल के ढेर में लगी आग, जिंदा जल गए चार बच्चे



**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिल को दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक गांव में पुआल के ढेर में आग लगने से वहां खेल रहे चार मासूम बच्चों की झुलसने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर के गितिलपी गांव के रामोसाई टोला में आग लगने से चार मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 3 लड़का और 1 लड़की शामिल हैं। घटना सोमवार दिन में 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांव के चार बच्चे पुआल के ढेर के पास खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक पुआल में आग लग गई। देखते देखते कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वहां खेल रहे चारों बच्चे आग की चपेट में आ गए। चारों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रहा है। इस हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतक बच्चों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन द्वारा परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले झारखंड के ही गढ़वा जिले के एक गांव में पटाखे की दुकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना गांव में यह घटना हुई थी। पटाखा दुकानदार अपनी दुकान के बाहर चारपाई पर पटाखे रखकर बेच रहा था। तभी दुकान के बाहर आग लग गई। दुकान को आग से बचाने के लिए उसने शटर गिरा दिया। लेकिन आग दुकान के अंदर पहुंच गई और उसमें बंद तीन बच्चों समेत पांच लोगों की जलकर मौत हो गई थी।

# शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ता कोला मंडल स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं दिव्य अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा में झरिया विधायक रागिनी सिंह सम्मिलित हुई। इस अवसर पर विधायक सिंह ने कहा कि कलश रथ यात्रा में सहभागी होकर मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रही हूँ। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक का प्रतीक है, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता लाने का भी एक सशक्त माध्यम है। यह यज्ञ सभी को शांति, शक्ति और सद्बुद्धि प्रदान करे। गायत्री माता की कृपा हम सब पर बनी रहे। उन्होंने कलश रथ यात्रा एवं महायज्ञ के आयोजकों को अपनी बधाई दी।कलश यात्रा मे सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व उनकी पत्नी जया सिंह समेत सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और मां गायत्री की आरती और अराधना किया।



## छतरपुर थाना के एएसआई राजेश बैठा ने निर्दोष युवक को पीटकर किया घायल

**मुक्तभोगी ने घटना की जानकारी डीएसपी को दी**

**मेदिनीनगर(पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू जिला के छतरपुर थाना के एएसआई राजेश बैठा ने निर्दोष युवक को पीटकर घायल कर दिया है। इस संबंध में भुक्तभोगी करमा कला निवासी युवक बलवंत कुमार ने छतरपुर डीएसपी अवध यादव को लिखित शिकायत दे कर न्याय की मांग की है। उसने बताया है कि उसके पिता अजय कुमार के विरुद्ध न्यायालय द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया है। इस संदर्भ में दिनांक 13 मार्च 2025 को होलिका दहन के दिन छतरपुर थाना के एएसआई राजेश बैठा उसके घर पर आ कर छोटे भाई मोनू कुमार को बताया कि अजय कुमार के नाम से कोर्ट से वारंट आया है। बेल कराने के लिए बोलो। इसकी जानकारी अपने पिता अजय कुमार को दिया। वे घर पर नही थे। वहीं मेरे बड़े भाई यशवंत कुमार छतरपुर थाना पहुंच कर एएसआई राजेश बैठा से जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि पिता को बोलो कि सोमवार को जाकर बेल करवा लें। उन्होंने कहा कि तब तक गिरफ्तारी से बचने के लिए दस हजार रुपये उन्हें देना पड़ेगा। राजेश बैठा उसके भाई यसवंत कुमार के मोबाइल पर बार -बार पैसे के लिए कॉल करते रहे। धमकी दी कि पैसा नहीं दोगे तो उसके पिता को जेल भेज देंगे। इसी बीच होली की छुट्टियों के कारण बेल नहीं हो पाया। 16 मार्च रविवार को अर्धरात्रि में एएसआई राजेश बैठा अचानक पुलिस बल के साथ घर पर पहुंचे व दरवाजा खटखटाने लगे। दरवाजा खोला तो उन्होंने पूछा कि तुहारा क्या नाम है। अपना नाम बलवंत कुमार बताया। इसके बाद एएसआई राजेश बैठा घर में चार पांच सिपाहियों के साथ जबरन घुसकर तलाशी लेने लगे। इस दौरान घर में मौजूद महिलाएं भयभीत हो गयीं। जब उसके पिता घर पर नहीं मिले तो उसे व उसके फैमिली के साथ दुर्व्यवहार किया। जबरन गाड़ी में बैठा लिया। जब अपना कसूर पूछा तो कहा कि पिता के घर में रहते हो तो पिता के बदले तुम्हें ही जेल जाना पड़ेगा। उस रात थाने में लाकर बेरहमी से पिटाई की। घटना की जानकारी सुबह में डीएसपी को दी गई तो उन्होंने तत्काल युवक को छोड़ने को कहा । उसके बाद उसके परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल ले जाकर इलाज कराया।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा अड़की प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**वहीं प्रखंडो में आंगनबाड़ी सेविका को 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर दिए जा रहे प्रशिक्षण का भी लिया जायजा**

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आज जिला के अड़की प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती सुमन सिंह द्वारा किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना था। साथ हीं इस आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाना है।

निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, टीकाकरण, साफ-सफाई और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने केंद्रों पर उपलब्ध पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी बच्चों को समय पर पोषक तत्व युक्त भोजन मिले। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की भी जानकारी ली और उन्हें जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। वहीं प्रखंड स्तर में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी जायजा लिया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण के अतिरिक्त उन्हें रोचक तरीके से प्रशिक्षण दिए जाने के विषय पर आधारित है।

## बंद मकान से दो लाख की चोरी

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमएच नगर थाने के पीछे थाना से महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित एक बंद मकान से चोरों ने 2 लाख के सामान की चोरी कर ली है। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है। वही इस चोरी के घटना की जानकारी गृहस्वामी व अरंडा निवासी जगदीश साह को घटना के अगले दिन रविवार की सुबह करीब 8 बजे हुई। जहां मुख्य दरवाजा के ताला टूटा देख पीड़ित के चाचा का लड़का दिनेश कुमार साह ने घटना की जानकारी दूरभाष के माध्यम से दी। हालांकि पीड़ित जगदीश साह अपने पूरे परिवार के साथ आंदर में रहता है। इस घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित ने पैतृक गांव पहुंच घटना को देख दंग रह गया। ग्रामीणों का कहना है कि थाना से महज 150-200 मीटर के दूरी पर चोरी की घटना पुलिस के लिए चुनौती है।

# बगहा में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बगहा में जिलाध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेयी विरासत सम्मेलन संयोजन एवं स्मरण का कार्यक्रम किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा के धरोहरो में से एक अटल जी के विचारों को अनेक जीवन काल को पार्टी के लिए उनके अमूल्य योगदान को कार्यकर्ता के बीच साझा किया गया।साथ ही बगहा भाजपा के वरिष्ठ जिन्होंने अटल जी के साथ कार्य किया और जिले में उनके आगमन के समय उनके साथ रहे ।उनसे बीते समय की यादें स्मृतियों को कार्यकताओं के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम अपनी विरासत संस्कृति मूल्यवान विचार एवं प्रेरक बातों से नई पीढ़ी को अवगत कराते हुए आदर्श समाज सकारात्मक व्यक्तित्व के साथ सांस्कृतिक राष्ट्र निर्माण में सहायक बने । अपने मूल्यवान विरासत को संजोये रखे। उक्त बातें अपने संबोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कही।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा आदरणीय अटल जीमन, कर्म,वचन से राष्ट्रवाद के प्रति पूर्णतः समर्पित राजनेता थे। राजनीति में उनके प्रतिद्वंद्वी भले कोई रहा हो मगर उनका विरोधी कोई नहीं था।देश हो या विदेश अपनी पार्टी हो या विरोधी दल,उनके प्रतिभा के सभी कायल थे।मुख्य अतिथि के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता हरदेव प्रसाद वर्मा, सूर्य प्रसाद सिंह,मधुकर राय,रविंद्र श्रीवास्तव,अखिलेश्वर सिंह,भूपेंद्र नाथ तिवारी, रतेंद्र नाथ तिवारी, मोहन तिवारी, बच्चा पांडे, राकेश चंद्र राव,शम्भू शुक्ला ने अपने उदगार व्यक्त किये।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर राम, चंद्रभूषण सिंह, हृदयानंद दुबे, रितु जायसवाल, महामंत्री सुजीत चौरसिया, अजया राय शर्मा, मनोज सिंह, सोमेश पाण्डेय, दीपक सिंह, ओमनिधि वत्स, विजय साहू, राजन गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, नागेंद्र साहनी,सुजीत सिंह,दिपु तिवारी,अमित पाण्डेय,सुमित सिंह,मंडल अध्यक्ष बलराम मिश्रा, जनक शाह, दीपू शाही, अरविंद दुबे, अनिल पांडे, शंभू सिंह, संजय मिश्रा, कामाख्या सिंह, गौतम कुमार महतो, सहित बगहा संगठन जिले के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## माता रानी के दर्शन के लिए सितंबर के प्रथम सप्ताह में 12 वें साल होगी यात्रा

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रीमाता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए सितंबर 2025 के प्रथम सप्ताह में 12वें साल श्रीमाता वैष्णो देवी दर्शन समिति सीवान के तत्वावधान में यात्रा होगी. इसकी तैयारी की जा रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है.वर्ष 2024 के सितंबर माह में 11 वें साल यात्रा की गई थी. जिसमें माता रानी की कृपा से बिहार का सबसे बड़ा ग्रुप यात्रा का रिकॉर्ड कायम हुआ है। इस यात्रा में 300 से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए थे. समिति के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय, विकास कुमार सिंह उर्फ जिशु व सचिव अनूप कुमार ने बताया कि वर्ष 2014 से समिति के तत्वावधान में माता रानी के दर्शन के लिए यात्रा कराया जाता है. जिसकी तैयारी मार्च माह से ही शुरू कर दी जाती है। अब यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है.

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनगंज में लगातार चिकित्सा प्रभारियों का बदलना को चर्चा का विषय बना

**संवाददाता हुसैनगंज (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत एक वर्ष से लगातार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को उनके प्रभारी पद से मुक्त होने के सिलसिले को लेकर स्वास्थ्य विभाग तथा प्रखंड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि लगभग एक वर्ष पूर्व चिकित्सा प्रभारी डाक्टर मनीष कुमार के पटना ट्रांसफर होने के पश्चात अभी तक आधा दर्जन डाक्टर हुसैनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी बन चुके हैं। कोई भी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वाहन एक वर्ष पूरा नहीं कर पाया है। सिविल सर्जन सीवान द्वारा बार बार प्रभारियों के बदलने से डाक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों में चिंता का विषय बना रहता है कि हमलोगों का वेतन समय पर मिलेगा की नहीं। होली में स्वास्थ्य कर्मियों सहित डाक्टरों का वेतन प्रभारियों के बार बार बदलने के कारण नहीं मिला। वहीं मुस्लिम समुदाय का रमजान के पवित्र महीना चल रहा है। अब उन्हें भी चिंता सता रही है कि ईद में भी वेतन मिलेगा कि नहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सिविल सर्जन द्वारा बार बार प्रभारी बदलने से विभागीय कामों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस बात पर सिविल सर्जन को विशेष ध्यान देते हुए किसी भी डाक्टर को प्रभारी बनाने के पूर्व सही ढंग से समीक्षोंपरांत निर्णय लेना चाहिए।

# राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी की बैठक

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष/ सचिव के साथ महत्वपूर्ण बैठक कार्यालय कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग/ निर्वाचन विभाग, बिहार पटना से प्राप्त निर्देश के आलोक में निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 07 जनवरी 2025 को किया गया है। निर्वाचक सूची की एक प्रति सबों को उपलब्ध करा दी गई है।उक्त सूची में दिनांक 17 दिसंबर 2024 तक स्वीकृत एवं रोल अपडेट किया गया डाटा सम्मिलित है। जिसके अंतिम प्रकाशन के उपरांत सतत अद्यतीकरण दिनांक 07 जनवरी 2025 से प्रारंभ कर दी गई है। वही 17 दिसंबर 2024 के बाद अद्यतीकरण के क्रम में प्राप्त आवेदनों की जानकारी भी बैठक में दी गई और बताया गया कि वर्तमान में निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाला कोई भी व्यक्ति निर्वाचक सूची में पंजीकरण कराने हेतु प्रपत्र- 6 में आवेदन कर सकता है। वही निर्वाचक सूची में सुधार भी इस दौरान करा सकता है जिसके लिया निर्वाचक सूची में पंजीकृत निर्वाचकों के फोटो या अन्य प्रविष्टियां में सुधार, पता बदलने, मोबाइल नंबर अद्यतन करने, पी डब्लू डी मार्क कराने अथवा नया पहचान पत्र प्राप्त करने हेतु प्रपत्र- 8 भरा जा सकता है। एक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण हेतु भी प्रपत्र- 8 का उपयोग किया जा सकता है। किसी निर्वाचक का नाम सूची से विलोपित कराने/ आक्षेप करने हेतु प्रपत्र-7 में आवेदन किया जा सकता है।



**निर्वाचक सूची में आवेदन हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध**

आवेदन हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध जिलका वेबसाइट https:// voters.eci.gov.in है अथवा वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दाखिल किया जा सकता है।ऑफलाइन रूप में आवेदन करने हेतु अपने मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बी एल ओ)से अथवा प्रखंड कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर कॉल भी किया जा सकता है।आवेदकों द्वारा दिए गए दावे एवं आपत्ति की विवरणी एवं मासिक आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन विभागीय वेबसाइट पर संधारित है। इसे प्रत्येक माह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से अद्यतन किया जाता है। जिसे लिंक के माध्यम से भी देखा जा सकता है। उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी अपंजीकृत छूटे हुई योग्य व्यक्तियों का विशेषकर अपंजीकृत युवतियों का नाम जोड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सबों को इसमें सहयोग करने का अनुरोध किया गया।मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष के युवाओं के पंजीकरण हेतु बीएलए के माध्यम से युवाओं में जागरूकता का प्रचार प्रसार करवाने का भी अनुरोध किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी राजनीतिक दलों को बी एल ए की नियुक्ति की जानी है।जो मुख्य रूप से जनता/ निर्वाचकों हेतु मार्गदर्शन का कार्य करते हुए निर्वाचक सूची निर्माण कार्य में बी एल ओ को सहयोग प्रदान करते हैं।

## जून में चालू होगा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई: गौतम अदाणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल जून में शुरू हो जाएगा। यह घोषणा उन्होंने हवाई अड्डे के निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद सोशल मीडिया पर की। इस निर्माणाधीन हवाई अड्डे पर पहले नागरिक यात्री विमान की सफल परीक्षण लैंडिंग पिछले साल 29 दिसंबर को गई थी। घरेलू परिचालन मई के उत्तरार्ध से शुरू होगा और अंतरराष्ट्रीय परिचालन जुलाई के अंत से शुरू होने की उम्मीद है।



गौरतलब है कि 16,700 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र में शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद दूसरी बड़ी एविएशन सुविधा होगी। इसे एनएमआईएएल (नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) नामक विशेष प्रयोजन वाहन के तहत विकसित किया जा रहा है, जिसमें अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड 74 प्रतिशत और महाराष्ट्र सरकार की सीआईडीसीओ 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

**पीएम मोदी ने 2018 में रखी थी आधारशिला-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2018 में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। अदाणी ने अपने पोस्ट में कहा, यह भारत की एविएशन भविष्य की झलक है। नवी मुंबई एयरपोर्ट दुनिया का एक शीर्ष हवाई अड्डा बनेगा, जो कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति देगा। यह देश के लिए एक उपहार होगा। उन्होंने अपनी टीम और साझेदारों की सराहना भी की। इससे पहले अदाणी हवाईअड्डे के सीईओ अरुण बंसल ने बताया था कि 17 अप्रैल तक हवाई अड्डे का व्यावसायिक संचालन शुरू होगा। हालांकि, 29 दिसंबर 2024 को पहले ट्रायल लैंडिंग के बाद परियोजना प्रमुख संजय जलान ने नई समयसीमा साझा करते हुए कहा था कि मई के दूसरे हफ्ते से घरेलू उड़ानें और जुलाई के अंत तक अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन शुरू होंगे।

## स्मार्टफोन निर्यात में उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ताजा इंडस्ट्री आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-फरवरी) के दौरान भारत का स्मार्टफोन निर्यात 1.75 लाख करोड़ रुपए (21 अरब डॉलर) को पार कर गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि से 54 प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात 20 अरब डॉलर (1.68 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, यह लक्ष्य पहले ही पार हो चुका है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में स्मार्टफोन की प्रमुख भूमिका रही है, जिसमें सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना का बड़ा योगदान रहा। इस योजना ने एप्पल और उसके सप्लायर्स समेत कई वैश्विक टेक कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित किया है। घरेलू उत्पादन अब भारत की मांग का 99 प्रतिशत पूरा कर रहा है, जिससे आयात में भारी गिरावट आई है। तमिलनाडु स्थित फॉक्सकॉन प्लांट के जरिए एप्पल की आईफोन सप्लाई चेन ने स्मार्टफोन निर्यात में 70 प्रतिशत योगदान दिया। अकेले फॉक्सकॉन ने विदेशी शिपमेंट में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी दर्ज की और इसके निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# पुरानी व्यवस्था के तहत एक लाख का टैक्स बचाने का अंतिम मौका

### आयकर रिटर्न भरते समय रखें ध्यान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** जो लोग पुरानी कर व्यवस्था के तहत आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करना चाहते हैं, उन्हें इस महीने के इन आखिरी कुछ दिनों का पूरा फायदा उठाना चाहिए। अपनी कर बचत रणनीति के तरीकों में से एक आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80डी का उपयोग जरूरी है। इसके तहत आप अपने, अपने परिवार और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का भुगतान करने पर एक लाख रुपये तक की पूरे वित्त वर्ष के दौरान कर कटौती का दावा कर सकते हैं।

आपने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदी है या नवीनीकरण प्रीमियम का भुगतान किया है तो कर कटौती का दावा कर सकते हैं। पॉलिसी दस्तावेज को संभाल कर रखें और आईटीआर भरते समय इसकी भी जानकारी दें। ध्यान दें कि आपको पॉलिसी दस्तावेज अपलोड करने की जरूरत नहीं है। इनकम टैक्स रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई होती है लेकिन जुर्माने के साथ दिसंबर तक भर सकते हैं।

### ...तो 25,000 रुपये का दावा कर सकते हैं

आप 60 वर्ष से कम के हैं, तो 25,000 रुपये तक की आयकर कटौती का दावा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिक 50,000 रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। आप माता-पिता के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का भुगतान करते हैं, तो उनकी आयु के आधार पर 60 वर्ष से कम होने पर 25,000 रुपये या फिर 60 साल से ज्यादा की उम्र पर 50,000 रुपये की अतिरिक्त कर कटौती का दावा कर सकते हैं। यानी कुल मिलाकर आप 75,000 रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पॉलिसीधारक, उसके जीवनसाथी और उसके आश्रित बच्चों के कवरेज के लिए ली जा सकती है।

### 60 वर्ष से अधिक उम्र तो ज्यादा लाभ मिलेगा

माता-पिता के बीमा (प्रीमियम) के लिए अतिरिक्त कटौती 25,000 रुपये तक उपलब्ध है, यदि वे 60 वर्ष से कम आयु के हैं। यदि माता-पिता 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, तो कटौती राशि 50,000 रुपये तक हो सकती है। ऐसे मामले में जहां आप और आपके माता-पिता भी 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, तो धारा 80डी के तहत कर कटौती के रूप में एक लाख रुपये तक का दावा कर सकते हैं, यदि आप अपने और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का भुगतान कर रहे हैं। निवारक स्वास्थ्य जांच के लिए 5,000 रुपये की कटौती की मंजूरी है। हालांकि, 5,000 रुपये की यह कटौती उम्र के आधार पर 25,000 रुपये या 50,000 रुपये की सीमा तक सीमित है।

# गोल्ड लोन: अनिश्चितता व महंगाई के दौर में कर्ज का बेहतर विकल्प

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता, मंदी की आशंका और महंगाई के इस दौर में अगर आप भी गोल्ड लोन लेना चाहते हैं, तो सोने की कीमतों पर जरूर नजर रखें। ऐसे हालात में सोने में अक्सर तेजी देखी जाती है, जिससे आपको सोने के एवज में अधिक कर्ज मिलने की संभावना रहती है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण मांग बढ़ने से अंतराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत पहली बार 3,000 डॉलर के पार पहुंच गई है।



ना न सिर्फ निवेश के लिहाज से भारतीयों का पसंदीदा विकल्प है, बल्कि यह कठिन समय में वित्तीय सहायता भी मुहैया कराता है। आज भी लोग अन्य कर्ज विकल्पों की तुलना में गोल्ड लोन लेना पसंद करते हैं, क्योंकि यह पर्सनल लोन की तुलना में आसानी से मिल जाता है। यही वजह है कि 2024 में गोल्ड लोन में 56 फीसदी की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई थी।

वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता, मंदी की आशंका और महंगाई के इस दौर में अगर आप भी गोल्ड लोन लेना चाहते हैं, तो सोने की कीमतों पर जरूर नजर रखें। ऐसे हालात में सोने में अक्सर तेजी देखी जाती है, जिससे आपको सोने के एवज में अधिक कर्ज मिलने की संभावना रहती है। वैश्विक अनिश्चितता के कारण मांग बढ़ने से अंतराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमत पहली बार 3,000 डॉलर के पार पहुंच गई है। घरेलू बाजार में भी यह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है।

### 75 फीसदी तक मिल सकता है ऋण

आरबीआई के नियमों के मुताबिक, बैंक व गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां 75 फीसदी तक के एलटीवी के साथ गोल्ड लोन दे सकती हैं। यानी ग्राहक सोने के मूल्य का 75 फीसदी तक कर्ज ले सकते हैं।

### उतार-चढ़ाव का कर्ज राशि पर असर

लोन का सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से संबंध है। कीमतें जब बढ़ती हैं, तो सोने के एवज में अधिक कर्ज मिलता है। दाम घटने पर कर्ज कम हो जाता है। सोने की कीमतों में गिरावट मौजूदा गोल्ड लोन लेने वालों के लिए चुनौतियां पैदा कर सकती है, क्योंकि ऋणदाता उन्हें अधिक सोना गिरवी रखने या आंशिक पुनर्भुगतान करने को कह सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सोने के दाम घटने पर लोन-टु-रेश्यो (एलटीवी) अनुपात बढ़ता है। एलटीवी मंजूर कर्ज व गिरवी सोने के बाजार मूल्य का अनुपात है।

### ऐसे हालात में और चमकता है सोना

सोने को महंगाई के खिलाफ ढाल और आर्थिक-राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में विश्वसनीय निवेश के रूप में देखा जाता है। महंगाई जब बढ़ती है या अर्थव्यवस्था में मंदी आती है, तो लोग सुरक्षा के लिए सोना खरीदते हैं, जिससे इसकी मांग व कीमत बढ़ जाती है। मांग अधिक है व आपूर्ति कम, तो सोने के दाम बढ़ते हैं। सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में होती है और इसका मूल्य मुद्रा के साथ चलता है। कमजोर डॉलर अंतराष्ट्रीय खरीदारों के लिए सोने को सस्ता बनाता है, जिससे मांग के साथ भाव भी बढ़ते हैं।

# भारत को एफटीए के तहत ईयू से चिकित्सा उपकरणों पर करनी चाहिए विशेष छूट की मांग, वैश्विक थिंक टैंक का सुझाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) से चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में कुछ विशेष छूट की मांग करनी चाहिए। इससे भारत अपने निर्यात को बढ़ावा दे सकेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को यह सुझाव दिया।





भारत अधिकांश चिकित्सा उपकरणों पर 0 से 10 फीसदी तक टैरिफ लगाता है। अगर भारत बिना यूरोपीय संघ के नियामक चुनौतियों को हल किए चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ कम करता है, तो इससे यूरोपीय संघ से आयात बढ़ सकता है, लेकिन निर्यात कम हो सकता है। जीटीआरआई ने कहा, एक समान और निष्पक्ष व्यापार सौदा करने के लिए भारत को बदले में कुछ छूट की मांग करनी चाहिए। भारत को चिकित्सा उपकरणों पर टैरिफ तभी कम करना चाहिए, जब यूरोपीय संघ अपने गैरजरूरी टैरिफ के अवरोधों को हटाए।

चिकित्सा उपकरणों के लिए भारत-यूरोपीय संघ वार्ता असमान है। यूरोपीय संघ जहां चिकित्सा उपकरणों पर भारत से शून्य टैरिफ की मांग करता है, वहीं दूसरी तरफ वह उच्च नियामक अवरोध बनाए रखता है, जो भारत के निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजारों के लिए कठिन बना देता है।

चिकित्सा उपकरणों के लिए भारत-ईयू एफटीए वार्ता असमान है। जहां एक तरफ यूरोपीय संघ भारत से चिकित्सा उपकरणों पर शून्य शुल्क की मांग करता है, वहीं दूसरी तरफ भारतीय उत्पादों को अपने बाजार में बेचने में मुश्किलें पैदा करता है। इससे भारत को यूरोपीय संघ के बाजार में अपने निर्यात को बढ़ाने में दिक्कत होती है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूरोपीय संघ के सीमा शुल्क की दरें शून्य हैं, लेकिन इसके बावजूद बाजार में प्रवेश की लागत बहुत अधिक है, क्योंकि वहां के नियामक ढांचे में कड़ी शर्तें हैं। उन्होंने कहा, यूरोपी संघ में निर्यात करना अब और कठिन हो गया है, क्योंकि उसने मेडिसिन डिवाइस डिरेक्टिव्स (ईयू-एमडीडी) को बदलकर मेडिकल डिवाइस रूल्स (ईयू-एमडीआर) लागू किया है। ये नियम ज्यादा सख्त हैं।

# प्रमोटर के ऐलान के बाद स्पाइसजेट के शेयर भरने लगे उड़ान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पाइसजेट के शेयर आज उड़ान भर रहे हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आज सुबह के कारोबार में 6 प्रतिशत के आसपास बढ़ गई। यह उछाल तब आया जब एयरलाइन ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में घोषणा की कि एक प्रमोटर ग्रुप ने वारंट्स को शेयरों में कन्वर्ट दिया है। इस कदम से स्पाइसजेट में प्रमोटर की हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 33.5 प्रतिशत हो जाएगी। आज स्पाइसजेट के शेयर 45.20 रुपये पर खुले और 44.15 रुपये तक आने के बाद 48.60 रुपये पर पहुंच गए।




सुबह साढ़े दस बजे के करीब ये 5.10 पर्सेंट ऊपर 47.80 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।

**स्पाइसजेट शेयर प्राइस ट्रेंड-** अगर आज शेयर की कीमत बढ़त के साथ बंद होती है, तो यह पिछले सात लगातार सेशन में हुई गिरावट पर ब्रेक लगा देगा। इन सात सेशन में शेयर ने अपनी बाजार कीमत में 10 प्रतिशत की गिरावट देखी थी। स्पाइसजेट का शेयर पिछले साल 16 सितंबर को 52 हफ्ते के उच्च स्तर 79.90 पर पहुंचा था, जबकि इस साल 18 फरवरी को यह 52 हफ्ते के निचले स्तर 39.91 पर गिर गया था।

**प्रमोटर की हिस्सेदारी बढ़ी-** स्पाइसजेट ने 17 मार्च को घोषणा की कि उसके संस्थापक और प्रमोटर, अजय सिंह, ने एक प्रमोटर ग्रुप कंपनी स्पाइस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के जरिए 13,14,08,514 वारंट्स को शेयरों में बदलकर कंपनी में 294.09 करोड़ का निवेश किया है। इस कदम से स्पाइसजेट में प्रमोटर ग्रुप की शेयर होल्डिंग वर्तमान 29.11 प्रतिशत से बढ़कर 33.47 प्रतिशत हो जाएगी।

### 13,14,08,514 वारंट्स हुए शेयरों में कन्वर्ट

कंपनी ने 17 मार्च को बाजार के समय एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, स्पाइस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, एक प्रमोटर ग्रुप कंपनी ने 13,14,08,514 वारंट्स को शेयरों में कन्वर्ट कर दिया है। इसके अलावा, स्पाइसजेट के प्रमोटर अजय सिंह ने 13 मार्च को कंपनी के 1,15,38,462 शेयर (कंपनी में 0.89 प्रतिशत हिस्सेदारी) ब्लॉक डील के जरिए बेचे थे।

स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने इन शेयरों को बेचकर जो राशि प्राप्त की है, उसका उपयोग स्पाइस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड को शेयर आवंटन के लिए शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान करने में मदद करने के लिए किया जाएगा। इन ट्रांजैक्शन के पूरा होने के बाद, प्रमोटर ग्रुप की कंपनी में हिस्सेदारी वर्तमान 29.11 प्रतिशत से बढ़कर 33.47 प्रतिशत हो जाएगी।

# आरबीआई के आश्वासन के बाद इंडसइंड बैंक के शेयरों पर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शनिवार को ग्राहकों को आश्वस्त किया कि इंडसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है। सेंट्रल बैंक ने बैंक के निदेशक मंडल को निर्देश दिया कि वह अनुमानित 2,100 करोड़ रुपये की लेखा विसंगति से संबंधित सुधारात्मक कार्रवाई इसी महीने पूरी कर ले। इस जानकारी के बाहर आने के बाद इंडसइंड बैंक के शेयरों की कीमतों में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी सोमवार को दर्ज की गई है।




बीएसई में इस प्राइवेट के शेयरों का भाव 704.80 रुपये के लेवल पर खुला था। कुछ देर के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 707.75 रुपये के लेवल तक पहुंच गया। हालांकि, सुबह 10.25 मिनट पर कंपनी के शेयर 700 रुपये के नीचे ट्रेड कर रहे थे।

**काउंटिंग में सामने आई थी गड़बड़ियां-** इंडसइंड बैंक ने इसी वीकली काउंटिंग में गड़बड़ी का खुलासा किया था। इस खुलासे के तुरंत बाद, बैंक के शेयरों की कीमत में भारी गिरावट देखी गई थी। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध खुलासों के आधार पर बैंक ने पहले ही अपने मौजूदा मैकेनिज्म की व्यापक समीक्षा करने और वास्तविक प्रभाव का आकलन करने और उसका हिसाब लगाने के लिए एक बाहरी आडिट टीम को नियुक्त कर लिया है। सेंट्रल बैंक ने कहा, बोर्ड और प्रबंधन को रिजर्व बैंक द्वारा निर्देश दिया गया है कि वे सभी हितधारकों को आवश्यक खुलासे करने के बाद, जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान पूरी तरह से सुधारात्मक कार्रवाई पूरी कर लें।

**आरबीआई की है बैंक पर नजर-** ग्राहकों की चिंताओं को दूर करते हुए आरबीआई ने कहा कि जमाकर्ताओं को इस समय अटकलों पर प्रतिक्रिया देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आरबीआई ने कहा कि इंडसइंड बैंक लिमिटेड से संबंधित कुछ अटकलें लगाई गई हैं, जो शायद बैंक से संबंधित हाल की घटनाओं से उत्पन्न हुई हैं। केंद्रीय बैंक ने ग्राहकों और निवेशकों को आश्वासन दिया कि बैंक की वित्तीय स्थिति स्थिर बनी हुई है और वह इस पर बारीकी से नजर रख रहा है।

**बैंक ने क्या बताया है-** इंडसइंड बैंक ने बताया कि पिछले साल सितंबर-अक्टूबर के आसपास अकाउंटिंग में चूक की बात सामने आई थी और बैंक ने पिछले हफ्ते आरबीआई को इस बारे में प्रारंभिक जानकारी दी थी। बैंक के अनुसार, अंतिम संख्या तब पता चलेगी जब बैंक द्वारा नियुक्त बाहरी एजेंसी अप्रैल की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे देगी।

बैंक के वित्तीय मापदंडों को साझा करते हुए आरबीआई ने कहा कि बैंक अच्छी तरह से पूंजीकृत है और वित्तीय स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। दिसंबर, 2024 तिमाही के लिए बैंक के आडिट द्वारा समीक्षा किए गए वित्तीय परिणामों के अनुसार, बैंक ने 16.46 प्रतिशत का आरामदायक पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) और 70.20 प्रतिशत का प्रावधान कवरेज अनुपात बनाए रखा है।

# 4 कंपनियां देने जा रही हैं डिविडेंड, रिकॉर्ड डेट का भी हो गया है ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों कई कंपनियों ने अपने निवेशकों के लिए डिविडेंड का ऐलान किया है। तो वहीं कुछ कंपनियों ने पहले से तय डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट घोषित किया है। आइए एक-एक करके जानते हैं इनके विषय में -

**एक्सटेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड-** कंपनी ने निवेशकों के लिए डिविडेंड का ऐलान किया है। इस बार योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 6 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 20 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जोकि इसी हफ्ते है। बता दें, पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 17 प्रतिशत टूटा है।

**गैलेक्सी सर्फेक्टेंट्स लिमिटेड-** कंपनी एक शेयर पर 18 रुपये का डिविडेंड दे रही है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 20 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 11 प्रतिशत से अधिक टूटा है।



**मिश्रा धातु निगम लिमिटिड-** कंपनी ने अभी डिविडेंड का ऐलान नहीं किया है। लेकिन डिविडेंड तय करने के लिए कंपनी की बोर्ड मीटिंग 20 मार्च की तारीख तय की गई है। इसी दिन बोर्ड डिविडेंड देने पर फैसला करेगा। बोर्ड की सहमति मिलती है तो डिविडेंड के लिए 25 मार्च की तारीख रिकॉर्ड डेट रहेगा। बता दें, मिश्रा धातु निगम लिमिटिड के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल के दौरान 23 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है।

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड-** यह रेलवे स्टॉक दूसरा अंतरिम डिविडेंड देने जा रहा है। कंपनी की तरफ से योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 1 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 2 अप्रैल की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल में 8 प्रतिशत की गिरावट आई है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 17-03-2025 22:06 Page 1



# दुर्घटना में वीटीआई के पूर्व प्रिंसिपल घायल

- पत्नी की हुई मौत, तीन अन्य लोग घायल
- बेटी की शादी से लौट रहे थे वापस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र रामगढ़िया सभा द्वारा संचालित वीटीआई ( विश्वकर्मा टेक्निकल इंस्टीट्यूट) के पूर्व प्रिंसिपल सरदार मनमोहन सिंह की सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं जबकि उनकी पत्नी डॉली सिंह की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जो डीबीएमएस स्कूल में पढ़ाती थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दिन पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी लुधियाना में की है। वहां से वह अपने पत्नी, रिश्तेदारों के साथ लौट रहे थे।

मनमोहन सिंह की ससुराल रांची में है और वहीं उन्होंने अपनी कार खड़ी कर रखी थी। पत्नी डॉली सिंह के भाई सरदार बब्बू सिंह ने बताया कि मनमोहन सिंह की तबीयत इन दोनों खराब भी चल रही थी, फिर भी अपनी कार से लौट रहे थे। उनके साथ में उनकी भाभी रणजीत कौर, पत्नी डॉली कौर एवं भतीजा सुखदीप सिंह था। बुंडू में कार पर से मनमोहन सिंह का नियंत्रण हट गया और कार पलट गई तथा डिवाइडर से जा टकराई।

पत्नी सहित चारों घायलों को अपोलो अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने जांच कर डॉली कौर को मृत घोषित कर दिया। परिजन तीनों घायल को तुपुदाना देवानिका अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है।

डॉक्टर के अनुसार हेड इंजरी होने के कारण डॉली कौर की मृत्यु हो गई। मनमोहन सिंह कदमा गौतम अपार्टमेंट में रहते हैं। टाटा स्टील से सेवानिवृत होने के बाद अपनी सेवाएं विश्वकर्मा टेक्निकल इंस्टीट्यूट को दे रहे थे।

जैसे ही उनकी कार का नंबर वायरल हुआ तो रामगढ़िया सभा के महासचिव एवं कदमा गुरुद्वारा कमेटी के ट्रस्टी सरदार ताजबीर सिंह कलसी सक्रिय हुए। उन्होंने पहले फोन किया फिर उनके आवास पर चले गए और वहां से मिली जानकारी को शेयर किया।

मनमोहन सिंह की पत्नी के निधन पर रामगढ़िया सभा के प्रधान सरदार केपी एस बंसल, गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान बलदेव सिंह, पूर्व महासचिव सुखविंदर सिंह, कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह एवं अन्य ने शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## झड़प में आदिवासी युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रांची जिले में दो गुटों के बीच झड़प में एक आदिवासी युवक की हत्या कर दी गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इस सिलसिले में पांच महिलाओं सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नामकुन थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के विरोध में रविवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दी। प्रदर्शनकारियों ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को यहां एक शराब की दुकान के पास जोरार बस्ती और नामकुम खटाल के युवकों के बीच किसी मुद्दे को लेकर विवाद हुआ, जो हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान चार लोग घायल हो गए। इसमें से एक सोनू मुंडा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि आरोप है कि इस घटना में शराब दुकान पास स्थित शत्रुघ्न राय के होटल में मौजूद लोगों ने खटाल के लोगों का समर्थन किया था। पुलिस ने राय को मुख्य आरोपी बनाया है।

# विस में वार-पलटवार की चल रही तैयारी

## मंगलवार से शुरू होगी सत्र की कार्यवाही



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। विधानसभा के बजट सत्र की बाकी बची कार्यवाही के दौरान सत्तारूढ़ गठबंधन और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच तनातनी के आसार दिखने लगे हैं। सदन में नेता प्रतिपक्ष का चयन होने के बाद से भाजपा का रुख जरा बदला-बदला है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी पूर्व की अपेक्षा ज्यादा मुखर होने लगे हैं। विधायकों ने भी सरकार को विभिन्न विषयों पर घेरना आरंभ किया है।

राजनीतिक लाभ लेने की होड़ में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तनातनी होने के आसार हैं। होली की छुट्टियों के बाद मंगलवार से फिर से आरंभ होने वाली सत्र की कार्यवाही के दौरान भाजपा आक्रामक होने की हरसंभव कोशिश करेगी।

रणनीति भी कुछ इसी तरीके की बनाई गई है ताकि सदन में विभिन्न विषयों पर हावी होने का मौका खोजा जाए।

बीजेपी विधायकों के हंगामे की वजह से स्थगित हुई सदन की कार्यवाही

एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या के बाद भाजपा विधायकों के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी।

उसी दिन बजट अनुदान पर चर्चा के दौरान भाजपा के विधायकों ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन सत्तापक्ष के जोरदार पलटवार की वजह से भाजपा के विधायकों को कार्यवाही का बहिष्कार करने की रणनीति अपनानी पड़ी।

इधर दूसरी ओर सत्तापक्ष को भी इस बात का अहसास है कि नेता प्रतिपक्ष के चयन के बाद भाजपा हमलावर हो सकती है। इसे देखते हुए जोरदार तरीके से हर मुद्दे पर पलटवार किया जा रहा है। सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों संग बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निर्देश दिए थे कि सत्र की कार्यवाही के दौरान उपस्थिति बनाए रखें।

संख्या बल के लिहाज से भी सत्तापक्ष भारी पड़ रहा है, यही वजह है कि अभी तक विपक्ष को हावी होने का मौका नहीं मिल पाया है।

सत्तापक्ष का आरोप है कि बेवजह के मुद्दे उठाकर भाजपा सदन का समय बर्बाद करना चाहती है। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आरंभ में ही कहा है कि विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने को सत्तापक्ष तैयार है।

झारखंड में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चल रही तनातनी के बीच कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कोशिश में जुट गई है।

इसे लेकर 26 से 30 मार्च तक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में पार्टी को संगठित एवं मजबूत करने के लिए योजना बनाई जाएगी।

# जून माह में शिक्षकों के स्थानांतरण की बढ़ी उम्मीदें

## पारस्परिक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया हुई पूरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शिक्षकों का पारस्परिक स्थानांतरण जून महीने में होगा। पारस्परिक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब जिलों में आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों तथा जिला शिक्षा अधीक्षकों को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक कर 18 अप्रैल तक अनुशंसा विभाग को भेजने को कहा है।

ये सारी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी होंगी। अनुशंसित शिक्षकों का स्थानांतरण विभाग की स्वीकृति के बाद होगा। पारस्परिक स्थानांतरण के इच्छुक शिक्षकों ने बड़ी संख्या में आपसी सहमति के पत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन किया है।

शिक्षकों ने पारस्परिक स्थानांतरण के लिए शपथपत्र में इसकी जानकारी दी है कि उनका पूर्व में अंतर जिला स्थानांतरण नहीं हुआ है।

साथ ही वे भविष्य में भी किसी शिक्षक के साथ पारस्परिक सहमति के आधार पर इस तरह स्थानांतरण नहीं कराएंगे।

शपथपत्र में यह भी लिखा है कि स्थानांतरण के बाद स्थानांतरित जिला में वे वरीयता का दावा नहीं करेंगे। दरअसल, जिन शिक्षकों का पूर्व में अंतर जिला स्थानांतरण हो चुका है, उनका पारस्परिक अंतर जिला स्थानांतरण नहीं होगा।

बताते चलें कि पारस्परिक स्थानांतरण के तहत दो शिक्षक आपसी सहमति से अपने-अपने जिले में परिवर्तन करा सकते हैं। जैसे कोई शिक्षक पलामू से रांची आना चाहता है तथा कोई शिक्षक रांची से पलामू जाना चाहता है तो दोनों आपसी सहमति से पारस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पारस्परिक स्थानांतरण के लिए कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। इनके अनुसार, स्थानांतरण के बाद शिक्षक स्थानांतरित जिले में वरीयता का दावा नहीं करेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक तथा प्लस टू शिक्षकों के पारस्परिक स्थानांतरण के लिए ये शर्त निर्धारित की गई है।

सरायकेला स्थित नगरपालिका मध्य विद्यालय व जिले के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक बुलाई गई, जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक सरायकेला-खरसावां के उस आदेश के संबंध में चर्चा की गई।

इसमें कहा गया है कि झारखंड लोक सेवा आयोग, रांची द्वारा 2003-04 में नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेतन निर्धारण गलत है, जबतक उनका वेतन निर्धारण नहीं हो जाता है तबतक उनका वेतन स्थगित रहेगा।

यदि वेतन निर्धारण गलत पाया गया तो उनसे राशि की वसूली एकमुस्त की जाएगी। ऐसी स्थिति में शिक्षकों का मानना है कि वेतन निर्धारण में शिक्षकों की कोई भूमिका नही होती। इसमे सारा काम निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नियोक्ता जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला लेखा पदाधिकारी की होती है।

फिर बार-बार वेतन निर्धारण, वेतन स्थगन, वेतन वृद्धि एवं एकमुस्त कटौती का आदेश विभागीय धमकी की तरह परेशानी और चिंता का विषय बना हुआ है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस समस्या जल्द से जल्द समाधान हो।

## ड्रग पैडलर अफसर की गोली मारकर हत्या

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना अंतर्गत सीतारामपुर डैम के समीप अज्ञात लोगों द्वारा आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती एच रोड निवासी ड्रग पैडलर अफसर अली (39) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके शव को पुलिस ने लावारिश अवस्था में पाया, जिसके बाद उसे एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। पुलिस द्वारा उसकी हत्या की सूचना परिजनों को देर रात दी गई।

उसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। बदमाशों द्वारा उसे तीन गोली मारी गई है, जिसमे एक गोली उसके सीने में तथा दोनों तरफ कनपटी में एक-एक गोली लगी है।

बताया गया है कि वह और उसकी पत्नी सलमा ब्राउन शुगर का कारोबार करते हैं। दो माह पूर्व ही पुलिस ने उसकी पत्नी को ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। वर्तमान में वह रांची जेल में बंद है। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम ब्राउन शुगर के पैडलरों में दर्ज है। उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे और वह पूर्व में भी जेल जा चुका था।

# कक्षा एक से सात तक की परीक्षा शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी एवं सहायता प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात की वार्षिक परीक्षा (समेटिव असेसमेंट-2) सोमवार से शुरू होग ग्यी, जो 19 मार्च तक चलेगी। यह परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालयों तथा मॉडल स्कूलों को छोड़कर सभी सरकारी स्कूलों में आयोजित होगी। इसमें कस्तूरबा एवं झारखंड आवासीय विद्यालय तथा गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) विद्यालय भी सम्मिलित हैं।

प्रत्येक दिन यह परीक्षा दो-दो पालियों में आयोजित होगी। पहली एवं दूसरी कक्षा की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि तीसरी से सातवीं की परीक्षा लिखित होगी, जिसमें विषयनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे।

जहां तक मार्किंग की बात है, कक्षा तीन से पांच के लिए 60-60 अंकों की परीक्षा होगी। वहीं, पांचवीं से सातवीं की परीक्षा में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषय में 50-50 अंकों की परीक्षा होगी, जबकि 10-10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित किए गए हैं।

परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 20 से 24 मार्च तक होगा। सभी स्कूलों को 25 मार्च तक परिणाम जारी करना होगा, जिसे 29 मार्च तक ई-विद्यावाहिनी पर अपलोड किया जाएगा। सरकारी स्कूलों में नया सत्र एक अप्रैल से शुरू होना है।

बताते चलें कि सरकारी व सहायता प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों में तीन वर्ष बाद शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। कोरोना के कारण पूर्व में शैक्षणिक सत्र अनियमित हुआ था। इसके बाद से इसे नियमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार समय से परीक्षा का आयोजन होने के बाद अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो सकेगा।

# विभाग ने की समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेंट्रल सेक्टर से बिजली की खरीद कर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड उपभोक्ताओं के बीच वितरित करता है, लेकिन डालटनगंज विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के विद्युत उपभोक्ता नियमित रुप से बिजली बिल का भुगतान नहीं करते हैं।

इस कारण डालटनगंज विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के विद्युत उपभोक्ताओं पर करोड़ों रुपया बिजली बिल बकाया है।

मार्च माह में पांच हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ता के बिजली बिल जमा नहीं करने पर उनको चिह्नित कर कनेक्शन काटने का कार्य करें।

उपरोक्त बातें डालटनगंज विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित राजस्व की समीक्षा बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि मार्च माह में डालटनगंज विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को 21 करोड़ रुपये राजस्व जमा करने का लक्ष्य मिला है। उसको हर हाल में पूरा करना है।

उन्होंने कहा कि बिजली बिल बकाएदार इस इंतजार में नहीं रहें कि उनको झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से बकाया राशि जमा करने का नोटिस दिया जाएगा।

उसके बाद बिजली कनेक्शन काटा जाएगा बल्कि मार्च माह में बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को चिह्नित कर बिजली कनेक्शन काटा जाएगा।

उन्होंने बिलिंग एजेंसी के प्रतिनिधि को शहर समेत ग्रामीण इलाकों में नियमित रुप से मीटर रीडिंग कर बिलिंग नहीं करने पर जमकर फटकार लगाई।

उन्होंने कहा कि नियमित बिलिंग नहीं होने पर एजेंसी पर कार्रवाई के लिए मुख्यालय को पत्राचार किया जाएगा।

### भाजपा ने सोरेन सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

# 18 लाख महिलाओं को नहीं मिली मंईया सम्मान योजना की राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार द्वारा 18 लाख महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि रोकने के आरोप को उनके सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात बताया है। सोमवार को एक बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिलेगी। 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपये नहीं मिले हैं। राफिया ने कहा कि महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मंईयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं, ना ही वेबसाइट पर कोई सुनवाई हो रही है।

सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सभी महिलाओं को जल्द मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा आंदोलन करेगी।

प्रतापपुर (चतरा) में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना मंईयां सम्मान की राशि नहीं आने से महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। लाभ से वंचित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सोमवार को प्रखंड कार्यालय पहुंची।

महिलाओं ने कहा कि आवश्यक दस्तावेज पूरे होने के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया। प्रखंड कार्यालय में सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

कई महिलाओं ने शिकायत की कि अधिकारियों द्वारा बार-बार नए दस्तावेज की मांग की जा रही है, जबकि वे पहले ही सभी आवश्यक कागजात जमा कर चुकी हैं।

महिलाओं का कहना है कि सरकार एक ओर महिला सशक्तिकरण की बात करती है। वहीं दूसरी ओर योजनाओं में ऐसी जटिलताएं रखी जाती हैं कि आम महिलाओं को इसका लाभ आसानी से नहीं मिल पाता।

इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि कुछ महिलाओं के दस्तावेजों में त्रुटि होने के कारण उनका आवेदन स्वीकार नहीं किया जा सका।

हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी योग्य लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा और प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

उधर, गढ़वा में भी महिलाएं काफी परेशान हैं। सोमवार को खरौंधी पंचायत से शिल्पा देवी, विमला देवी इंदा देवी, अंजिला देवी, सुंडी पंचायत से शारदा देवी, सुषमा देवी, चिंता देवी, सोमरी देवी, अनीता देवी, कूपा पंचायत से रीना देवी, तेतरी देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, चंदा देवी, चंदनी पंचायत से सुकरी देवी, हेमंती देवी, कलावती देवी प्रखंड कार्यालय पहुंची थी।

# गिरिडीह की घटना पर सियासत हुई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में दो समुदायों के बीच हुई झड़प अब झारखंड की राजनीतिक तपिश को बढ़ा चुका है। प्रदेश भाजपा के तमाम बड़े नेता चाहे वो बाबूलाल मरांडी हो या पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास राज्य सरकार पर हमलावर हैं। दोनों नेताओं के द्वारा घटना स्थल का जायजा लिया गया।भाजपा के या से राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया गया है। वहीं, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ हिंदू मुस्लिम में लड़वाना चाहती है।

पिछले दिनों राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गिरिडीह घटना स्थल पहुंचे। रघुवर दास ने अधिकारियों को जमकर फटकारा। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द कायम रखने का ठेका सिर्फ हिंदू समाज ले रखा है क्या? मीडिया को सम्बोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया, कहा कि अब राज्य में हिंदू समाज शांति पूर्वक अपना त्योहार भी नहीं मना सकता, सड़क क्या किसी की बपौती है। राज्य सरकार सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करती है, वो शायद भूल रहे हैं कि सरकार की जिम्मेदारी है, सभी समुदायों की सुरक्षा। न की केवल एक समुदायों के लिए कार्य करना।

जहां भाजपा पूरी तरह राज्य सरकार पर हमला है। दूसरी ओर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने बड़ा बयान दे दिया। उन्होंने जनता को संदेश देते हुए कहा, झारखंड में आपसी भाईचारे को बनाकर रखें। सौहार्द को न बिगड़ने दें। भाजपा नेताओं का तांडव कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने तंज कष्ट हुए कहा, छत्तीसगढ़ के तथाकथित नेता माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भाइयों के बीच अगर लड़ाई हो तो उसे समझना चाहिए, न कि आग लगाने का काम करना चाहिए। ऐसे नेताओं पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करे। किसी भी सूरत पर झारखंड का सामाजिक सौहार्द को नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। पुलिस भाजपा के दवाब में काम न करें, दोषियों पर उचित कारवाई करें।

नेता प्रतिपक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी के शिकार पीड़ितों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी ने कहा, गिरिडीह में जो हुआ रूह कंपाने वाली घटना और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आज अपने ही देश में हिंदुओं को अपना त्योहार मनाने पर प्रताड़ित किया जा रहा है।

# खुलेआम हो रही बालू की तस्करी

- कार्रवाई के नाम पर हो रही सिर्फ खानापूर्ति
- घाटों पर तस्कर व गुर्गों का रहता है जमावड़ा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** तस्कर चिरकुंडा नदी की सीना चीरकर बालू निकालकर ले जा रहे हैं और स्थानीय प्रशासन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। ताजा मामला बुधवार की देर शाम का है। चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा व चिरकुंडा थानेदार रामजी राय ने चिरकुंडा नदी के सुंदरनगर घाट में छापेमारी कर चार बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। सभी वाहनों को थाने में लाकर रखा गया है।

प्रशासन अच्छी तरह से जानता है कि तस्कर जिस सुंदरनगर घाट से बालू उठाव करवाकर ट्रैक्टर से भेज रहे थे वह क्षेत्र चिरकुंडा नगर परिषद में पड़ता है, जबकि बालू घाट का टेंडर डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत के लिए हुआ है।

बजाप्ता जब्त ट्रैक्टर में डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत के कापासारा घाट का चालान भी पुलिस ने बरामद किया है।

इसके बावजूद बालू तस्करों, ट्रैक्टर मालिकों व चालकों के खिलाफ अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे छापेमारी टीम की निष्पक्ष कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। सुंदरनगर घाट से आए दिन बालू लेकर सैकड़ों ट्रैक्टरों को आते देखा जाता है। तस्कर व उसके गुर्गे हमेशा घाट के पास तैनात रहते हैं।

वे लोग प्रत्येक बालू लदे ट्रैक्टर से तीन से चार सौ रुपये की अवैध वसूलती करते हैं। पुलिस से बचाव के लिए वेलोग ट्रैक्टर चालकों को डुमरकुंडा दक्षिण घाट का चालान भी देते हैं, जबकि सुंदरनगर घाट पंचायत क्षेत्र में नहीं आकर चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में पड़ता है।

ऐसी स्थिति में ट्रैक्टर चालकों को दिए जाने वाला चालान वैध नहीं होता है। अगर हम बात करे डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत के बालू घाट की तो सरकारी नियमानुसार इस घाट से बालू लोड कर ले जाने पर प्रत्येक ट्रैक्टर चालक को मात्र एक सौ रुपये का चालान कटाना पड़ता है। मगर घाट संचालक चालान देने के नाम पर तीन से चार सौ रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं।

इस गोरख धंधे में स्थानीय जनप्रतिनिध, पुलिस, प्रखंड प्रशासन की भी मिलीभगत होती है। यहीं कारण है कि इनदिनों खुलेआम बेखौफ होकर चिरकुंडा नदी से तस्कर बालू का उठाव करवा रहे हैं और सरकार को प्रतिमाह लाखों रुपये की राजस्व की क्षति पहुंचा रहे हैं।

चिरकुंडा निवासी एक सिंह बंधु इनदिनों रात में चिरकुंडा सुंदरनगर व अन्य घाटों से खुलेआम बड़े वाहनों से बालू उठाव कर उसे अपने बनाए गए ठिकानों में जमा करते हैं। बालू उठाव के लिए बजाप्ता शावेल मशीन व डोजर का भी उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस से मधुर संबंध होने के कारण सिंह बंधु खुलेआम नदी के सीने को चीर कर बालू उठाकर बिहार, बंगाल व झारखंड के विभिन्न क्षेत्र में लेजाकर बेचने का काम कर रहे हैं। इससे उन्हें लाखों रुपये की कमाई हो रही है। स्थानीय प्रशासन सबककुछ जानकर भी चुप रहता है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 70-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक : 13.03.2025.** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वी रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** "विजन-2024 के अनुसार सीतारामपुर फ्रेट सिक लाइन के उन्नयन के संबंध में आसनसोल डिवीजन दूरसंचार कार्य"; **विज्ञापन निविदा मूल्य: रु. 10,87,540.57; बयाना राशि:** रु.21,800.00 ; **कार्य पूरा होने की अवधि:** एलओए जारी होने की तारीख से 90 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.04.2025 को 11.00 बजे। **वेबसाइट विवरण: http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और प्राप्त होने वाले ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और उन्हें IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं।

(ASN-376/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: सी-206-जीसीटी-आद्रा-सीआरएस-3, दिनांक 12.03.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के तहत चौरासी रेलवे साइडिंग के निकट-आंशिक रूप से रेलवे की जमीन पर गति शक्ति मल्टी-मोडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास के लिए संविदा; **निविदा मूल्य:** रु. 46,69,77,310; **बयाना राशि:** रु. 4,66,97,800; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 23,600; **बंद होने की तारीख:** 16.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** 18 महीने। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट: **आईआरईपीएस (www.ireps.gov.in)** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **(PR-1238)**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा यहां नीचे उल्लिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य:** (1) ईलेक्ट-जी-एडीए-2025-12, दिनांक 13.03.2025; साऊथ सेटेलमेंट/आद्रा के अधीन ऑफिसर क्लब एवं रेस्ट हाउस के परिसर में पथवे, कैनपी, शौचालय परिसर, भोजनालय, मंच इत्यादि के प्रावधान द्वारा बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 9,08,369; (2) ईलेक्ट-जी-एडीए-2025-13, दिनांक 13.03.2025; आरपीएफ पोस्ट, बर्नपुर में 20 बिस्तरों वाले पुरुष बैरक के साथ 10 बिस्तरों वाले महिला बैरक के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 6,02,456; (3) ईलेक्ट-जी-एडीए-2025-14, दिनांक 13.03.2025; बोकारो रेलवे स्टेशन में महिला आरपीएफ ट्रेन एस्कर्टिंग कर्मचारियों के लिए शौचालय के साथ 5 (पांच) बिस्तरों वाले विश्राम कक्ष के निर्माण के लिए विद्युतीय कार्य; रु. 6,55,430; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय** 07.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे है तथा **ई-निविदाएं** दिनांक 07.04.2025 को दोपहर 12.30 बजे के उपरांत **खोली** जाएंगी। उपरोक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **(PR-1242)**

# युवराज और सचिन से आगे निकला इंडिया का ओपनर बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के फाइनल में ब्रायन लारा की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज मास्टर्स को 4 विकेट से हरा दिया और खिताब अपने नाम किया। तेंदुलकर की कप्तानी में इंडिया ने कमाल किया और इस लीग से पहले सीजन में अपनी बादशाहत दिखाई। फाइनल में भारत की जीत में सबकी अहम भूमिका रही, लेकिन अंबाती रायुडू की बैटिंग खास रही और उनकी पारी से भारत को जीत मिली। अंबाती अपनी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में इंडिया ने गजब का प्रदर्शन किया और इस टीम ने सिर्फ एक मैच पूरे टूर्नामेंट के दौरान गंवाया। अन्य सभी मुकाबलों में भारत को जीत मिली। इस लीग में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर की बात करें तो इसमें युवराज सिंह और सचिन तेंदुलकर पर अंबाती रायुडू भारी पड़े और फाइनल में खेली 74 रन की पारी के दम पर वो दोनों से आगे निकल गए। फाइनल से पहले भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर युवराज सिंह थे और दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर थे, लेकिन फाइनल के बाद तस्वीर पूरी तरह से बदल गई और अंबाती पहले नंबर पर, सचिन दूसरे जबकि युवराज सिंह तीसरे नंबर पर आ गए। इस लीग में भारत के लिए अंबाती ने सबसे ज्यादा रन बनाए और उन्होंने 6 मैचों में 47.00 की औसत के साथ 188 रन बनाए जबकि सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे और इंडिया की कप्तानी करने वाले सचिन ने 6 मैचों में 30.17 की औसत के साथ 181 रन ठोके। अंबाती का स्ट्राइक रेट इन मैचों में 142.42 का रहा जबकि सचिन का औसत 153.39 का रहा। युवराज सिंह की बात करें तो उन्होंने 6 मैचों में 179.00 की औसत के साथ 179 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 184.54 का रहा। युवराज ने 6 मैचों में 14 चौके और 13 छक्के लगाए।आपको बता दें कि फाइनल मैच में लारा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था और फिर इस टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाए।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में बनाए दोनों से ज्यादा रन




# हम एलएसजी में ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें: ऋषभ पंत



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आईपीएल 2025 अभियान की शुरुआत से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनका प्रयास टीम में ऐसा माहौल बनाना है, जहां आने वाले लोग अपनी बात खुलकर कह सकें। एलएसजी आईपीएल 2025 सीजन का अपना पहला मैच 24 मार्च को विशाखापत्तनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है, जिसकी कप्तानी पहले पंत कर चुके हैं। ÷हम ऐसी जगह बनाना चाहते हैं, जहां लोग आकर अपनी बात कह सकें। यह एक बहुत ही सरल विचार है। इसे कहना आसान है, करना नहीं, क्योंकि इसके लिए हर व्यक्ति को बहुत प्रयास करना पड़ता है।÷

पंत ने सोमवार को फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में अपने एलएसजी साथियों से कहा, ÷यह सिर्फ़ प्रबंधन की बात नहीं है; मुझे लगता है कि खिलाड़ियों की वजह से ही हम ऐसा माहौल बना पाते हैं। क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर मैंने हमेशा यही महसूस किया है कि अगर आप अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं और उन्हें पर्याप्त भरोसा देते हैं, तो वे आपको किसी भी स्तर पर आगे बढ़ा सकते हैं। मुझे लगता है कि समूह में बहुत अनुभव है, और प्रबंधन के पास भी बहुत अनुभव है। एलएसजी दो बार एलिमिनेटर में बाहर होने से पहले आईपीएल 2022 और 2023 सीजन के प्लेऑफ में पहुंची। आईपीएल 2024 में, एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत, आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए, जब पिछले साल मेगा नीलामी में एलएसजी ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने निकोलस पूरन, एडेन मार्करम और डेविड मिलर जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से टीम के नए खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करते रहने का भी आग्रह किया। ÷हमारे पास कई सीनियर खिलाड़ी हैं। निकी पी हैं, मार्करम हैं, मिलर हैं। मुझे लगता है कि और भी कई हैं।

## विराट के बाद एक और भारतीय क्रिकेटर का फूटा बीसीसीआई पर गुस्सा, आईपीएल के इस नियम का हो रहा कड़ा विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन के लिए बीसीसीआई ने नई पॉलिसी लागू की थी. नई पॉलिसी में कई सारे नए नियम जोड़े गए, जिनमें से एक कहता है कि किसी खिलाड़ी के फैमिली मेंबर्स, प्रैक्टिस सेशन या मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में प्रवेश नहीं कर सकते और ना ही मिल सकते हैं. अब यही नियम बीसीसीआई के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है. पहले विराट कोहली ने फैमिली रूल पर कड़ा विरोध जताया था. अब दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज मोहित शर्मा ने भी इस नियम के प्रति विरोध जताया है. मोहित शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर परिवार की मौजूदगी बुरी चीज कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा, कुछ चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं होती. हम सबके व्यक्तिगत विचार अलग-अलग हो सकते हैं, यह जरूरी है कि हम उन चीजों पर ध्यान लगाएं जिनपर नियंत्रण बना सकते हैं. परिवार की मौजूदगी बुरी चीज कैसे हो सकती हैबीसीसीआई के नए रूल पर विराट कोहली ने कहा कि, अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछेंगे कि क्या आप हर समय अपने परिवार के साथ रहना चाहते हैं, तो उसका जवाब हां होगा. मैं नहीं चाहता कि किसी कठिन परिस्थिति से गुजरने के बाद कमरे में जाकर परेशान होता रहूं. विराट ने कहा कि जब कोई बेकार पारी या गंभीर समस्या आती है और उसके बाद आप घर जाते हैं तो सब नॉर्मल लगने लगता है. ऐसे में विराट को बीसीसीआई के नए नियम के प्रति बहुत निराशा हुई है. मोहित शर्मा को मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 2.20 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था. बता दें कि पिछले दो आपीएल सीजनों में मोहित कुल 40 विकेट चटका चुके हैं. इस बार दिल्ली को उनसे वैसे ही शानदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी.

## 804 नंबर लिखी कैप पहनने पर पाकिस्तानी क्रिकेटर आमिर जमाल को मिली सजा



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट में इस समय हंगामा मचा हुआ है. इसका एक बड़ा कारण लगातार टीम का शर्मनाक प्रदर्शन करना है. मगर इसी बीच क्रिकेट से हटकर एक खबर आ रही है. पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सपोर्ट करने के चक्कर में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर पर भारी भरकर जुर्माना लगाया गया है. दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने 8 खिलाड़ियों को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया और उन पर जुर्माना लगाया है. इनमें एक ऑलराउंडर आमिर जमाल भी हैं, जिन पर 1.3 मिलियन (पाकिस्तानी रुपये) का जुर्माना लगा है. यह रकम भारतीय रुपयों में करीब 4 लाख रुपये बनती है. जमाल पर जुर्माना लगाने का कारण उनका कैप नंबर 804 पहनना है. पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जमाल की कैप पर लिखा 804 नंबर इमरान खान की जेल की पहचान से जुड़ा है. साथ ही इसे इमरान खान के साथ एकजुटता का प्रतीक माना जा रहा है. 2023 से हिरासत में लिए गए इमरान को जनवरी 2025 में 14 साल की नई सजा मिली. वो इस समय भ्रष्टाचार के कई आरोपों के लिए रावलपिंडी की जेल में बंद हैं. इमरान जिस जेल में बंद हैं, वहां उनका बैज नंबर भी 804 ही है. 28 साल के जमाल ने मुल्तान में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑन-फील्ड इंटरव्यू के दौरान यह कैप पहनी हुई थी. इसी के कारण उन्हें आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है. आमिर के अलावा तीन अन्य खिलाड़ियों पर भी 5, 00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया गया. इन तीनों पर नवंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान टीम होटल में देरी से पहुंचने का आरोप है. पाकिस्तान ने अपने नए टी20 कप्तान सलमान आगा, सईम अयूब,अब्दुल्ला शफीक और अब्बास अफरीदी पर भी साल की शुरुआत में साउथ अफ्रीका दौरे के दौरान कर्फ्यू नियमों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है.

## मुंबई इंडियंस के स्टार ऑलराउंडर को भेजा कानूनी नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग के लिए पाकिस्तान सुपर लीग के अपने अनुबंध को छोड़ दिया क्योंकि 5 बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस ने चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह उनकी सेवाएं लेने के लिए कहा। बॉश के इस फैसले से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड नाराज है और खिलाड़ी को कानूनी नोटिस भी भेजा है। ऐसे में दोनों टी20 लीग्स के एक साथ होने से टकराव की स्थिति सामान्य है और इसे लेकर खिलाड़ियों को फैसला करना था कि वह किस लीग में खेलना चाहते हैं। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू करने वाले बॉश को 13 जनवरी को लाहौर में आयोजित पाकिस्तान सुपर लीग प्लेयर्स ड्राफ्ट के दसवें संस्करण के दौरान डायमंड श्रेणी में पेशावर जाल्मी द्वारा चुना गया था। इस महीने की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग की एक प्रमुख फ्रैंचाइजी मुंबई इंडियंस ने घोषणा की कि उसने चोटिल लिजाद विलियम्स के प्रतिस्थापन के रूप में बॉश को चुना है, जो दक्षिण अफ्रीका से भी हैं।

# एंड्रीवा ने सबालेंका को हराकर इंडियन वेल्स का महिला एकल खिताब जीता

**इंडियन वेल्स, एजेंसी ।** मीरा एंड्रीवा ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। 17 वर्षीय रूसी खिलाड़ी 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद सबसे कम उम्र की इंडियन वेल्स ओपन चैंपियन बन गई हैं, और 1998 में मार्टिना हिंगिस और सेरेना के बाद टूर्नामेंट के इतिहास में तीसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। एंड्रीवा ने पिछले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लगातार 12वां मैच जीता। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, एंड्रीवा 2009 में प्रारूप की शुरुआत के बाद से लगातार 12 डब्ल्यूटीए 1000 जीत दर्ज करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। एंड्रीवा ने कोर्ट पर अपने भाषण में कहा, मैं अंत तक लड़ने और हमेशा मुझ पर विश्वास करने तथा कभी हार न मानने के लिए खुद को फिर से धन्यवाद देना चाहूंगी।मैंने आज खरगोश की तरह दौड़ने की कोशिश की। बस बने रहना वाकई मुश्किल था, इसलिए मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और इसलिए मैं खुद को धन्यवाद देना चाहती हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने भी इसमें थोड़ी भूमिका निभाई। एंड्रीवा, टोक्यो 2005 में मारिया शारापोवा द्वारा लिंडसे डेवनपोर्ट को हराने के बाद से डब्ल्यूटीए फाइनल में विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी को हराने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं, और पिछले 40 वर्षों में 17 या उससे कम उम्र की तीसरी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में विश्व की नंबर 1 और विश्व की नंबर 2 खिलाड़ी को हराया है। सेमीफाइनल में, एंड्रीवा ने दो बार की चैंपियन और नंबर 2 इगा स्वीयाटेक के खिताब के बचाव को समाप्त कर दिया, उन्हें इतने ही टूर्नामेंट में दूसरी बार हराया। इंडियन वेल्स एंड्रीवा का तीसरा करियर खिताब और इस सीजन का दूसरा खिताब है।



## फाइनल में युवराज सिंह और टीनो बेस्ट के बीच तीखी नोकझोंक



**रायपुर, एजेंसी।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के फाइनल के दौरान युवराज सिंह और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज टीनो बेस्ट के बीच मैदान पर तीखी नोकझोंक देखने को मिली। यह घटना मैच की दूसरी पारी के दौरान हुई, जब युवराज और बेस्ट के बीच बहस हुई। बेस्ट 13वां ओवर पूरा करने के बाद मैदान से बाहर जाना चाहते थे, लेकिन युवराज ने अंपायर को इसकी जानकारी दे दी, जिससे बेस्ट को वापस लौटना पड़ा। इस फैसले से वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज नाराज हो गए। बेस्ट ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर पर हमला किया जो अपनी बात पर अड़े रहे। दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और एक-दूसरे पर उंगली उठाई जिसके बाद वेस्टइंडीज के कप्तान ब्रायन लारा ने बीच-बचाव किया। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डैरेन गॉफ ने कमेंट्री में बताया, वह (टिनो बेस्ट) ऐसा खिलाड़ी है जो पीछे नहीं हटता। वह ऐसा खिलाड़ी है जो बातचीत करना पसंद करता है। दो खिलाड़ी जो पीछे नहीं हटते। तभी आपको कोई समस्या होती है।

# नई-नई हुई है शादी... आईपीएल में लेडी लक के साथ उतरेंगे इतने सारे खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया साल, नया आईपीएल सीजन और नई-नई शादी. ये कहानी है उन खिलाड़ियों की जो आईपीएल 2025 में लेडी लक के साथ उतरने वाले हैं. शादी-शुदा ग्रुप में नए-नए शामिल खिलाड़ियों में कुछ बड़े नाम हैं तो कुछ ऐसे जो उतने बड़े स्टार नहीं. किसी ने अपनी गर्लफ्रेंड को ही जीवनसाथी बनाया है तो किसी ने घरवालों की पसंद की हुई लड़की के साथ ब्याह रचाया है. आज हम उन देसी-विदेशी खिलाड़ियों की बात कर करने जा रहे हैं, जिन्होंने आईपीएल 2025 से पहले शादी की है.

आईपीएल 2025 से पहले शादी के बंधन में बंधने वाले सबसे बड़े खिलाड़ी राशिद खान है. इन्होंने 3 अक्टूबर 2024 को काबुल में निकाह किया. रिपोर्ट्स के मुताबिक राशिद ने जिस लड़की से शादी की वो उन्हीं की रिश्तेदारी में है. क्रिकेट की दुनिया के नामचीन लेग स्पिनर राशिद खान आईपीएल में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा हैं.

### डेविड मिलर ने गर्लफ्रेंड को बनाया हमसफर

विदेशी खिलाड़ियों की शादी की बात चली ही है तो उनमें एक और बड़ा नाम डेविड मिलर का है, जिन्होंने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड को जीवनसाथी बनाया है. मिलर ने कैमिला हैरिस के साथ 28 मई 2024 को



ब्याह रचाया. आईपीएल 2025 में डेविड मिलर लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं. एलएसजी ने उन्हें 7.5 करोड़ रुपये में खरीदा है.

### वेंकटेश भी शादी के बाद खेलेंगे पहला आईपीएल

भारतीय क्रिकेटरों में वेंकटेश अय्यर ने भी आईपीएल 2025 से पहले शादी कर ली है. उन्होंने केकेआर के साथ आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के तुरंत बाद ये मंगल कार्य किया. 2 जून 2024 को वेंकटेश अय्यर ने श्रुति रघुनाथन के साथ शादी की. श्रुति का साथ मिलने के बाद एक बार तो आईपीएल 2025 के ऑक्शन में वेंकटेश की किस्मत चमक चुकी है,

### चेतन साकरिया से मोहसिन खान तक ने की शादी

चेतन साकरिया भी आईपीएल 2025 में केकेआर से जुड़े हैं. उन्हें उमरान मलिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर 75 लाख रुपये में लिया गया है. उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड मेघना जामबूचा से शादी की है. मोहसिन खान ने 11 नवंबर 2024 को शादी की. बाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज आईपीएल 2025 में एलएसजी का हिस्सा है. फ्रेंचाइजी ने इन्हें खरीदने के लिए 4 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. हालांकि, ये खेलेंगे या नहीं उनकी आने वाली फिटनेस रिपोर्ट पर होना है.

### हरप्रीत ब्रार ने की शादी, जितेश शर्मा ने सगाई

हरप्रीत ब्रार आईपीएल 2025 से पहले शादी वाले क्लब में शामिल हुए सबसे लेटेस्ट सदस्य हैं. उन्होंने मॉली संधू के साथ शादी की, जिनके इंस्टाग्राम अकाउंट से पता चलता है कि वो पेशे से डॉक्टर हैं. ये शादी मार्च 2025 में हुई. यानी, आईपीएल 2025 के आगाज से ठीक पहले. हरप्रीत ब्रार आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स का हिस्सा हैं . आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने शादी भले नहीं की पर सगाई करके इन्होंने भी आईपीएल 2025 में लेडी लक लेने का इंतजाम कर लिया है.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में फिर पकड़ाए अवैध बांग्लादेशी, नदी के रास्ते ली थी देश में एंट्री, डिपोर्ट की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ जारी है। इसी सिलसिले में आज दिल्ली पुलिस पूर्वी जिले के विशेष अभियान के तहत दिल्ली हृष्टक्र में सात अंतर-राज्यीय अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी पकड़े गए हैं। सभी अवैध बांग्लादेशी भारत-बांग्लादेश की सीमा के पास बनी नदी के रास्ते घुसे थे। अब दिल्ली पुलिस इनके डिपोर्ट की प्रक्रिया शुरू करेगी। दिल्ली में नई सरकार आने के बाद से राजधानी में रहने वाले अवैध बांग्लादेशियों पर खूब कार्रवाई हो रही है। डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी भारत-बांग्लादेश सीमा के पास नदी के रास्ते भारत में घुसे थे। वे पहचान से बचने के लिए विभिन्न स्थानों पर रह रहे थे। उनके निर्वासन की प्रक्रिया विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, दिल्ली की सहायता से शुरू की गई है।

### सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, सीएम रेखा गुप्ता ने बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26 साल से ज्यादा समय के बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी बीजेपी सरकार 25 मार्च को विधानसभा में बजट पेश करेगी। इस बीच सीएम रेखा विभिन्न वर्गों से बजट को लेकर सुझाव ले रही हैं। रविवार को बीजेपी विधायकों के साथ हुई बैठक में उन्होंने दिल्ली के बजट की रूपरेखा बताई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि दिल्ली का वार्षिक बजट लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और समाज के सभी वर्गों के विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। मुख्यमंत्री ऑफिस की ओर से कहा गया कि रेखा गुप्ता और बीजेपी विधायकों के बीच आगामी बजट पर विस्तृत चर्चा हुई। इसे 25 मार्च को विधानसभा में पेश किया जाना है। भाजपा सरकार के पहले बजट को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए सीएम ने कहा कि वह शहर के लिए लोगों की सभी इच्छाओं को इसमें शामिल करने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि यह बजट दिल्ली के हित में तैयार किया जाएगा और इससे काफी समृद्धि आएगी। बजट आंकड़ों तक सीमित नहीं होगा। यह दिल्ली के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और विकास को बढ़ावा देने का माध्यम होगा। यह समाज के हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करेगा। सीएमओ ने बताया कि गुप्ता ने बजट पर बैठक के दौरान दिए गए सुझावों को ध्यान से सुना, जिससे दिल्ली के समग्र विकास को नया आयाम मिलेगा।बांसेरा में आयोजित बैठक में मंत्रियों के साथ ही कई भाजपा विधायक भी शामिल हुए। बैठक के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा विधायकों ने आग्रह किया कि जलापूर्ति, सीवरेज और समुचित सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन किया जाए।एक विधायक ने झुग्गी बस्तियों में खराब बुनियादी ढांचे का मुद्दा भी उठाया गया। उन्होंने सीएम से वहां विकास कार्यों के लिए विशेष प्रावधान करने का आग्रह किया।

### गाजियाबाद में फंदे पर लटकी मिली केवीएस की टीचर की लाश

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में रविवार शाम दिल्ली के एक केंद्रीय विद्यालय की महिला टीचर की लाश संदिग्ध हालात में अपने ही घर में फंदे पर लटकी मिली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें पति की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। जानकारी के अनुसार, इंदिरापुरम पुलिस को रविवार शाम वसुंधरा सेक्टर तीन के निजी अस्पताल से सूचना मिली कि अन्विता शर्मा पत्नी डॉ. गौरव शर्मा निवासी वसुंधरा को गले में फंदा लगने के कारण मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि मृतक महिला दिल्ली स्थित केवीएस दुल्लापुर में टीचर थी और उनके पति गौरव शर्मा मैक्स अस्पताल में डॉक्टर हैं। पुलिस को छानबीन के दौरान घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। इसमें महिला ने पति पर आए दिन मानसिक रूप से परेशान करने, दहेज के लिए प्रताड़ित करने, शादी में दिए गए गहने हड़पने और मायके से पैसे मांगने का आरोप लगाया है।

# वक्फ को लेकर सड़कों पर टकराव, मुस्लिमों के प्रदर्शन के पास पहुंचे हिंदू संगठनों के लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड मंगलवार वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरने का आयोजन किया है। इसमें विभिन्न मुस्लिम संगठनों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही विपक्ष के कई सांसद शामिल है। एआईएमएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी इस दौरान जंतर-मतर में शामिल है। इस विरोध प्रदर्शन के खिलाफ अब हिंदू सगंठन के लोग धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान हिन्दू प्रदर्शनकारियों ने ना सिर्फ मुस्लिम संगठनों के विरोध प्रदर्शन के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने की बात कही बल्कि सड़क पर बैठकर जय श्री राम के नारे भी लगाए। मेरठ के एक हिंदू कार्यकर्ता सचिन सिरोही ने कहा, देश संविधान से चलेगा। विपक्ष यह क्या नाटक कर रहा है? उन्हें सरकार की बात सुननी चाहिए। हमें उम्मीद है कि पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी जी यह कानून लाएंगे। वहीं भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने विरोध प्रदर्शन पर कहा, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने साबित कर दिया है




कि वह कांग्रेस की बी टीम है और यह भी साफ कर दिया है कि वह भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम किसानों, गरीब मुसलमानों और दलितों के अधिकारों और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को लागू करने के बारे में है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि सड़क पर धरना देना असंवैधानिक है, और कानून किसी भी असंवैधानिक काम से कानूनी रूप से निपटेगा।

**वक्फ संशोधन विधेयक पर मुस्लिम समाज में भ्रम, किरेन रिजिजू बोले- हिंदुस्तान कानून से चलता है:** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक पर मुस्लिम समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। लाउडस्पीकर से गली-गली में गलत संदेश दिया जा रहा है कि सरकार वक्फ की जमीनें छीन लेगी, कब्रगाहों पर कब्जा कर लेगी। यह सारी गलत बातें हैं। केंद्रीय मंत्री का यह रुख सोमवार को जंतर-मंतर पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के धरना-प्रदर्शन से पहले आया है। रिजिजू रविवार को इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी से इतर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान कानून से चलता है। कैसे कोई किसी की जमीन छिन सकता है? फिर भी अगर सरकार कुछ गलती करती है तो न्यायालय है। उन्होंने विपक्ष पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। कहा कि उनका काम विरोध करना है, लेकिन झूठ तो न बोलें। मोदी सरकार यह कानून मुस्लिम समाज की भलाई के लिए लाई है। वैश्विक स्तर पर देश में सर्वाधिक वक्फ की जमीन है, सरकार की जिम्मेदारी है कि उसका फायदा समाज को मिले। कहा कि जेपीसी पर सभी सवालों का जवाब दिया गया है। जब यह कानून संसद में आएगा तो एक-एक बात का जवाब दूंगा। उधर, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के एक पदाधिकारी ने बताया कि सोमवार को प्रदर्शन में जमीयत उलेमा-ए-हिंद, जमात-ए- इस्लामी, जमीयत अहले हदीस व ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल जैसे धार्मिक संगठन भाग लेंगे।

## दिल्ली पुलिस पहली बार परीक्षा से करेगी एसएचओ की नियुक्ति, 15 पदों के लिए 122 इंस्पेक्टरों ने किया अप्लाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस पहली बार एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाते हुए स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) की नियुक्ति के लिए योग्यता आधारित परीक्षा शुरू करने जा रही है। अब तक एसएचओ की नियुक्ति वरिष्ठता और अनुभव के आधार पर होती थी, लेकिन इस नई प्रणाली का उद्देश्य चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है।

इस पहल के रूप में दिल्ली पुलिस विशेष रूप से साइबर थानों के लिए एक परीक्षा आयोजित कर रही है, जो राजधानी में डिजिटल अपराधों से निपटने में सबसे आगे रहे हैं। कुल 122 पुलिस इंस्पेक्टरों ने सिर्फ 15 उपलब्ध साइबर एसएचओ पदों के लिए आवेदन किया है, जिससे यह एक बेहद प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया बन गई है। यह परीक्षा 18 मार्च को वजीराबाद में दिल्ली पुलिस एकेडमी में होने वाली है।

साइबर खतरों के बढ़ने के साथ दिल्ली पुलिस डिजिटल क्राइम के खिलाफ अपनी लड़ाई का नेतृत्व करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अफसरों की तलाश कर रही है। इस परीक्षा के माध्यम से चुने गए अफसरों को साइबर क्राइम जांच, डिजिटल फोरेंसिक और साइबर सुरक्षा प्रवर्तन का प्रबंधन सौंपा जाएगा।

पश्चिमी दिल्ली के एक इंस्पेक्टर ने कहा, प्रतियोगिता कठिन है - केवल 15 ही सफल होंगे। उन्होंने कहा, रोजाना पुलिस ड्यूटी और परीक्षा की तैयारी के बीच संतुलन बनाना थका देने वाला है, लेकिन हम इस भूमिका के महत्व को जानते हैं। इस परीक्षा में उम्मीदवारों को व्यापक सिलेबस पर परखा जाएगा, जिसमें महत्वपूर्ण कानून और पुलिसिंग अधिनियम शामिल हैं, जिनमें - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), भारतीय साक्ष्य एक्ट (बीएसए), साइबर अपराध और आईटी कौशल, एनडीपीएस एक्ट, पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, आर्म्स एक्ट, दिल्ली पुलिस एक्ट, दिल्ली आबकारी एक्ट, कंपनी एक्ट, आदि शामिल हैं। मल्टिपल चॉइस और डिस्क्रिप्टिव प्रश्नों का संयोजन उम्मीदवारों को कानूनी ज्ञान, जांच कौशल और निर्णय लेने की चुनौती देगा। इस कदम को दिल्ली पुलिस के लिए एक गेम-चेंजर के रूप में देखा जा रहा है।

## भाई ने सिर पर हथौड़ा मारकर बहन को मार डाला, बचाने आई मां पर भी अटैक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा की सुरजपुर कोतवाली क्षेत्र में सगे भाई द्वारा अपनी ही बहन के सिर पर हथौड़े से हमला कर हत्या करने का मामला सामने आया है, जबकि मां गंभीर रूप से घायल है। रविवार को बहन- भाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद भाई ने पास में रखे हथौड़े से उसके सिर पर हमला कर दिया। बीच बचाव में आई मां पर भी हथौड़े से हमला किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपी मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, घायल मां को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, कस्बा सुरजपुर के केसीएस गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास मुकेश गर्ग अपनी पत्नी विनिता गर्ग और दो बच्चे के साथ किराये के मकान में रहते हैं।

रविवार दोपहर सवा 12 बजे उनकी बेटी शिप्रा 29 वर्ष का उसके सगे छोटे भाई शुभम गर्ग उम्र करीब 26 वर्षीय से किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि शुभम ने गुस्से में आकर घर में रखे लोहे के हथौड़े से शिप्रा के सिर पर वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण शिप्रा मौके पर ही लहूलुहान हो गई। इस दौरान बीच बचाव करने आई अपनी मां विनीता के सिर पर भी हथौड़े से हमला किया गया, उसे हथौड़ा लेकर डराया। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल शिप्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन शिप्रा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका शादीशुदा थी, लेकिन ससुराल में विवाद के कारण मायके में ही रह रही थी। वहीं, मां का आईसीयू में उपचार जारी है। घटना से परिवार सदमे में है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि युवक के मानसिक रोगी होने की बात सामने आई है।

## एक्ट्रेस रान्या राव पर भाजपा विधायक ने की अभद्र टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कर्नाटक में अपनी टिप्पणियों के लिए मशहूर भाजपा विधायक ने रान्या राव के बारे में अभद्र टिप्पणी करके एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। रान्या राव कन्नड़ अभिनेत्री हैं, जो दो सप्ताह पहले एयरपोर्ट पर सोने के साथ पकड़ी गई थीं और सोने की तस्करी की जांच का सामना कर रही हैं।

बीजापुर शहर से विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल ने अभिनेत्री द्वारा कथित तौर पर सोने की तस्करी के प्रयास के बारे में यह टिप्पणी की और दावा किया कि उन्हें पता है कि इस मामले में कौन से मंत्री शामिल हैं।

बता दें, दुबई से बेंगलुरु एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद रान्या राव को उनके कपड़ों में छिपाकर रखे गए 14 किलोग्राम सोने के बार के साथ गिरफ्तार किया गया था। प्रारंभिक जांच में एयरपोर्ट स्टाफ की मिलीभगत का संकेत मिला है।

एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें विधायक यतनाल पत्रकारों से कह रहे हैं कि दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, जो रान्या राव के सौतेले पिता हैं, उनका हवाला देते हुए पूछा कि क्या किसी का बचाव सिर्फ इसलिए किया जा सकता है क्योंकि वह केंद्र सरकार का कर्मचारी है।

डीजीपी स्तर के अधिकारी रामचंद्र राव, जिन्होंने सोने की जब्ती से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था, उनको उनकी सौतेली





बेटी की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद अनिवार्य छुट्टी पर भेज दिया गया था।

यतनाल को कन्नड़ में यह कहते हुए सुना गया, सीमा शुल्क अधिकारियों की ओर से चूक हुई है और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। उसके शरीर पर सोना भरा हुआ था और उसने शरीर के हर हिस्से में सोना छिपा रखा था और तस्करी करके भारत लाई थी।

उन्होंने वीडियो में कहा कि वह आगामी विधानसभा सत्र के दौरान उन सभी मंत्रियों के नाम बताएंगे, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे इस मामले में शामिल हैं।

उन्होंने कहा, मैंने उसके रिश्तों, उसे सुरक्षा दिलाने में किसने मदद की और सोना कैसे लाया गया, इस बारे में पूरी जानकारी जुटाई है। मैं सत्र में सब कुछ उजागर करूंगा, जिसमें यह भी शामिल है कि उसने सोना किस छेद में छिपाया और लाया।

# अमेरिका में कुदरत ने ढाया कहर, तूफान- बवंडर और जंगल की आग से 37 लोगों की मौत

**न्यूयार्क , एजेंसी।**
अमेरिका के मध्य और दक्षिण हिस्से में आए बवंडर (टॉरनेडो) और तेज हवाओं के कारण कई मकान और स्कूलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई। मिसौरी निवासी डकोटा हेंडरसन ने बताया कि शुक्रवार रात बवंडर से बुरी तरह प्रभावित वेन काउंटी में उन्होंने और अन्य लोगों ने मिलकर जब पड़ोसियों को बचाने का अभियान शुरू किया तो उनके रिश्तेदार के घर के बाहर मलबे में पांच शव पड़े मिले। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में आए बवंडरों में कम से कम एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने शनिवार देर रात बताया कि



तीन काउंटियों में छह लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य लोग लापता हैं। उन्होंने बताया कि बवंडर पूर्व में अलबामा की ओर बढ़ गया है, जहां घरों को नुकसान पहुंचा है तथा सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। अधिकारियों ने अर्कंसास में तीन मौतों की पुष्टि की और गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स ने राज्य में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। जॉर्जिया के गवर्नर ने भी राज्य में आपातकाल की घोषणा की है। राज्य में बवंडर और धूल भरी आंधी की वजह से शुक्रवार को लगभग एक दर्जन लोगों की मौत हो गई। स्टेट हाईवे पेट्रोल के अनुसार, कम से कम 50 वाहनों के टकरा जाने से कनसास राजमार्ग पर आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि टेक्सास पैनहैंडल के अमरिलो में धूल भरी आंधी के कारण हुए कार हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। ओक्लाहोमा के कुछ इलाकों को आग की घटनाओं की वजह से खाली कराने का आदेश दिया गया है।130 से ज्यादा आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं और लगभग 300 घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए हैं। गवर्नर केविन स्टिट ने शनिवार को कहा कि लगभग 689 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र जल गया है। उन्होंने बताया कि ओक्लाहोमा सिटी के उत्तर-पूर्व में उनका अपना घर भी जल गया है।

## पाकिस्तान में जमीयत के हाई-प्रोफाइल नेता की हत्या, क्वेटा में मुफ्ती अब्दुल पर चली ताबड़तोड़ गोलियां

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों को सफाया हो रहा है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) के वरिष्ठ नेता मुफ्ती अब्दुल बाकी नूरजई की रविवार रात क्वेटा के एयरपोर्ट रोड पर हत्या कर दी गई। अज्ञात बंदूकधारियों ने उसपर गोलियां चलाई। पुलिस ने जानकारी दी कि हमले में वो बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया।

**बलूच विद्रोहियों ने सेना पर किया हमला:** बता दें कि रविवार को क्वेटा में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने आतंकी हमले को अंजाम दिया है। क्वेटा के ताफ्तान जा रहे सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई। वहीं, 21 घायल हो गए। बलूच लिबरेशन आर्मी ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी भी ली है। बताते चलें कि रविवार को पाकिस्तान में आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के मोस्ट वांटेड आतंकी अबु कताल सिंघी की हत्या कर दी गई है। शनिवार रात 8 बजे अबु कताल को मौत के घाट उतार दिया गया। उसने भारत में भी कई बड़े हमलों को अंजाम दिया था।

## प्रधानमंत्री ओली का राजशाही समर्थकों पर कटाक्ष

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने राजशाही समर्थक समूहों पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि लोकतंत्र एक 'राजमार्ग' की तरह है, जिसमें कोई 'रिवर्स गियर' नहीं होता, केवल कभी-कभार तीखे मोड़ के कारण क्षणिक रूप से गति धीमी करनी पड़ती है। उन्होंने इसके साथ ही आगे बढ़ने पर जोर दिया। पिछले हफ्ते पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के सैकड़ों समर्थकों ने राजधानी में उनके स्वागत में रैली निकाली थी। ज्ञानेंद्र (77) पिछले सप्ताह रविवार को जैसे ही देश के विभिन्न भागों में धार्मिक स्थलों का दर्शन कर पोखरा से काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे, समर्थकों ने उनके पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए। इस रैली का उद्देश्य नेपाल में राजशाही की पुनः स्थापना के प्रति समर्थन प्रदर्शित करना था। ओली ने रविवार को यहां महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए राजशाही समर्थक समूहों द्वारा हाल ही में किए गए विरोध प्रदर्शनों की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, ''हमें हमेशा आगे बढ़ने की जरूरत है। पीछे मुड़ना नहीं चाहिए। रिवर्स गियर (वाहन को पीछे ले जाने में सक्षम) कभी-कभी तब लगाया जाता है जब सड़क पर तीखे मोड़ हों। राजमार्ग पर कोई 'बैक गियर' नहीं है और लोकतंत्र हमारा राजमार्ग है।''

# 11 साल में ब्राजील में हिंदू आबादी में धमाकेदार बढ़ोतरी

**ओटावा, एजेंसी।**
ब्राजील, जो एक बहुधार्मिक और सांस्कृतिक विविधता वाला देश है, की धार्मिक जनसांख्यिकी में पिछले कुछ दशकों में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। इस देश में जहां रोमन कैथोलिक धर्म प्रमुख है, वहीं हिंदू और मुस्लिम समुदायों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इन बदलावों के कारण ब्राजील की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान में नई विविधताएं जुड़ रही हैं।

ब्राजील में हिंदू धर्म की शुरुआत लगभग दो शताब्दियों पहले भारतीय प्रवासियों के साथ हुई थी, लेकिन हाल के वर्षों में इस धर्म का प्रभाव बढ़ा है। 2000 की जनगणना के अनुसार, ब्राजील में केवल 2,905 हिंदू थे, जो इस बात को दर्शाता है कि तब हिंदू धर्म की उपस्थिति बहुत सीमित थी। हालांकि, 2011 तक यह संख्या बढ़कर 9,500 हो गई और 2020 तक हिंदू आबादी लगभग 21,200 तक पहुंच गई। इस वृद्धि के पीछे मुख्य कारण हिंदू धर्म के प्रति बढ़ती रुचि, प्रवास, और भारतीय समुदाय का



बढ़ता प्रभाव है। हालांकि हिंदू समुदाय ब्राजील की कुल जनसंख्या का केवल 0.005 प्रतिशत है, फिर भी यह वृद्धि हिंदू धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण संकेतक है। साथ ही, यह ब्राजील की धार्मिक विविधता को भी बढ़ावा देता है। हिंदू धर्म के अनुयायी विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक, और सामाजिक पहलुओं के माध्यम से ब्राजील की संस्कृति में योगदान दे रहे हैं, जिसमें भारतीय त्यौहारों की सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों का आयोजन प्रमुख है।

ब्राजील में मुस्लिम समुदाय की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। 2010 की जनगणना के अनुसार, ब्राजील में 35,200 मुसलमान थे, लेकिन 2020 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 1.2 से 1.5 मिलियन के बीच पहुंच गई। यह वृद्धि मुख्य रूप से अप्रवासी मुस्लिमों की बढ़ती संख्या और स्थानीय मुस्लिम समुदायों की सक्रियता के कारण हो रही है। ब्राजील में मुस्लिम समुदाय की बढ़ोतरी के पीछे मुख्य कारण मध्य पूर्व, अफ्रीका, और अन्य मुस्लिम देशों से हुए प्रवास हैं। इसके अलावा, ब्राजील में मुस्लिम धर्म के प्रचार-प्रसार के प्रयास भी इसका हिस्सा हैं। मुस्लिम संगठनों ने शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से ब्राजील के विभिन्न हिस्सों में मुस्लिम धर्म की उपस्थिति को मजबूत किया है। इस वृद्धि ने ब्राजील में धार्मिक सहिष्णुता और विविधता को बढ़ावा दिया है, जिससे यह देश दुनिया भर में एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है कि विभिन्न धर्मों के लोग एक साथ शांति से रह सकते हैं। मुस्लिम समाज भी ब्राजील की सांस्कृतिक विविधता में अपना योगदान दे रहा है, खासकर अपने पारंपरिक रिवाजों, त्यौहारों और समुदाय सेवा के माध्यम से। ब्राजील में विभिन्न धर्मों के अनुयायियों की बढ़ती संख्या और उनके बीच सहिष्णुता की भावना ब्राजील को एक सांस्कृतिक दृष्टिकोण से समृद्ध बना रही है।

# बोकारो वेयरहाउस के समक्ष ठेका मजदूरों का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन





## मांगें 20 मार्च तक पूरी नहीं हुईं तो कार्य होगा ठप्प : एस के वर्मा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध लोडिंग अनलोडिंग मजदूर संघ के बैनर तले बोकारो वेयरहाउस में कार्यरत सैकड़ों ठेका मजदूरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। कहा गया कि बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने, वेतन में बढ़ोत्तरी सहित अन्यान्य लम्बित मांगो पर प्रबंधन की वादाखिलाफी और टाल-मटोल का रवैया अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शनकारी मजदूरों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष एस के वर्मा ने सीएमओ प्रबंधन को आगाह किया कि पिछले मार्च महीने में यूनियन की ओर से प्रेषित मांग-पत्र पर सहायक श्रमायुक्त (केन्द्रीय), धनबाद ने संज्ञान लेते हुए लिखीत सुझाव दिया था कि प्रबंधन तथा यूनियन द्विपक्षीय वार्ता आयोजित कर शांतिपूर्ण समाधान हेतु पहल करते हुए श्रम विभाग को सूचित किया जाय। इस सम्बन्ध में शाखा प्रबंधक-सह-मुख्य नियोजक, वेयरहाउस प्रबंधक एवं ठेकेदार प्रतिनिधि के साथ मजदूर प्रतिनिधियों की 3-4 दौर की वार्ता हुई लेकिन खोखले आश्वासनों के अतिरिक्त अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। श्री वर्मा ने बताया कि प्रबंधकों के टाल-मटोल के रवैये से कुपित होकर 19 फरवरी 2025 को यूनियन द्वारा अपने 9 सूत्री मांगो को प्रेषित करते हुए सूचित कर दिया गया कि यदि 20 मार्च के पूर्व मजदूरों की मांगे पूरी नही हुई तो प्रातः 8 बजे से मैटेरियल डिस्पैच ठप्प करने के लिए हम बाध्य हो जायेंगे। श्री वर्मा ने चेतावनी भरे लहजे में सीएमओ प्रबंधन को आगाह किया कि वेयरहाउस के ठेका मजदूरों के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करने के लिए अब और इजाजत नहीं दी जा सकती। वेयरहाउस के धूल भरे वातावरण में पसीना बहाने, कैंटीन की सुविधा का अभाव, रेस्टरूम और शौचालय की बदतर हालत तथा पीने के लिए शुद्ध जल के लिए भी जुझते हुए कार्य की प्रकृति के अनुसार मजदूरी का भुगतान करने सहित अन्यान्य लम्बित समस्याओं पर हम चुप्प नहीं बैठ सकते। अतः हम अब सीधे संघर्ष पर उतरने का फैसला कर चुके हैं। इस अवसर पर उपस्थित झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष श्रीकृष्णा राय ने मजदूरों को संबोधित करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि आपकी सभी जायज मांगो पर हम प्रदेश तथा केन्द्र सरकार के सामने भी उठायेंगे तथा सेल प्रबंधन से सम्मानजनक समाधान के लिए प्रयास करते रहेंगे। प्रदर्शन में बोकारो जिला भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी तथा बिआडा प्रभारी महेश राय ने भी मजदूरों के संघर्ष का समर्थन किया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पी सी दूबे, अवधेश राय, बोकारो जिला बी एम एस तथा उपस्थित ठेका मजदूरों में चंदुलाल मांझी, ओमप्रकाश मिश्रा, राजू पाल, नवीन विश्वास, मुनमुन मिश्रा,भोला पोद्दार, शंभु झा, गोविंद विश्वकर्मा, मुकेश सिंह, बीरेन्द्र सिंह, रामू साह, बालमुकुन्द, सुबोध गोप,धर्मेंद्र सिंह,रामचन्द्र सोरेन, तुरम चम्पिया, लोकनाथ बिरुली, मोकरो समद,सूरज जोंके, रोबिन यादव, बबलू यादव, प्रमोद यादव, राजू आश, सुधीर महतो, साहब तुंग, कृष्णा साह, गौर गोप, मंगल गोप,रामप्रकाश नाविक, रामराज, राजा साव सहित सैंकड़ों मजदूर शामिल थे।

# छात्रा को ब्लैकमेल करने का आरोपित छात्र गया जेल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो की रहने वाली सिल्ली पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा कर रही थर्ड सेमेस्टर की 17 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म व दुष्कर्म का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सिटी थाना में दर्ज कराया गया है। सिटी पुलिस ने पीड़ित छात्रा की मां की लिखित शिकायत पर उसी कॉलेज में पढ़ाई कर रहे बोकारो के जैनामोड निवासी एक छात्र के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है। इस मामले में आरोपी छात्र को पुलिस ने पड़कर जेल भेज दिया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार कॉलेज में पढ़ाई के दौरान आरोपी ने छात्रा से संपर्क बनाया। जान पहचान का फायदा उठाकर धोखे से शारीरिक संबंध बनाया। इतना ही नहीं जबरन दुष्कर्म की वीडियो बना लिया। इसके बाद उस वीडियो को वायरल करने का भय दिखाकर लंबे समय तक हैवानिय करता रहा। साथ ही वीडियो का भय दिखाकर घर से गहने लाकर देने का दबाव बनाया। लोक लज्जा से बचने के लिए छात्रा ने घर से लगभग 12 लाख मूल्य के गहने आरोपी को दे दिया। पर उसकी मांग में कोई कमी न आई। तंग आकर छात्रा ने परिजनों को विश्वास में लेकर घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाने में केस दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी सुदामा दास ने बताया कि लिखित सूचना मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है मामले की जांच की जा रही है। आरोपी छात्र ने पीड़ित छात्रा के घर से जेवरात मंगा कर महंगा मोबाइल खरीदा।



# अपने दोस्त के साथ मिलकर पिता ने किया बेटी से दुष्कर्म

## पिता फरार दूसरा दुष्कर्मी पुलिस गिरफ्त में

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना इलाके में शनिवार की रात रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है जहां पिता और उसके दोस्त ने मिलकर अपनी नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस के संज्ञान में मामला आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, वही पिता की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। दवा दिलाने के बहाने लक्खी अपनी अपनी कार से बच्ची को ले गया। रास्ते में कार पर बच्ची का पिता भी सवार हो गया। लक्खी ने सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसका पिता मौजूद था। आरोप के अनुसार पिता ने दोस्त का सहयोग किया। बाद में पिता ने भी बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह बच्ची को लेकर घर आया और उसे छोड़कर फरार हो गया। बच्ची ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। मां ने थाना जाकर प्राथमिकी कराई। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानेदार ने नवीन सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता फरार है। पुलिस बहुत जल्द गिरफ्तार कर लेगी। छापेमारी चल रही है। पीड़ित नाबालिक का इलाज के साथ कोर्ट में बयान भी दर्ज कराया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।



# अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) के नेतृत्व में हरला थाना अंतर्गत तेलमच्चों ब्रिज के इंटेक वेल के समीप दामोदर नदी क्षेत्र में खनन टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें अवैध रूप से बालू लोड करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। उक्त मामले में संलिप्त एक वाहन मालिक एवं एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पु.अ.नि रवि कुमार, हरला थाना एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

# जनता दरबार में 27 मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 27 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, अनुमंडल पदाधिकारी चास, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि विभाग, जरीडीह अंचल कार्यालय, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, विधि शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ चंद्रपुरा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी कार्यालय आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



# स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के आदेश की हो रही अवहेलना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के आदेश की अवहेलना की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग में मैन पावर सप्लाई का निविदा ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन निकाल डीसी ने सीनियर अधिकारियों के आदेश की अवहेलना की है। उपरोक्त आरोप झारखंड कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बोकारो में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लगाया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा, जब बोकारो के सिविल सर्जन से इस मुद्दे पर बात की तो उन्होंने पूरी प्रक्रिया डीसी के द्वारा संचालित करने की कही बात। प्रमोद कुमार ने बताया कि 6 मार्च को स्वास्थ्य विभाग बोकारो के द्वारा नियम विरुद्ध निविदा निकाली गई। जिसमें कई ऐसे शर्त डाले गए जो होली की छुट्टी होने के कारण पूरा नहीं किया जा सकता है। पूरे राज्य में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव के निर्देश पर ऑनलाइन निविदा निकाली जाती है, लेकिन बोकारो डीसी ने खुद से निविदा शर्त बनवाई और ऑफलाइन टेंडर निकाल दिया जो पूरी तरह से वरीय पदाधिकारी के आदेश के विपरीत है। निविदा में जो शर्त डाली गई है, उसमें प्रेजेंटेशन के लिए 50 अंक रखा गया है, जो कि किसी खास एजेंसी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। ऐसा नियम पूरे राज्य में कहीं नहीं है। प्रमोद कुमार ने कहा कि इस मामले को लेकर प्रधान सचिव और मुख्यमंत्री से भी मामले की जांच करने की मांग की जाएगी क्योंकि पूरी प्रक्रिया त्रुटि पूर्ण है और गैर संवैधानिक है। डीसी सहित जो भी पदाधिकारी इसमें इंवॉल्व है उन पर कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल जिला से हटाने का काम किया जाए।



# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव के साथ उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी करेंगे बैठक

## निर्वाचन आयोग के स्तर से निर्गत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों से कराया जाएगा अवगत, महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी होगा विचार-विमर्श

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल एवं मान्यता प्राप्त राज्य राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव को विचार-विमर्श के लिए आमंत्रित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शशि रंजन द्वारा 19 मार्च 2025 को अपराह्न 01:30 बजे से समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल एवं मान्यता प्राप्त राज्य राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से निर्गत महत्वपूर्ण दिशा-निदेशों से अवगत कराया जायेगा। साथ ही महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श होगा। विदित हो कि भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल 2025 तक एफ्ढ, ऊएड या उएड के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। उक्त निदेश के आलोक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शशि रंजन द्वारा बैठक आयोजित की जा रही है। इससे पहले 4 एवं 5 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है। राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।



# भाकपा माले द्वारा प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निरसा के मुगमा स्थित डाक बंगला में भाकपा माले द्वारा एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी का झंडोत्तोलन एवं शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर हुई। विभिन्न क्षेत्रों से आये कार्यकर्ता, प्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें। ज्यादातर वक्ताओं ने निरसा विधानसभा में अस्पताल, उद्योग के मामले को जोरदार ढंग से उठाया। सभी ने इसके लिए एक रणनीति तैयार करने की बात कही। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने कहा की इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी एकजुट करने की दिशा में उठाया गया कदम है। जिस तरह से विपक्षी आहिस्ता आहिस्ता अपना पैर जमा रही है। उसको विफल करने का एक ही मन्त्र है एकजुट रहना। जबतक हमसब एकजुट नहीं होंगे विपक्षी इसका लाभ हमेशा उठाते रहेंगे हम सबों को बूथ स्तर की कमेटी गठन करनी होगी।वही मईया सम्मान योजना की राशि को कई महिलाओं को होल्ट पर रखा गया हैं जिसके कारण कई महिलाओं के खाते में अब तक मईया सम्मान योजना की राशी नहीं मिली है के बारे में पूछे जाने पर कहा की जो भी लाभूक सारे मापदंड को पूरा करती है। उसको मईया सम्मान योजना का लाभ अवश्य मिलेगा। फिलहाल निरसा में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र है। उसे पांडरा स्थित रेफरल अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा। तथा निरसा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ट्रोमा सेंटर के रूप में तब्दील कर दिया जाएगा। इसके अलावा चिरकुण्डा स्वास्थ केंद्र को भी जल्द अपग्रेट किया जाएगा। इस मौके पर उपेन्द्र सिंह,बादल बाउरी,अगम राम, हरेंद्र सिंह,मनोरंजन सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अफीम की खेती छोड़ वैकल्पिक खेती अपनाने हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया जनजागरूकता अभियान

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा आज कर्रा प्रखंड समेत अन्य प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग इत्यादि जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। इस दौरान किसानों को जागरूक करने हेतु पम्पलेट का भी वितरण किया गया। जिला प्रशासन का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।



# साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचना गोष्ठी आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी भाषाविद् व साहित्यकार पं. उदय कुमार झा के सेक्टर 2 स्थित आवास पर आयोजित हुई। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन व आराधना मल्लिक की अध्यक्षता में आयोजित इस रचनागोष्ठी में रचनाकारों ने धर्म, संस्कृति, होली, सामाजिक ताना-बाना आदि विषयों पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर सबको प्रभावित किया। शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि के गायन से हुई। पं. उदय कुमार झा ने संस्कृत में अपनी रचना भगवती वंदना 'कालीश्वरी' प्रस्तुत करने के बाद मैथिली मे 'गति' व 'थेथर', अमन कुमार झा ने 'अभाग', शैलजा झा ने 'स्त्री आ बुद्ध', 'संबंधक करेज', विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति' ने 'काल्हिए थिकै होली' एवं 'कर्म और विश्वास', अरुण पाठक ने 'होली पावनि अछि मनभावन एकरा सभ मिलि संग मनाउ...', डॉ रणजीत कुमार झा ने 'रे कोइली कुहुक ने बांचत प्राण..', बुद्धिनाथ झा ने संस्कृत के महत्ता को दशार्ती 'संस्कृत आ संस्कृति' शीर्षक मैथिली कविता में 'संस्कृत संस्कृति अछि एकरा बचाउ..' आराधना मल्लिक ने 'तोरे जड़े हमहूं जयबो' व सुधापति की रचना 'पशुपतिनाथ' सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। पठित रचनाओं पर समीक्षा टिप्पणी वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, विजय शंकर मल्लिक 'सुधापति', उदय कुमार झा, राजेन्द्र कुमार, बटोही कुमार आदि ने दी।



# एक 'नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से मार्च 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 43 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज दिनाँक 17 मार्च को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा "एक नए सफर की शुरूआत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन - अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ श्री कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया. उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी. बन्धन बैंक के अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. नगर प्रशासन विभाग से श्री जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में बताया. सुश्री फिजा परवीन,ओ.सी.टी.(मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com